सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.6 न्यू | 30.6 अधि |
| धर्मशाला | 22.2 न्यू | 35.3 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75410.39 |
| निफ्टी | 22957.10 |
| सोना | 70,770 |
| चांदी | 92,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में हारी सिंधू

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 27 मई, 2024 | 14 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 159, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

अनंत ज्ञान अपील: वोट के लिए निकालें समय, जिम्मेदारी कभी न टालें

## न्यूज शॉर्ट्स

### बीएसएफ ने बॉर्डर पर पकड़ा 12 करोड़ का सोना

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ ने सोने की बड़ी खेप पकड़ी गई है। जब्त सोने की कीमत 12 करोड़ है। जवानों ने एक आरोपी गिरफ्तार किया है। स्मगलर 25 मई को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के दौरान बांग्लादेश से भारत की तरफ पश्चिम बंगाल में लाने में कामयाब हो गए थे। बीएसएफ पश्चिम बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी एके आर्य ने बताया कि इस जब्ती में बीएसएफ को 16 किलो से अधिक वजन के सोने के 89 बिस्कुट बरामद किए हैं।

### मणिपुर में बांध के पास तीन आईईडी बरामद



**इंफाल।** मणिपुर में सेना ने रविवार को इंफाल पूर्वी जिले के मफो बांध के पास तीन आईईडी बरामद किए, जिन्हें निष्क्रिय कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि माफो बांध के पास नोंगठेम तांगखुल और एतम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर ये आईईडी बरामद किए गए हैं। सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च अभियान चलाया है।

### लेह जा रहे प्लेन से पक्षी टकराया, सभी सुरक्षित




**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट के इंजन से पक्षी टकरा गया। इस कारण बोइंग 737-7 आधे घंटे बाद एयरपोर्ट लौट आया। फ्लाइट में 135 लोग सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि विमान की सामान्य लैंडिंग हुई।

### वानुआतू में लगे भूकंप के झटके, 6.4 तीव्रता



**मेलबर्न।** दक्षिण प्रशांत द्वीप देश वानुआतू में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, लेकिन इससे सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप से कोइ जानी नुकसान नहीं हुआ है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के अनुसार, भूकंप के झटके सुबह 9:23 बजे महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 6.3 थी, जिसका केंद्र राजधानी पोर्ट विला से 83 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 29 किलोमीटर की गहराई पर था।

## अनंत व्यंग्य




# पैसों के दम पर भाजपा गिराना चाहती थी राज्य सरकारें : राहुल

## नाहन और ऊना में की जनसभाएं, कहा- भ्रष्ट लोगों की भाजपा में आसानी से एंट्री

**अनंत ज्ञान टीम, नाहन/ऊना**

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने रविवार को सिरमौर के नाहन में शिमला लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी और ऊना में हमीरपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार सतपाल रायजादा के समर्थन में जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि सत्ता के लिए भाजपा पैसों के दम पर राज्यों की सरकारें गिराना चाहती थी। अब जनता भाजपा की साजिशों को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट लोगों को भाजपा में आसानी से एंट्री दी जा रही है। केंद्र सरकार झूठ के दम पर सत्ता में है।

युवाओं को रोजगार की जगह अग्निवीर योजना की ओर धकेला गया। सेना में दोहरे मापदंड नहीं हो सकते। कांग्रेस सत्ता में आते ही भाजपा सरकार की अग्निवीर योजना को बंद करेगी। मनरेगा की तर्ज पर पढ़े-लिखे युवाओं को भी पहली नौकरी के अधिकार के तहत एक साल की नौकरी दी जाएगी। कांग्रेस सत्ता में आते ही पात्र महिलाओं के खाते में 8500 रुपए भेजना सुनिश्चित करेगी। आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का मानदेय दोगुना किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि हिमाचल की 6 विधानसभा सीटों और लोकसभा की चार सीटों पर कांग्रेस भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी।

**कांग्रेस सत्ता में आते ही बंद करेगी अग्निवीर योजना**



ऊना में चुनावी जनसभा के दौरान मंच से लोगों का अभिवादन करते राहुल गांधी।

### परमात्मा से मोदी का डायरेक्ट कनेक्शन

**राहुल** ने चुटकी लेते हुए कहा कि मोदी कहते हैं कि उनका परमात्मा के साथ डायरेक्ट क्नेक्शन है और चमचे इस बात पर ताली बजाते हैं। मंच से राहुल ने कहा कि वह मोदी से पूछना चाहते हैं कि यदि उनका परमात्मा के साथ कनेक्शन है, तो क्या यह बीमारी सुबह होती है या शाम को या दिन में, यह जरूर बताएं। क्या अडानी की मदद के लिए भी परमात्मा ने ही बोला है। प्रधानमंत्री और भाजपा पैसा देकर राज्यों की सरकार की चोरी करते हैं। भ्रष्ट लोग भाजपा में चले गए हैं। भाजपा नेता खुले तौर पर संविधान को बदलने की बात कह रहे हैं। आज लड़ाई संविधान को बचाने की है। हिंदुस्तान की आवाज संविधान में है। इस आवाज को भाजपा नकार रही है। राहुल ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता आजादी के लिए लड़े। भाजपा ने हिमाचल सरकार को गिराने की पुरजोर कोशिश की, लेकिन उसमें कामयाबी नहीं मिली।

### आपदा प्रभावित हिमाचल की मोदी सरकार ने की अनदेखी

**राहुल** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हिमाचल की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पिछले एक दशक में 22 से 25 उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया है, लेकिन आपदा प्रभावित हिमाचल प्रदेश को कोई आर्थिक मदद नहीं की। आपदा ने हिमाचल में भारी तबाही मचाई। 22 हजार परिवार प्रभावित हुए। हमारी कांग्रेस सरकार ने मोदी सरकार से 9 हजार करोड़ रुपए मांगे, लेकिन उन्होंने यह राशि नहीं दी। अडानी ग्रुप हिमाचल में सेब के दामों को कंट्रोल कर रहा है। इससे बागवानों को उनके सेब की उचित कीमत नहीं मिल रही है। हिमाचल के सेब से लेकर देशभर के एयरपोर्ट तक मोदी ने अडाणी के हवाले कर दिया है। मोदी सरकार ने पिछले 10 साल में जो भी काम किया है, वो सिर्फ देश के 20-25 लोगों के लिए हुआ है और इसे विकास का नाम दिया जा रहा है।

# राहुल की रैली फ्लॉप, गारंटियां झूठ का पुलिंदा : अनुराग ठाकुर

## कहा- कांग्रेस के नेता मुद्दों पर कुछ नहीं बोलते, भ्रम फैलाने में लगे रहते



अपने संसदीय क्षेत्र के ऊना जिले में एक जनसभा को संबोधित करते अनुराग ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने ऊना में राहुल गांधी की रैली को फ्लॉप करार दिया। उन्होंने कहा कि राहुल की ओर से दी गई गारंटियां झूठ का पुलिंदा हैं। जैसे सुक्खू की गारंटियां कभी पूरी नहीं हुईं, वैसे ही राहुल की गारंटियां का भी सच्चाई से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है।

अनुराग ठाकुर ने रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र के ऊना जिले में विधायक सतपाल सिंह सत्ती के साथ 1 दर्जन से ज्यादा जनसभाएं कीं। राहुल ने मंच से झूठी गारंटियों की झड़ी लगा दी, क्योंकि उन्हें पता है कि न उनकी सरकार आनी है और न उन्हें गारंटियां पूरी करनी हैं, इसलिए ऊना में कांग्रेसी मंच से सिर्फ झूठ ही परोसा गया। हिमाचल में कांग्रेस को सरकार बनाए 16 महीने बीत गए हैं, लेकिन एक भी गारंटी पूरी नहीं की है। हिमाचल की माताएं-बहनें अभी तक अपने 1500 रुपए प्रति महीने का इंतजार कर रही हैं।

किसान अभी तक 2 रुपए प्रति किलो गोबर और 100 रुपए प्रति लीटर दूध खरीदे जाने का इंतजार कर रहे हैं। युवा 5 लाख नौकरियां का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस के नेता इन मुद्दों पर कुछ नहीं बोलते हैं, बल्कि नए-नए भ्रम फैलाने में लगे रहते हैं। इन सारी गारंटियों को छोड़ कांग्रेस अब नई गारंटियों के चक्कर में पड़ गई है।

**हिमाचल में एक भी गारंटी नहीं हुई पूरी**

### कांग्रेसी चाह रहे थे राहुल यहां न आएं

**अनुराग** ने कहा कि यहां के कांग्रेसी चाह रहे थे कि राहुल गांधी न आएं, क्योंकि वह जब भी आते हैं तब उनका नुकसान कर के जाते हैं। हमारे लिए तो बेहद अच्छा है कि राहुल गांधी यहां आ रहे हैं। जनता के कुछ सवाल हैं, जिनका उन्हें उत्तर अवश्य देना चाहिए। भारत के टुकड़े-टुकड़े का नारा देने वालों को उन्होंने कांग्रेस पार्टी में क्यों शामिल किया? कांग्रेस पार्टी और राजीव गांधी फाउंडेशन ने चीन से पैसे क्यों लिए? कर्नाटक, तेलंगाना में एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का 5 फीसदी आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को क्यों दिया और क्या हिमाचल में भी इसकी तैयारी है?

### दिल्ली के बेबी केयर सेंटर में आग से 7 बच्चों की मौत, पांच घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विवेक विहार स्थित बेबी केयर सेंटर में शनिवार देर रात को आग लगने से 6 नवजात की मौत हो गई। पांच का रेस्क्यू किया गया है। दोमंजिला बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर था। इसमें कुल 12 बच्चे भर्ती थे। दिल्ली फायर सर्विस चीफ अतुल गर्ग ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है।

हालांकि, शुरुआती जांच में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है। बेबी केयर सेंटर के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर अवैध ऑक्सीजन सिलेंडर रिफिलिंग का काम चल रहा था। पुलिस ने चाइल्ड हॉस्पिटल के मालिक नवीन किची को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने घटना की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को सभी जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है।

### राजकोट हादसे पर हाईकोर्ट का कड़ा संज्ञान

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट में टीआरपी गेम जोन में आग लगने से 32 लोगों की मौत हुई है। गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को हिरासत में ले लिया है। गुजरात उच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ ने इस घटना पर कड़ा संज्ञान लिया। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के वकीलों को निर्देश दिया कि वे सोमवार को पेश हों। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने की घोषणा की है। गुजरात सरकार ने भी मृतकों को चार-चार लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए देने का ऐलान किया है।

### ब्यास में फोटोग्राफी कर रहे दो पर्यटक बहे, युवती का शव बरामद

**मनाली।** मनाली के नेहरुकुंड के पास फोटोग्राफी कर रहे दो पर्यटक ब्यास नदी में बह गए। पुलिस ने युवती का शव बरामद कर लिया है, जबकि युवक की तलाश जारी है। बहे पर्यटकों की पहचान रुचि तिवारी (22) पुत्री हनुमान प्रसाद तिवारी निवासी मध्यप्रदेश और सौरभ एन शाह (33) पुत्र स्वर्गीय निखिल बी शाह हैदराबाद तेलंगाना के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही डीएसपी मनाली केडी शर्मा व थाना प्रभारी मुकेश राठौर मौके पर पहुंचे। डीएसपी मनाली ने बताया कि युवती का शव बरामद कर लिया है और युवक की तलाश जारी है।

### चक्रवात रेमल को लेकर अलर्ट, समुद्र में 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका

## कोलकाता एयरपोर्ट से 21 घंटे के लिए उड़ानें रद्द

**एजेंसी, कोलकाता**

**बंगाल** की खाड़ी में उठे चक्रवात रेमल के पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपाड़ा के बीच रविवार रात को टकराने की आशंका है।

मौसम विभाग ने बताया कि चक्रवाती तूफान 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तट से टकरा सकता है। इस दौरान समुद्र में 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका है, जिससे तटीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाके डूब सकते हैं। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव 25 मई को शाम 5.30 बजे चक्रवाती तूफान 'रेमल' में बदल गया है। चक्रवात रेमल के कारण पूर्व रेलवे और दक्षिण पूर्व रेलवे की दर्जनों ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं, कोलकाता एयरपोर्ट से 21 घंटे के लिए उड़ान सेवाएं बंद रहेंगी। कुल 394 उड़ानें हवाई अड्डे से संचालित नहीं होंगी।

### तूफान से निपटने को नौसेना तैयार

**बंगाल** की खाड़ी में चक्रवाती तूफान से निपटने के लिए भारतीय नौसेना ने व्यापक तैयारी की है। नौसेना ने दो जहाजों के साथ कई तरह के हेलीकॉप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा है। चक्रवात 26/27 मई की मध्यरात्रि तट को पार कर जाएगा। भारतीय नौसेना ने चक्रवात रेमल से मुकाबला करने को प्रारंभिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**हाय गर्मी!** हिमाचल में तीन दिन हीटवेव का येलो अलर्ट, लोगों का हाल बेहाल

# ऊना 44 डिग्री पार, दो दिन बंद रहेंगे स्कूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश के ऊना जिले का अधिकतम तापमान रविवार को 44.4 डिग्री तक पहुंच गया। इसके चलते ऊना जिले के सभी सरकारी और निजी प्री-प्राइमरी और प्राइमरी स्कूल 27 और 28 मई को बंद रहेंगे।

भयंकर गर्मी के चलते डीसी जतिन लाल ने यह आदेश जारी किए हैं। जिन स्कूलों में 27 और 28 मई को परीक्षाएं निर्धारित हैं, वहां परीक्षाएं सुबह 7 बजे से 11 बजे तक आयोजित करने को कहा गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार मैदानी व मध्य पर्वतीय इलाकों में 30 मई तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। वहीं, 26 से 28 मई तक हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। 31 मई को प्रदेश के कई भागों में बारिश की संभावना है। उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर 29 से 31 मई तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। रविवार को शिमला सहित प्रदेश के अन्य भागों में मौसम साफ रहा। भारी गर्मी के चलते मैदानी क्षेत्रों से पर्यटक हिमाचल के पहाड़ों की ओर रुख कर रहे हैं।



**अधितम तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | 44.4 |
| बिलासपुर | 42.9 |
| धौलाकुआं | 42.8 |
| हमीरपुर | 42.1 |
| कांगड़ा | 40.2 |
| चंबा | 39.9 |
| मंडी | 39.4 |
| सुंदरनगर | 39.8 |
| नाहन | 38.9 |
| भुंतर | 37.4 |
| सोलन | 37.2 |
| शिमला | 30.6 |






## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# मोदी ने तोड़ा युवाओं का सेना में जाने का मनोबल : शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



देश के इतिहास में भाजपा का दस साल का शासन काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। क्योंकि भाजपा ने 10 साल में ऐसे काले कारनामें किए हैं, जिसे देश की जनता याद ही नहीं रखना चाहेगी। यह बात कैबिनेट मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने प्रेस वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश में सेना भर्ती को खत्म कर जो अग्निवीर योजना लाई है, उससे दुनिया के सबसे युवा देश भारत के नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो गया है। बीते तीन वर्षों से सेना में एक भी युवा शामिल नहीं हो पाया है। एक स्वतंत्र देश के पीएम मोदी ने तानाशाही अपनाकर एक ओर जहां लोकतंत्र और संविधान को खतरे में डालने का काम किया है, तो दूसरी ओर एक ऐसी अग्निवीर योजना लाई है, जहां 25 साल का युवा जवानी में ही रिटायर हो जाएगा, जबकि हमारे देश में सरकारी नौकरी करने पर भी 60 वर्ष बाद रिटायर होता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी खुद 74 साल के हैं और अगले साल अपने ही बनाए नियम के तहत राजनीति से भी रिटायर होने वाले हैं, लेकिन इन दिनों 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में देश की जनता से एक और मौका मांग रहे हैं, जो अब उनका सपना पूरा होने वाला नहीं है।

## वोट के लिए धमका रहे मंत्री: मार्कंडेय

**केलांग।** पूर्व मंत्री एवं लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि मंत्री जगत सिंह नेगी व सीपीएस सुंदर ठाकुर लाहौल-स्पीति की जनता को डरा धमका रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं पर लाहौल-स्पीति में आकर दादागिरी करने और यहां की जनता को डराने व धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मंत्री जगत सिंह नेगी व सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर यहां की जनता को वोट के लिए डरा धमका रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता भूल गए कि लाहौल की जनता दादागिरी सहन नहीं करती है और न ही किसी से डरती है। उन्होंने कहा कि यह किन्नौर व कुल्लू-मनाली नहीं है, बल्कि लाहौल-स्पीति है, जो यहां की जनता को डराती है, उन्हें मुंहतोड़ जवाब देती है।

# प्रधानमंत्री मोदी की रैली में भीड़ देख बौखलाई कांग्रेस : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के हिमाचल प्रवास से भाजपा कार्यकर्ताओं में एक नया जोश, उत्साह और एक नई उमंग आई है।

हिमाचल के जनमानस ने दोनों नेताओं को सिर-आंखों पर बिठाया और भारी संख्या में आकर भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि यह इस बात का द्योतक है कि एक जून को होने वाले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी चारो लोकसभा सीटें और 6 विधान सभा सीटें भारी बहुमत से जीतने जा रही है। यह स्पष्ट हो चुका है और इससे कांग्रेस पार्टी के अंदर भी हलचल पैदा हो गई है। जिस प्रकार से अग्निवीर योजना के बारे में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस को खरा जवाब दिया, उससे कांग्रेस का झूठ पकड़ा गया।

### उदयपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**केलांग।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता से वादा किया था कि जैसे ही सरकार की पहली कैबिनेट बैठक होगी, वैसे ही यहां पर सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों को भरा जाएगा। युवाओं को रोजगार के नए द्वार खोल कर दिया जाएंगे, लेकिन प्रदेश की जनता आज तक उसे कैबिनेट बैठक का इंतजार कर रही है। यह बात हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष राजीव बिंदल ने रविवार को लाहौल घाटी के उदयपुर में कही। उन्होंने अपने दौरे के चलते लाहौल-स्पीति के उदयपुर मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने चुनावों को लेकर भी चर्चा की और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पूरी मेहनत के साथ गांव में लोगों के साथ संपर्क करें और भाजपा के प्रत्याशी रवि ठाकुर की जीत को सुनिश्चित करें।

## चुनावी चुटकी

### इसलिए साहब नहीं करते बहस



**आज** समझ में आया साहब आमने-सामने की बहस से क्यों डरते हैं। मीडिया में भी चुनिंदा लोगों को ही क्यों बुलाते हैं। डरते भी हैं और गुर्राते भी हैं। साहब का दस साल से अंदाज ही कुछ ऐसा है कि किसी से भी नहीं बतियाते हैं। अपनी बात सुनाते हैं किसी दूसरे की कोई बात नहीं सुनते हैं। आज पता चला कि उनकी मजबूरी क्या है और क्यों वह बहस से डरते हैं। चलते भी हैं तो नजर कैमरे पर होती है, हर बात में कुछ कहानी छिपी होती है। समझ आया कि क्यों वे इंटरव्यू से इतलाते थे, कुछ भी हो विदेश की बात सुनाते थे। अब जिनको पप्पू बनाया था, उन्होंने किस्सा बताया है, लोगों की समझ में भी कुछ-कुछ आया है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और महंगाई पर क्यों नहीं करते बात। कुछ चाटुकारों से वाहवाही के लिए लिखी जाती है स्क्रिप्ट विशेष, बेशक देने पड़ जाएं किसी की भी जांच के आदेश। समझ अब आया है कि साहब पप्पू दुनिया को बना रहे थे, किसी को टोपी तो पहना रहे थे। हद ही अब हो गई है भारी, साथ देने को भी नहीं मिल रही सवारी। रौनकी ताऊ जिनको समझते थे अनाड़ी, वह तो निकले हैं बड़े खिलाड़ी। ताऊ ने भी अब नजदीक से भाषण सुना है, साहब को पप्पू ने इसलिए ही बहस के लिए चुना है। पप्पू तो वे दुनिया को बनाते हैं, इसलिए ही तो वो गप्पू कहलाते हैं।

**-राजेश शर्मा**

### आसमान पर प्रचार की जंग

**मेरा** गुब्बारा बहुत ऊंचा है, इतना ऊंचा है कि विरोधी का गुब्बारा दब चुका है। आसमान से प्रचार की जंग छिड़ गई है। आसमान वाला प्रचार का हथियार न होने का रंज था। हथियार आने से अब गुब्बार भी निकल गया है, अपना गुब्बारा लग गया है। प्रचार में कोई क्यों नहीं करेंगे खर्चे, चुनावी बांड के अभी-अभी तो सुनें हैं सबने चर्चे। गुब्बारा एक गुलाबी है, तो दूसरी ओर गुब्बारे में दिखी हरियाली है। हरियाली रंग का चुनाव करने का कारण भी बहुत स्पष्ट बताया गया है। कहते हैं कि हरियाली से खुशहाली लाने का प्रयास हो रहा है। आकाश में भी चुनावी प्रचार की लड़ाई होने लगी है। आकाश से प्रचार का पहले एकाधिकार था, लेकिन हथियार अब विरोधियों के पास भी आ गया है। आकाश में प्रचार की लड़ाई भी आमने-सामने की हो चुकी है। कुछ समय से धरती की ताकत में विरोधी का मुकाबला हो जाता था, लेकिन आसमान की ताकत से मजबूरी में मात खानी पड़ती थी। इस बार कुछ उम्मीद दिखी है, इतनी उम्मीद है कि खुद विरोधी भी मुकाबले की बात कर रहे हैं। कभी तो मुकाबला हो नहीं होता था। अब रौनकी ताऊ की भी बात बड़ी गहरी है। ताऊ का कहना है कि ऊना वाले कुछ बड़ा ही करते हैं। सरकार को हिलाते भी हैं, तो दिग्गजों को संकट दिखाते हैं। 30 साल पहले भी ऊना के नेता ने इतिहास बदला था, अब उस उम्मीद पर निकले तो हैं, लेकिन मजबूत किला अब लोहा हो चुका है, कुछ अलग भी करना होगा।




# राहुल गांधी अग्निवीर के बारे में भ्रम फैलाना करें बंद : कंगना

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत ने रविवार को अपने चुनावी अभियान में भाटकीधार मे राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि जब से राहुल बाबा नेता बने इस देश की राजनीति में बहुत आमूलचूल परिवर्तन हो रहे हैं।

राहुल गांधी ने एक नई परंपरा शुरू की है कि झूठी बातों को ही मुद्दा बनाया गया जाए। इसका एक सबसे अच्छा उदाहरण अग्निवीर योजना का है। उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना के प्रति देश भर में भ्रांति फैलाई जा रही है कि 4 साल के बाद 75 प्रतिशत अग्नि वीरों का कोई भविष्य ही नहीं है, इनका जीवन बर्बाद हो जाएगा पर इस योजना के अंतर्गत अगर 100 जवान अग्निवीर बनते हैं, तो उसमें से 25 प्रतिशत की तो सीधे सेना में परमानेंट पोस्टिंग हो जाएगी और 75 प्रतिशत बचे हुए जवानों के लिए भाजपा शासित सभी राज्य सरकारों ने अपनी पुलिस फोर्स में 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है और केंद्र सरकार के पैरामिलिटरी फोर्स में भी 10 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है।

एक युवा 4 साल सरकारी खर्चे से ट्रेनिंग करेगा और सक्षम हो जाएगा 4 साल उसको अच्छी तनख्वाह के साथ-साथ 4 साल के बाद पेंशन नुमा पूरे जीवन की नौकरी भी मिलेगी। कंगना ने कहा कि इसमें जवानों को कोई नुकसान नहीं होने वाला है।

**कहा- पहले महिलाओं को 1500 से ठगा, अब कांग्रेस कर रही 8500 देने की घोषणा**

राहुल गांधी अपने पार्टी के फायदे के लिए सरासर झूठ लोगों के बीच में फैला रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं।

इस मौके पर कंगना रनौत ने कहा कि कांग्रेस ने पहले प्रदेश में सत्ता में आने के लिए मेरी माताओं, बहनों, बेटियों 1500 रुपए हर महीने देने के नाम पर ठगा और अब उनके राष्ट्रीय नेता हिमाचल में आकर 8500 रुपए प्रतिमाह देने का झूठ फैला रहे हैं।



जनसभा को संबोधित करने के दौरान कंगना रनौत, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य पदाधिकारी।

### कांग्रेस राज में रुका भरमौर का विकास : जयराम

**भरमौर।** भरमौर के हेलिपैड में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व भाजपा सांसद उम्मीदवार कंगना रनौत ने भरमौर में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान रैली स्थल पर महिलाओं व युवाओं ने भारी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान भरमौर पांगी में 22 संस्थान नए खोले गए थे, लेकिन 16 महीने बीत जाने के बाद भी वर्तमान सरकार ने उनके विकास में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाया है। वर्तमान में मोदी सरकार ने धारा 370, राम मंदिर और तीन तलाक बिल लाकर ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि भरमौर में जहां कंगना गांव-गांव गई है, लेकिन कांग्रेस के उम्मीदवार हेलिकॉप्टर का दौरा करके हाथ हिलाकर यहां से चले गए। इस मौके पर कंगना ने केंद्र सरकार की योजना के सहारे लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। इस दौरान भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज ने कहा कि यहां पर सड़क कनेक्टिविटी न होने की वजह से दूसरी जगह पर जाने के लिए लोगों को काफी सफर करना पड़ता है। वहीं, रैली से पहले यहां रैली स्थल पर नेता पहुंच गए थे, जब पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और कंगना रानौत जैसे ही भरमौर हेलिपैड पर पहुंचे रैली स्थल पर सभी कुर्सियां खाली थीं। स्टेज पर लगाएगी कुर्सीयां खाली देख जयराम ठाकुर व कंगना सीधे ही होटल गौरीकुंड चले गए। भरमौर में हुई रैली में उम्मीद के मुताबिक भीड़ जुटाकर विधायक ने जयराम ठाकुर व कंगना रनौत के सामने एक बार फिर अपना कद साबित कर दिया है। भारी संख्या में युवा व महिलाओं की उपस्थिति देखकर जयराम ठाकुर व कंगना रनोत खूब गदगद दिखाई दीं।

# प्रधानमंत्री की रैली रोकने के लिए कांग्रेस ने अपनाए हथकंडे : जयराम




जनसभा के दौरान लोगों का अभिनंदन सविकार करते जयराम ठाकुर व कंगना रनौत।

**एमएम डैनियल/ओपी शर्मा, भरमौर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इस बार के चुनाव में भाजपा को सभी सीटें जिताकर प्रदेश के लोग कांग्रेस को सबक सिखाएंगे। कांग्रेस की तानाशाही का जवाब वोट से देंगे। जब से कांग्रेस सत्ता में आई है, तब से वह सिर्फ और सिर्फ विकास विरोधी काम कर रही है। विकास का सारा काम रोक दिया है, अब कांग्रेस को भी शून्य पर रोकने की जिम्मेदारी प्रदेश के लोगों ने अपने कंधों पर उठा रखी है।

एक जून को प्रदेश के लोग कांग्रेस को अपनी वोट की अहमियत का एहसास करवाएंगे। पूरा हिमाचल प्रदेश अब नरेंद्र मोदी के साथ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने रोजगार देने के नाम पर सत्ता हासिल कर युवाओं को बेरोजगार बनाया है। चाहे वह आउटसोर्सिंग कर्मचारी हों या फिर कोविड स्टाफ, किसी पर भी राज्य सरकार ने रहम नहीं किया।

उन्होंने कहा कि नौकरी से निकालने के इस बात ठिकरा विपक्ष डाल अपनी छवि बेदाग बनाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा पॉलिसी नहीं बना सकी थी तो कांग्रेस सरकार पॉलिसी बनाकर आउटसोर्स और कोविड स्टाफ को नौकरी पर रहने देती, मगर सरकार ने ऐसा नहीं किया, बल्कि रोजगार को बेरोजगारी की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया, जिसका परिणाम लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में पीड़ित कर्मचारी अवश्य देंगे।

इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की रैली को रोकने के लिए षड्यंत्र किए। कहीं, मोदी जी चुनाव के अंतिम दौर में न आ जाएं इसके लिए पड्डुल मैदान को चुनाव प्रचार के आखिरी तीन दिनों के लिए एडवांस में बुक करवा लिया।, जिससे नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए न आ सकें।

अब जब 24 मई को प्रधानमंत्री की रैली हो गई तो कांग्रेस के लोग रैली में आए अपार जनसमूह को देखकर पड्डुल में कोई और रैली ही नहीं करवाना चाह रहे हैं। उनके नेता मानते हैं कि उनके लिए पड्डुल के मैदान को आधा भरना भी मुमकिन नहीं। इसलिए वह अब अपनी जनसभा का स्थान बदल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस को सैनिकों की बात करने का हक नहीं : धूमल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



भारत मां के महान सपूत फील्ड मार्शल मानिक शाह की पेंशन रोक कर रखने वाली कांग्रेस, 1962 में बर्फीले पहाड़ों पर बिना गर्म कपड़ों और हथियारों के अपने सैनिकों को युद्ध में झोंकने वाली कांग्रेस, वन रैंक वन पेंशन के मुददे को लटका कर यूपीए की सरकार के 10 वर्षों में 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले करने वाली कांग्रेस और सर्जिकल स्ट्राइक के बाद सेना के पराक्रम पर सवाल उठाने वाली कांग्रेस को सैनिकों और उनकी पेंशन से जुड़े किसी भी मुद्दे पर बात करने का अधिकार नहीं है। रविवार को हमीरपुर में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने यह बड़ा बयान दिया है। गौरतलब है कि रविवार को कांग्रेस के राहुल गांधी ने प्रदेश के दो स्थानों पर चुनावी सभाओं में अग्निवीर योजना पर सवाल उठाए थे। वहीं, पूर्व सीएम धूमल की उपस्थिति में भाजपा मंडल नादौन ने वरिष्ठ कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन नादौन के पनसाई गांव में किया।

# कांग्रेस बताए कुटलैहड़ के लिए क्या किया: देवेंद्र भुट्टो



**बंगाणा ।** कुटलैहड़ में कांग्रेस पार्टी ने रोजगार के लिए कितनी इंडस्ट्री लगाई है। कितने परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की है। कितनी सड़कों का निर्माण करवाया है। यह विकास का खाका जनता में सार्वजनिक करें। ये शब्द कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने मलांगड़ पंचायत के नारुंह, सासन एवं हटली पंचायत में जनसभा को संबोधित करते हुए कहे। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता उसे अपना समर्थन और आशीर्वाद प्रदान करती है। जिन्होंने कुटलैहड़ की जनता के साथ साफ व्यवहार हर समय जनता के बीच रहकर उनके सुख दुख में भागेदारी जनता की हर समय मदद करना उन्हे आशीर्वाद और समर्थन मिलता है।

# झूठ बोलने से नहीं बढ़ता जनाधारः सुधीर शर्मा

## भाजपा प्रत्याशी ने सीएम पर किया जुबानी हमला, बोले- सत्ता से बाहर जाने को हो जाएं तैयार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने सीएम के खिलाफ फिर मोर्चा खोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने पिछले डेढ़ साल में धर्मशाला के लिए विकास कार्य किए होते तो आज सीएम सुक्खू को वोट मांगने के लिए गली-गली नहीं घूमना पड़ता।

विकास किया होता तो शहर में बड़ी रैली करके अपने काम गिनाते, लेकिन जब किया ही कुछ नहीं तो अब नुक्कड़ मीटिंग करने को मजबूर होना पड़ रहा है। सुधीर शर्मा ने चुटकी लेते हुए कहा कि सीएम की नुक्कड़ मीटिंग में लोगों से ज्यादा कांग्रेसी पदाधिकारी होते हैं। धर्मशाला की जनता तो कांग्रेस से किनारा करके बैठी है, क्योंकि लोगों को पता है कि धर्मशाला का विकास रोकने वाली कांग्रेस और सीएम सुक्खू ही हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि बेशक सीएम गली-गली घूम कर वोट मांगे रहे हैं, लेकिन लोगों का समर्थन नहीं मिल रहा है। इसका साफ मतलब है कि 4 जून के बाद सुक्खू सरकार की विदाई का भी लोग इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में हुई गृहमंत्री अमित शाह की रैली में जुटी भीड़ से मुख्यमंत्री सुक्खू बौखला गए हैं। उन्होंने कहा इस रैली ने चुनावी रुख को बदल दिया है। भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों व छह विधान सभा सीटों पर भारी बहुमतों से विजय हासिल करेगी।




लोगों को अभिवादन स्वीकार करते भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा।

# सुजानपुर मेरा परिवार, विकास व जनसेवा ही मेरी जिंदगी का मकसद: राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए राजेंद्र राणा ने कहा कि राजनीति मेरे लिए जन सेवा का माध्यम है और पूरा सुजानपुर मेरा परिवार है। मैं कभी भी यहां के हितों की अनदेखी नहीं होने दूंगा। इन नुक्कड़ सभाओं में भारी उपस्थिति से गदगद राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर के हर वर्ग के लोगों ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमेशा उन्हें आशीर्वाद दिया है और उनके कदम से कदम मिलाकर चले हैं, जिसके लिए वह यहां के लोगों के ऋणी रहेंगे।

राजेंद्र राणा ने कहा कि 4 जून को चुनावी नतीजे आने के बाद सुजानपुर की अनदेखी का अध्याय समाप्त होगा और केंद्र व प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार बनते ही सुजानपुर के विकास को नए पंख लगेंगे। राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर के चौमुखी विकास के लिए पूरा मास्टर प्लान तैयार किया गया है, जिसे पूरी ताकत से अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा विकास का और जनता की सेवा का एजेंडा सामने रखकर चलता हूं, यही वजह है कि मेरे चुनाव अभियान को लोगों ने अपने मानसम्मान से जोड़ रखा है। इस अभियान में भाजपा का पूरा कैडर भी समर्पित भाव से राजेंद्र राणा के साथ चल रहा है उनके ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है। जबरदस्त गर्मी के बावजूद राजेंद्र राणा की जनसभाओं में उमड़ती भीड़ ने इस चुनाव अभियान को शिखर तक पहुंचा दिया है।



जनसभा को संबोधित करते राजेंद्र राणा।

**सियासत**

## कांग्रेस के उपचुनाव प्रभारी बोले- पूर्व गद्दार विधायक के बारे में बात करना जुबान खराब करने जैसा

# मैं और देवेंद्र सिंह जग्गी एक हैं: रघुवीर सिंह बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

देवेंद्र सिंह जग्गी जब धर्मशाला से चुन कर विधानसभा पहुंचेंगे, तो जग्गी और रघुवीर सिंह बाली इकट्ठे होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ के नेतृत्व में हम दोनों जनहित एवं विकास कार्यों के लिए साथ-साथ चलेंगे। धर्मशाला मेरे परिवार जैसा है, मैं जब भी धर्मशाला लोगों से मिलने आता था तो पूर्व विधायक को लगता था कि मैं उन्हें हराने के लिए आया हूं, जबकि मैं हमेशा पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करता रहा हूं। अब शुक्र है कि पूर्व विधायक पार्टी में नहीं हैं, अब देवेंद्र सिंह जग्गी यहां से विधायक होंगे और जग्गी जानते हैं कि मैं जब भी धर्मशाला आऊंगा तो उनके हाथों को मजबूत करूंगा।

यह बात पर्यटन विभाग चेयरमैन कैबिनेट रैंक एवं धर्मशाला उपचुनाव प्रभारी रघुवीर सिंह बाली ने कही। बाली रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी के चुनाव प्रचार में शामिल हुए और विभिन्न जन सभाओं को संबोधित किया। धर्मशाला उपचुनाव प्रभारी रघुवीर सिंह बाली और कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने खड़ोता, झियोल-1, झियोल-2, पद्धर जगरांगल, घिरथोली, बल्ला पटोला, उथड़ा ग्रां, सकोह, राम मंदिर टीका बनी योल, भट्ठा कॉलोनी योल एवं कंड बड़ू नाग मंदिर दाड़नू सहित विभिन्न क्षेत्रों में जन सभाओं का आयोजन करते हुए चुनाव प्रचार को गति प्रदान की। रघुवीर सिंह बाली ने कहा कि पूर्व विधायक की करतूतें जग जाहिर हो चुकी हैं, उनके बारे में अधिक बात करने से अपनी ही जुवान खराब होगी। उन्होंने कहा कि देवेंद्र सिंह जग्गी पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता हैं और एक आम परिवार से आते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भी एक आम परिवार से हैं। इसलिए वह एक आम व्यक्ति के दर्द का समझते हैं। अपने संबोधन में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपना कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करेगी, अभी सरकार के साढ़े 3 साल बाकी हैं। इन साढ़े 3 सालों में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और कैबिनेट रैंक रघुवीर सिंह बाली का मुझे पूर्ण सहयोग मिलेगा, जिससे धर्मशाला के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी, महापौर नीनू शर्मा, बाघणी पंचायत प्रधान सुरेश कुमार पप्पी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनीत धीमान, राकेश धीमान सहित ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।



जनसभाओं के दौरान लोगों से मिलते धर्मशाला रघुवीर सिंह बाली और कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी।

**जागरूकता अभियान**




चंबा : स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला प्रशासन चंबा द्वारा जिला मुख्यालय में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को स्वीप के नोडल अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**घर से मतदान**



चुवाड़ी : चुनाव आयोग द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं से मतदान करवाया जा रहा है। इस कड़ी में भट्टियात विधानसभा क्षेत्र में मतदान करवाया गया।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



आम व्यक्ति को रोटी कमाकर ही मिलेगी कोई भी नेता नहीं देगा, चाहे बीजेपी का हो या कांग्रेस का। अक्सर देखा जाता है कि नेता जीतने के बाद पूंजीपतियों के ही काम करते हैं। आम लोगों को अपनी बात बताने के लिए लाइनों में लगना पड़ता है। जो उम्मीदवार हैं वह इस बातों को ध्यान में रखें और इस पर अमल भी करें।-**साहिल राणा संसदीय क्षेत्र हमीरपुर**



जिस तरह नौकरी के लिए डिग्री और टेस्ट रखे गए हैं। वैसे ही नेता के लिए भी डिग्री आवश्यक योग्यता हो। सांसद नेता जो कोई भी हो पढ़ा लिखा हो जो जीतने के बाद जनता के बीच काम करे। ऐसा नहीं की जीतने के बाद सीधा वोट मांगने ही आए।
-**राममूर्ति, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र**



अगर देश को शिखर पर ले जा सकता है तो वह नरेंद्र मोदी है। मोदी ने अपने देश के साथ अन्य देश में भी एक पहचान बनाई है। जो आज तक कोई काम नहीं कर पाया वह नरेंद्र मोदी ने किया है। मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। लोगों को इनसे अभी भी काफी उम्मीदें है।-**प्रवीण, शिमला**



अपने मत का प्रयोग सूझबूझ से करें। किसी भी राजनीतिक बहकावे में न आएं, आपका वोट कीमती है। आपका एक वोट आपके भविष्य को उज्ज्वल बना सकता है। आज बेरोजगारी सबसे मुख्य मुद्दा है। इसके लिए राजनेताओं को जमीनी स्तर मजबूत करना चाहिए।-**चेतन शर्मा, संसदीय क्षेत्र हमीरपुर**



भेदभाव के बिना विकास का लक्ष्य हो ऐसे प्रत्याशी को हम वोट करें। पढ़े-लिखे युवा उम्मीदवार राजनीतिक दलों से चुनाव मैदान में उतारे जा रहे हैं। ऐसे में उम्मीदवारों को अपना विजन स्पष्ट रखना चाहिए। मतदान ऐसा महान दान है, जिसे राष्ट्र निर्माण के लिए देना चाहिए।
**सुनील, हमीरपुर**



आज की राजनीति अपने-अपने फायदे के लिए हो रही है और अपने हित में दल बदल किया जा रहा है, जो कि गलत है। आज के समय राजनीति जनता हित में की जानी चाहिए, ताकि विकास को बढ़ावा मिल सके। युवाओं को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करें।
**विजय, हमीरपुर**



देश में बदलाव का दौर चल रहा है। लोग महंगाई से तंग है और देश का युवा बेरोजगार भटक रहा है। देश में ऐसी सरकार की जरूरत है जो रोजगार के साधन बढ़ाए और महंगाई को भी कम करें।इस बार लोग बदलाव को वोट करेंगे।
-**नवीन सूद, कुमारहट्टी, सोलन**

# विपक्षी गठबंधन का मुखिया कौन कांग्रेस के लिए प्रश्न : राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

विपक्षी गठबंधन ऐसा ठगबंधन है जिन्हें यही नहीं पता कि इनका सरताज कौन है। राष्ट्र हित को दरकिनार करके देश विरोधी ताकतों का साथ देने के लिए भारत की जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। यह बातें कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी डॉ राजीव भारद्वाज ने जनसंपर्क अभियान दौरान कहीं।

उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि कल शिमला में पत्रकारों के प्रश्न पर कि विपक्षी गठबंधन से प्रधानमंत्री कौन होगा, तो मल्लिकार्जुन खड़गे का जवाब हास्यास्पद था। ऐसे लोग भारत का नेतृत्व करने के ख्वाब संजो रहे है जिन्हें अपने संभावित प्रधानमंत्री का नाम ही पता नहीं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हिमाचल प्रदेश दौरे से प्रदेश की जनता में एक अलग ही उत्साह का संचार हुआ हैं। मोदी का हिमाचल प्रदेश से विशेष लगाव है और मोदी सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नौ



चुनावी रैली के दौरान कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज।

किलोमीटर लंबी अटल टनल, पर्वतमाला परियोजना और ग्राम सड़क परियोजना शुरू करना, रेलवे के बजट में प्रतिशत की वृद्धि, उड़ान योजना के तहत बद्दी-संजौली में हेलिपैड और नया एयरपोर्ट बनाना, सिरमौर में आईआईएम स्थापित करना इत्यादि अनेकों सराहनीय कार्य हिमाचल प्रदेश के लिए किए हैं।

भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल से राम मंदिर के मुद्दे को लटकाकर रखा था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में इस केस का निर्णय आया, भूमि पूजन हुआ और जनवरी में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी गई।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अपने वोटबैंक के डर से अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं गए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के अथक प्रयासों द्वारा धारा 370 को हटाने के फैसले की सराहना की और कांग्रेस के नेताओं पर पाकिस्तान के परमाणु बम का डर दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा पाकिस्तान के परमाणु बम से डरने वाली नहीं है।

# छोटी काशी के नमक का हक ही अदा कर देते प्रधानमंत्री: विक्रमादित्य सिंह

## कहा-आपदा के समय कहां थे पीएम और कंगना

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे बड़ा जुमलेबाज करार देते हुए कहा कि वह जब भी मंडी आते हैं तो एक ही बात कहते हैं कि उन्हें छोटी काशी की सेपू बड़ियां, मीठा बदाना और मदरा खाना बेहद पसंद है, अगर उन्हें इतना ही पसंद है तो वह आपदा में मंडी में हुए नुकसान की भरपाई के लिए यहां के नमक का हक ही उतार देते।

यह बात उन्होंने सरकाघाट में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते कहीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हुई आपदा में 400 लोगों की मौत हुई, 12,000 करोड़ का नुकसान हुअ, इसके बावजूद भी न तो लोगों के दुख दर्द जानने को पीएम आए और न ही अभिनेत्री कंगना आई।

प्रधानमंत्री और भाजपा नेता प्रदेश को अरबों रुपए राहत देने का ढिंढोरा पीट रहे है, जबकि प्रदेश को सिर्फ 300 करोड रुपए नेशनल



सरकाघाट में चुनावी दौरे के दौरान विक्रमादित्य सिंह और अन्य सामूहिक चित्र में।

रिलीफ डिजास्टर मैनेजमेंट के तहत मिला है जो देश के सभी राज्यों को मिलता है। उन्होंने कहा कि अगर वह बंदरबांट करने का आरोप साबित कर दें, तो वह आज ही राजनीति छोड़ देंगे।

पीडब्ल्यूडी मंत्री ने कहा की अकेले 600 करोड़ तो पीडब्ल्यूडी की देनदारी है, क्योंकि इसी विभाग ने आपदा के दौरान युद्ध स्तर पर बंद सड़के खुलवाई थी। भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि खुद बचपन से प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाली अपने गृह क्षेत्र सरकाघाट को पिछड़ा क्षेत्र बताती है परंतु उन्हें याद होना चाहिए कि जब वह उस स्कूल में पढ़ती थी तब उनके घर भांबला के आगे औद्योगिक क्षेत्र कांग्रेस ने खुलवा दिया था।

उन्होंने कहा मनाली में घर बनाने बनाने वाली अभिनेत्री चुनाव बाद फिर मुंबई शिफ्ट हो जाएगी। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री रंगीला रामराव पवन ठाकुर, यदुपति ठाकुर, अनिल शर्माभी मौजूद रहे।

# चुनावों से पहले ही हार मान चुकी है कांग्रेस : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बड़सर उपचुनावों के किले को फतह करने के लिए भाजपा एक जुटता के साथ क्षेत्र में दिन-रात पसीना बहा रही है। मुख्यमंत्री जहां भी जा रहे हैं भाजपा प्रत्याशियों के खिलाफ झूठ का प्रचार कर रहे हैं वह उन्हीं पर ही भारी पड़ेगा। इस बार बड़सर में अपने सूखे को खत्म करने के लिए भाजपा एकजुटता के साथ चुनावी प्रचार मे डटी हुई है।

भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने भी विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। लखनपाल ने कहा है कि जिस व्यक्ति ने ताउम्र झूठ की ही राजनीति में ही विश्वास रखा और पिछले चुनावों में भी जनता को झूठे सपने दिखाकर सता हासिल की हो तो ऐसे व्यक्ति से झूठ के आलावा और अपेक्षा भी क्या की जा सकती है। मुख्यमंत्री की बखौलहट इस बात की गवाह बन रही है कि कांग्रेस चुनावों से पहले ही चारों खाने चित हो चुकी है।

# अग्निवीर योजना से एक भी युवा नहीं रहेगा बेरोजगार : सुरेश कश्यप

**एजेंसी, शिमला**

कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है जिस वजह से झूठी बातों से जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहें है। राहुल गांधी अपनी सभाओं में क्या कहते हैं यह न उन्हें समझ आता न किराये पर लाई गई भीड़ को। शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने फागू में जनसंपर्क एवं नुकड़ सभा के दौरान कहा कि राहुल बाबा अग्निवीर योजना को झूठा मुद्दा बनाकर जनता के बीच परोस रही है और युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रहें है। कांग्रेस द्वारा अग्निवीर योजना के प्रति देश भर



समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप।

में भ्रांति फैलाई जा रही है।

25 प्रतिशत तो सीधा सेना में परमानेंट पोस्टिंग हो जाएगे और 75 प्रतिशत बचे हुए जवानों के लिए भाजपा शासित सभी राज्य सरकारों ने अपनी पुलिस फोर्स में 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत रिजर्वेशन किया है।उन्होंने कहा कि मैं एक फोजी होने के नाते कह सकता हूं कि सेना में मात्र पैसा कमाने के लिए कोई नहीं जाता बल्कि देश प्रेम व भारत माता की सेवा के जज्बे के साथ जाता है। इसलिए यह विषय सिर्फ योजना का राजनीतिकरण करने के लिए है।

यह बड़ा विषय है कि सेना व रोजगार युवाओं के लिए पूरक विषय है और इस क्षेत्र में भाजपा सदैव सेना के पक्ष में अच्छे कार्य करती रही है।

राहुल गांधी अपनी पार्टी के फायदे के लिए सरासर झूठ लोगों के बीच में फैला रहे हैं और जनता को गुमराह कर रहें हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वाहन किया कि इस तरह के झूठे बहकावों में न आए।

# पकड़े गए 55 लाख बिकाऊ पूर्व विधायक के तो नहीं : सीएम



चुनावी सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुक्खू।

**विक्रम ढटवालिया, बड़सर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को बड़सर विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार चुनाव प्रचार करते हुए कई नुक्कड़ चुनावी जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि बड़सर में पकड़े गए 55 लाख बिकाऊ पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के हो सकते हैं। तेजी से मामले की जांच चल रही है। काबिले गौर है कि पिछले सप्ताह उन्होंने इस राशि को लेकर सीधा आरोप लखनपाल पर लगाया था, लेकिन आज कुछ अलग बोले।

सीएम ने कहा कि पकड़ी गई राशि को लेकर जल्दी बड़ा खुलासा होगा। सीएम ने कहा कि लखनपाल ने जनभावनाओं का सौदा कर भाजपा की राजनीतिक मंडी में अपनी बोली लगाई है। क्षेत्र की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। बिकाऊ विधायक हमीरपुर जिला के विरोधी हैं।

मुख्यमंत्री ने भोटा, करेर, कठियाणा, बयाड़ व दांदडू में नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित किया। ठाकुर ने कहा कि बिझड़ी में कुछ महीने पहले जनसभा में उन्होंने अनेक घोषणाएं की थीं।

पूर्व विधायक के करोड़ों रुपए के काम किए, हर अफसर उनकी मर्जी का लगाया, लेकिन उन्होंने अपनी अंतरात्मा नहीं धनात्मा की आवाज सुनी। लखनपाल नौटंकीबाज होने के साथ दिल के काले हैं। उनका असली चेहरा व चरित्र अब जनता के सामने आ चुका है। वह बड़सर की जनता के सच्चे सेवक नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की है कि बड़सर से सुभाष को जिताकर विधानसभा भेजिए।

# बड़ी सोच लेकर चुनावी मैदान में उतरी है कांग्रेस : आनंद

**संजीव महाजन, नूरपुर**

कांगड़ा-चंबा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने रविवार को जिला कांगड़ा के फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने और जखबड़, धमेटा, रैहन व गोलवां में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पूरे देश को एक साथ लेकर चलने की सोच समझ केवल कांग्रेस पार्टी में है। शासन और प्रशासन आम सहमति से चलता है, मगर भाजपा की सोच संकुचित है। आजादी के बाद 18 साल की कड़ी मेहनत के बाद राज्यों का भाषा का मुद्दा सुलझाया गया था, मगर भाजपा इसे खत्म करके उत्तर और दक्षिण के बीच भाषा और क्षेत्रवाद की लकीर खींच कर देश को कमजोर करने में जुटी हुई है।

पीएम मोदी और अमित शाह 400 सीटें जीतने के बड़े-बड़े हवाई दावे कर रहे हैं। वे देश के



चुनावी रैली के दौरान आनंद शर्मा समर्थकों के साथ।

संविधान और जनादेश का अपमान कर रहे हैं। सत्ता में लाने का जनादेश देश की जनता ने देना है, लिहाजा ऐसे दावों से 400 सीटें नहीं आने वालीं। उन्होंने धर्मशाला रैली में अमित शाह द्वारा चुनाव के अब तक के छह चरणों में बहुमत मिलने के दावों पर कहा कि मतों की गिनती तो चार जून को होनी है ऐसे में देश के गृहमंत्री को कैसे पता चल गया कि उन्हें बहुमत मिल गया है। अमित शाह का यह खुद से खुद को बोला हुआ जुमला है। चुनाव के छह चरण हो चुके हैं और मौसम की तरह माहौल बदल चुका है। भाजपा और एनडीए 400 क्या 200 पार भी नहीं हो पाएगा।

आनंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस एक बड़ी सोच लेकर चुनावी मैदान में है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की एक महिला को बिना भेदभाव के एक लाख रुपए सालाना दिए जाएंगे। किसानों के लिए कानून बनाकर एमएसपी तय किया जाएगा। साथ ही सरकार बदलते ही अग्निवीर योजना समाप्त करके पुरानी भर्ती बहाल की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# लाहौल-स्पीति भाजपा के छह पदाधिकारी निष्कासित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

लाहौल-स्पीति भाजपा में अब भी उथल-पुथल का दौर जारी है। इसी कड़ी में लाहौल-स्पीति भाजपा के छह पदाधिकारियों के निष्कासन ने राजनीतिक माहौल को ओर भी गर्मा दिया है।

रविवार को भारतीय जनता पार्टी-हिमाचल प्रदेश कार्यालय की तरफ से जारी पत्र में जिलाध्यक्ष लाहौल-स्पिति एवं मंडल अध्यक्ष की संस्तुति पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर पार्टी के छह पदाधिकारियों की सदस्यता को तुरंत प्रभाव के साथ छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। जिला लाहौल स्पीति भाजपा से निष्कासित हुए पदाधिकारियों में

प्रदेश उपाध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति मोर्चा लोबजंग ज्ञालसन, जिला महामंत्री पलजोर छेरिंग, जिला महामंत्री लक्ष्मण ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष शमशेर सिंह, मीडिया प्रभारी पलदन नामज्ञाल तथा मण्डल महामंत्री ( स्पीति) सोनम अंगदुई शामिल है। इन सभी पदाधिकारियों के खिलाफ पार्टी विरोधी कार्य करने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।

# धर्मपुर में एचआरटीसी कर्मचारियों से खुले ही ले लिए पोस्टल बैलट पेपर

## भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चौहान ने की चुनाव आयोग से आरएम की शिकायत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल प्रदेश लोकसभा चुनावों के दौरान हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम (एचआरटीसी) धर्मपुर डिपो, जिला मंडी के कुछ कर्मचारी कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रत्यक्ष रूप से काम कर रहे हैं।

धर्मपुर डिपो के अड्डा प्रभारी एवं कुछ अन्य कर्मचारी कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने के लिए कर्मचारियों को डरा धमका रहे हैं।, जिसकी शिकायत एक कर्मचारी ने चुनाव आयोग से भी की है कि किस प्रकार से कर्मचारियों को



जानकारी देते अजय चौहान।

बैलेट पेपर खुले रखने तथा कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता अजय चौहान ने बताया है कि गत दिन एचआरटीसी धर्मपुर डिपो के करीब एक दर्जन चालक परिचालकों, जिनकी चुनाव में ड्यूटी लगी थी उन्होंने फॉर्म-12 के तहत अपना मत डालने के लिए पोस्ट बैलट पेपर लिए थे।

उन्हें भरने के बाद जब वह इन्हें लिफाफे में बंद करके आरएम को सौंपने जा रहे थे, तो इस दौरान अड्डा प्रभारी ने सभी कर्मचारियों से खुले हुए मतपत्र यह कह कर ले लिए कि इन पर आरएम धरमपुर के साइन होने हैं।

**राजनीति**

## मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और एक मंत्री का संबंध हमीरपुर संसदीय सीट से

# हमीरपुर संसदीय सीट पर कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर

**शुभम राही, बिलासपुर**

20 सालों से हमीरपुर संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर विजयी रहे है, लेकिन इस बार प्रदेश कांग्रेस को इस सीट पर विजयी हासिल करना बहुत जरूरी है।





क्योंकि इस सीट पर न केवल कांग्रेस प्रत्याशी बल्कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व एक मंत्री की प्रतिष्ठा दांव पर है। हमीरपुर संसदीय सीट की बात करें तो यहां पर जिला हमीरपुर से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, ऊना से उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व बिलासपुर जिला से मंत्री राजेश धर्माणी आते हैं। कहीं न कहीं इन नेताओं को इस संसदीय सीट से विजयी हासिल करना अतिआवश्यक बन गया है। क्योंकि हाईकमान की बात करें तो उनको भी इस सीट से काफी उम्मीदें है।

गौरतलब है कि हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के इन तीन दिग्गज नेताओं को अपने-अपने विधनसभा क्षेत्रों से लीड दिलाना बहुत अधिक जरूरी है। क्योंकि जब चुनावी आंकड़ों की बात की जाएगी तो इन तीन नेताओं के एरिया का भी आकलन हाईकमान जरूर करेगी, जिससे कहीं न कहीं इनको रिपोर्ट कार्ड भी देखा जा सकता है। कांग्रेस और भाजपा के दिग्गज नेता पूरी तरह से फील्ड में उतरकर प्रचार-प्रसार में जुट गए है।

बिलासपुर जिला की बात करें तो जिला कांग्रेस कमेटी का कहना है कि बिलासपुर मुख्यालय पर सोनिया गांधी की रैली आयोजित की जाएगी। भाजपा की बात करें तो यहां पर अभी तक भाजपा का कोई बड़ा स्टार प्रचारक नहीं पहुंचा है, लेकिन जिस तरह से पीएम मोदी नाहन और मंडी में रैली करने के लिए आए तो यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि अब भाजपा के स्टार प्रचारक भी हिमाचल पहुंचना शुरू हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## खरीद-फरोख्त मुद्दे को लेकर सीएम सुक्खू भाजपा पर साध रहे निशाना

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की बात करें तो वह विधायकों की खरीद-फरोख्त के मुद्दे को लेकर जनता के बीच में जा रहे है और कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए विधायकों पर सीधा निशाना साध रहे हैं। सीएम सुक्खू कह रहे हैं कि जो कांग्रेस के नहीं हुए वह भाजपा के क्या होंगे।

ऐसे में दूसरी ओर भाजपा की बात करें तो वह कांग्रेस की गारंटियों पर सवालिया निशान खड़े करके लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के यह तीन दिग्गज नेता क्या करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्यूटी में कोताही बरतने पर पुलिस कर्मी सस्पेंड

**सोलन।** रात्रि गश्त पर निकले एसपी सोलन गौरव सिंह ने ड्यूटी में कोताही बरतने पर एक पुलिसकर्मी को सस्पेंड और 3 को लाइन हाजिर कर दिया। आधीरात शहर की गश्त पर निकले एसपी ने चार पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में कोताही बरतते पाया, जिस पर यह कार्रवाई हुई। जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात लगभग एक बजे के बाद सोलन के एसपी गौरव सिंह अचानक सोलन की सड़कों पर गश्त को निकल पड़े। उन्होंने चिल्ड्रन पार्क सहित कई सुनसान इलाकों में स्वयं जाकर देखा। उन्होंने इसके बाद अपनी ड्यूटी पर लापरवाही बरतने वाले एक हवलदार को निलंबित कर दिया व तीन सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने के आदेश दिए। यह उनकी नियमित चेकिंग प्रकिया है। पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर मुस्तैद रहना होगा। ड्यूटी पर लापरवाही को कतई भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। नशा कारोबारियों के साथ-साथ शहर में हुड़दंग मचाने वालों पर भी उचित कार्रवाई होगी।

### लोकतंत्र में सभी को करना चाहिए मतदान

**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत सोलन में 'बाइसिकल इवेंट फॉर वोटर अवेयरनेस' जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जागरूकता रैली का उद्देश्य पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करवाना है। सोलन में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से चंबाघाट होते हुए सब्जी मंडी तक इस जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के महापर्व में देश को मजबूत बनाने के लिए सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान हम सभी का अधिकार ही नहीं, अपितु कर्तव्य भी है। उन्होंने आह्वान किया कि सोलन के सभी मतदाता शत-प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### पेड न्यूज पर रखी जा रही विशेष नजर : डीसी



**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति की अध्यक्षता में केलांग मुख्यालय में मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग की ओर से सौंपे गए दायित्वों के बारे में निर्देश देते हुए राहुल कुमार ने कहा कि प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रकाशित विज्ञापनों तथा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने वाले पेड न्यूज पर विशेष नजर रखी जाए। समीक्षा बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने प्रतिदिन प्रकाशित और प्रसारित समाचारों के साथ विज्ञापनों पर सत्त निगरानी रखने के साथ विभिन्न अखबारों के कतरन, स्क्रीन शॉट और सोशल मीडिया के विजुअल रिकॉर्ड की समीक्षा की व भ्रामक विज्ञापनों एवं समाचारों पर भी नजर रखने व कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला लोक संपर्क अधिकारी एवं सदस्य सचिव एमसीएमसी खेम चौहान ने बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी को बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिंदुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार पर गठित समिति के सदस्य की ओर से प्रदेश के प्रमुख समाचार पत्रों, प्रिट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मोबाइल नेटवर्क और जन संचार की अन्य माध्यमों जैसे बल्क एसएमएस व्हाट्सऐप ग्रुप, ट्विटर, लाहौल-स्पीति के प्रमुख सोशल मीडिया फेसबुक पेज का भी रोजाना अवलोकन सुनिश्चित बनाया जा रहा है। लाहौल-स्पीति में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता वाहन को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# आग की तीन घटनाओं में एक की मौत, तीन घायल, लाखों का नुकसान

## ढालपुर में रेस्तरां में लगी आग में दम घुटने से युवती की मौत, 50 हजार का नुकसान, पुखरीधार में डेढ़ मंजिला मकान राख

**अनंत ज्ञान कुल्लू/आनी/ बंजार**

जिला कुल्लू में आग की तीन घटनाएं पेश आई हैं, जिनमें जहां एक युवती की आग के कारण दम घुटने से मौत हो गई है। वहीं, तीन लोग घायल हुए हैं, जबकि लाखों का नुकसान हुआ है।

पहली घटना कुल्लू के साथ लगते ढालपुर स्थित कलाकेंद्र के समीप रस्टिक बुड रेस्तरां में पेश आई। आग लगने से वहां पर अफरा-तफरी का मौहल बना। रेस्तरां में आग इस तरह भड़क गई थी कि रेस्तरां के अंदर एक युवती की दम घुटने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रस्टिक बुड रेस्तरां के किचन के साथ स्टोर में जहां पर सोफा रिपेयर का कार्य चला हुआ था। इस दौरान सोपा रिपेयरिंग के लिए लगाए जाने वाले केमिकल ने आग पकड़ लगी तथा यह आग पूरे रेस्तरां में फैल गई। इस दौरान रेस्तरां स्टाफ की तीन लड़कियां व एक लड़का धुएं की



आग की भेंट चढ़ा रिहायशी मकान।





ढालपुर में रेस्तरां में लगी आग।

चपेट में आने के कारण बेहोश हो गए, जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने एक लड़की को मृत घोषित कर दिया। शव की पहचान ममता कुमारी पुत्री किरन कुमार निवासी लारजी कुल्लू के रूप में हुई है। घायलों का उपचार क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में किया जा रहा है। पालिटेक्निकल कॉलेज के छात्रों की ओर से पार्टी का आयोजन किया जा रहा था। सनद रहे कि लगघाटी के चमन लाल किराए के भवन में रस्टिक बुड रेस्तरां चला रहे हैं। दमकल विभाग कुल्लू को जैसे ही आग लगने की सूचना मिली, तो विभाग की गाड़ी मौके के लिए रवाना हो गई तथा मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। इस आगजनी की घटना में एक युवती की मौत हो गई है तथा रेस्तरां का 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है, जबकि 50 लाख की संपत्ति को आग की भेंट चढ़ने से बचाया गया। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं, दूसरी उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत पुजाली के पुखरीधार गांव की है। इस घटना में डेढ़ मंजिला मकान जलकर राख हो गया। आग शार्ट सर्किट के कारण लगी है। इस अग्निकांड में करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुजाली पंचायत के गांव पुखरीधार में गोकल चंद (47) पुत्र वीरु राम का डेढ़ मंजिला स्लेटपोश मकान में शनिवार रात करीब 9:30 बजे अचानक चिंगारी सुलग गई। घर का सारा सामान आग की भेंट चढ़ गया है। पीड़ित गोकल चंद के अनुसार घर के साथ बिजली के खंभे के साथ तार में भी आग लगी थी। आग की लपटों के बाद दमकल विभाग को भी सूचित किया। स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया। तहसीलदार बंजार रमेश कुमार ने कहा कि आग की घटना में गोकल चंद का डेढ़ मंजिला मकान जल गया है। उधर, तीसरी घटना आनी उपमंडल की ग्राम पंचायत च्वाई के धोगी की है। रविवार शाम को लकड़ी के एक मकान में अचानक आग दहक उठी। आग की तेज़ लपटों से लकड़ी का अढ़ाई मंजिला मकान चपेट में आ गया और देखते ही देखते अढ़ाई मंजिला लकड़ी का मकान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का हालांकि पता नहीं चल सका है।

### 15 लाख का नुकसान

आग लगने के समय धनी राम का परिवार वहां पर मौजूद नहीं था, जब धनी राम के पोते ने जो बाहर आंगन में खेल रहा था उसने आग की लपटें देखी, तो साथ लगते मकानों के लोगों को चिल्लाकर बुलाया, जिसके बाद परिवार समेत स्थानीय ग्रामीण वहां पहुंचे और आग पर काबू पाने में जुट गए, लेकिन आग की भयानक लपटों के आगे कोशिशें नाकाम रहीं। सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान गीता भूषण और राजस्व विभाग के पटवारी में मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन किया। पटवारी मंझादेश खूब राम ने जानकारी देते हुए बताया कि अचानक आग लगने से अढ़ाई मंजिला लकड़ी का मकान जिसमें सात कमरें जलकर राख हुए और घर के अंदर रखा सारा सामान में आग की चपेट में आ गया और जलाकर राख हो गया, जिसका कुल नुकसान 15 लाख आंका गया है।

### हुकम राम बने जिला सहसंयोजक

**बंजार।** भाजपा पर्यटन प्रकोष्ठ जिला संयोजक कुल्लू मुकेश ठाकुर ने प्रदेश व शीर्ष नेतृत्व से चर्चा के उपरांत जिला सहसंयोजकों व मंडल संयोजक व सहसंयोजकों कि नियुक्तियां की हैं। कुल्लू जिला सहसंयोजक कुल्लू मंडल का दायित्व जिला सहसंयोजक हुकम राम चाहडू को दिया है। मनाली से वृद्धि प्रकाश को जिला सहसंयोजक, नील चंद मनाली जिला सहसंयोजक, आनी से दुष्यंत परमार जिला सहसंयोजक, वहीं कुल्लू मंडल में वेद राम को संयोजक, जोगिंद्र सिंह और श्रेयांश जैन को सहसंयोजक के रूप में चुना गया है। इसके साथ ही मनाली मंडल से वरून मल्होत्रा को संयोजक, दीना नाथ घनश्याम को सहसंयोजक चुना गया है। इसके साथ ही बंजार मंडल से ललित को संयोजक, संदीप व लोकेश्वर सिंह को सहसंयोजक चुना गया है।

## कंट्रोल रूम में मिलने वाली सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए : राकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में मंडी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी व्यय पर्यवेक्षक राकेश ने मंडी लोकसभा क्षेत्र ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल कुमार व चुनावी व्यय निगरानी से जुड़े उड़न दस्तों के नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की।



मंडी लोकसभा क्षेत्र के चुनावी व्यय पर्यवेक्षक राकेश केलांग में डीसी राहुल कुमार व चुनावी व्यय निगरानी से जुड़े उड़न दस्तों के नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी केलांग रजनीश शर्मा व काजा से हर्ष अमरेंद्र नेगी भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। व्यय पर्यवेक्षक राकेश ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि कंट्रोल रूम में मिलने वाली सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए। व्यय निगरानी टीम को संवेदनशीलता से सक्रिय रहने पर बल देना होगा। किसी भी स्थान पर नकदी, शराब अथवा भोजन सहित किसी भी प्रकार उपहार की वस्तु का वितरण नहीं हो तथा एफएसटी, एसएसटी को चेक नाका के माध्यम से शराब, ड्रग्स, उपहार की वस्तु के अवैध परिवहन पर सख्ती से निगरानी रखनी होगी। उन्होंने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को अतिरिक्त समन्वय और संवाद के निर्देश देते हुए कहा कि समुचित नाके लगाकर प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित बनाएं। राकेश ने इस बात पर भी बल देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में मतदाताओं को प्रलोभन न दिया जा सके, ऐसी कोई भी गतिविधि पाए जाने पर तुरंत एक्शन लें। एफएसटी फील्ड में सक्रिय रहें।

## कांग्रेस अपनी हार के डर से बौखलाई : रिगजिन हायरपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति भाजपा के मीडिया प्रभारी रिगजिन हायरपा ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर के खिलाफ इन दिनों कांग्रेस के कार्यकर्ता हर घर जाकर एक पोस्टर बांट रहे हैं, जो कि कांग्रेस की नकारात्मक सोच को जाहिर कर रहा है।



उन्होंने पोस्टर के बारे में अपनी बात रखते हुए कहा कि कांग्रेस के सदस्य तीन बातों को पोस्टर के माध्यम से रख रहे हैं, जिनमें सबसे पहले गांधी टोपी को लेकर रवि ठाकुर पर लगातार टिप्पणी की जा रही है। गांधी टोपी कोई कांग्रेस की पेटेंट की हुई टोपी नहीं, बल्कि गांधी टोपी राष्ट्रवाद का प्रतीक है और ये टोपी स्वतंत्रता संग्राम ओर ऐतिहासिक संस्कृति का प्रतीक है और ये टोपी देश के विभिन्न राज्यों में आज भी पहनी जाती है। इसलिए इस तरह की ओछी टिप्प्णी करना सही नहीं है। उन्होंने पोस्टर में रवि के द्वारा लिए गए 15 करोड़ रुपए की बात का जवाब देते हुए कहा कि रवि के व्यतिगत छवि को नुकसान पहुंचाने की साजिश रची जा रही है, जबकि रवि हर मंच पर बता चुके हैं कि किस तरह से व्यथित होकर उन्होंने क्रॉस वोटिंग का सहारा लिया, और कांग्रेस कार्यकाल में किस तरह से उनके कार्य को नहीं होने दिया। कांग्रेस पार्टी दरअसल अपनी हार के डर से बौखला गई है।

## साइकिल रैली से दिया मतदान का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला निर्वाचन विभाग कुल्लू व कुल्लू साइकलिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए तथा कुल्लू जिले में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से पैडल फॉर डेमोक्रेसी के तहत साइकिल रैली का आयोजन किया गया।



एडीएम अश्विनी कुमार मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू अश्विनी कुमार ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। रैली में 5 वर्ष के नन्हे साइकिलिस्ट भी मतदान का संदेश देते दिखे। साइकिल रैली को दो वर्गों में बांटा गया था 15 वर्ष आयु तक के बच्चों ने रथ मैदान से एसपी ऑफिस, कॉलेज चौक होते वापस रथ मैदान तक साइकिल रैली निकाली, जबकि 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के साइकिलिस्टों ने रथ ग्राउंड से गदौरी वर्कशॉप तक व वापस मौहल कुल्लू तक रैली निकाली, जहां बीएलओ व नए युवा मतदाताओं ने साइक्लिस्टों का स्वागत किया। एडीसी ने रैली में भाग लेने वाले साइकिलिस्टों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। रैली में 5 वर्ष से 30 वर्ष तक के युवाओं ने भाग लिया। एडीएम ने कहा कि पैडल फॉर डेमोक्रेसी के तहत आयोजित साइकिल रैली का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को एक जून को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है।

## मतगणना कर्मी चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का करें पालन : एडीएम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर आगामी 4 जून को डॉ. यशवंत सिह परमार राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज नाहन में मतगणना के दृष्टिगत माइक्रो पर्यवेक्षक, मतगणना सुपरवाइजर तथा मतगणना सहायकों के लिए प्रथम एकदिवसीय प्रशिक्षण पूर्व अभ्यास का आयोजन एडीएम लायक राम वर्मा की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें 258 मतगणना अधिकारी तथा कर्मचारियों ने भाग लिया।



एडीएम ने मतगणना कर्मियों को निर्देश दिए कि वह भारत चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। मतगणना एक संवेदनशील कार्य है, जिसके लिए कर्मियों को इसकी बारीकियों का ज्ञान होना अति आवश्यक है। मतगणना के दिन समय पर मतगणना केंद्र पहुंचकर अपना कर्तव्य पूरी निष्ठा से करना है, ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सके इसके लिए किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि आगामी चार जून को जिले की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना नाहन में होगी।

## 29 को कुल्लू आएंगी प्रियंका गांधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

29 मई को अखिल भारतीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी कुल्लू में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। यह जानकारी कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने दी। उन्होंने बताया कि इसके लिए तैयारियां जोरों पर चली हुई हैं।





अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय बैठक को संबोधित करते हुए।

इस रैली को सफल बनाने के लिए रविवार को कुल्लू में कांग्रेस की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मंडी लोकसभा क्षेत्र के ऑब्जर्वर संजय दत्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीपीएस सुंदर ठाकुर, विधायक मनाली भुवनेश्वर गौड, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सेसराम आजाद, चारों विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष, चारों विधानसभा क्षेत्र ऑब्जर्वर सहित प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में प्रियंका गांधी की रैली को लेकर चर्चा की गई और लोकसभा क्षेत्र में भारी बढ़त बनाने को लेकर रणनीति तैयार की गई। इस रैली की निगरानी व अगुवाई सीपीएस सुंदर ठाकुर व विधायक भुवनेश्वर गौड करेंगें। इस अवसर पर संजय दत्त ने कहा कि आज जनता ने मूढ़ बदल दिया है और कांग्रेस के पक्ष में पूरी लहर है। मोदी की जनविरोधी नीतियों से अब जनता उभ चुकी है। मंडी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस पूरी तरह से मजबूत है और अब हर कार्यकर्ता को बूथों पर घेराबंदी करनी है।

### 'हिमाचल हुनर' सीजन 8 के लिए ऑडिशन शुरू

**पतलीकूहल।** हिमाचल एकता मंच की ओर से हिमाचल हुनर सीजन-8 के लिए ऑनलाइन ऑडिशन शुरू हो चुके हैं। जानकारी देते हुए हिमाचल एकता मंच के चेयरमैन दीप लाल भारद्वाज ने बताया कि हिमाचल हुनर सीजन 8 के लिए ऑनलाइन ऑडिशन शुरू कर दिए हैं, जिसमें वाइस ऑफ हिमाचल हुनर, डांस हिमाचल हुनर, कॉमेडी हिमाचल हुनर, योगा हिमाचल हुनर, आर्ट हिमाचल हुनर, मिस हिमाचल हुनर, मिस्टर हिमाचल हुनर की प्रतियोगिता होगी।

दीप लाल भारद्वाज ने बताया कि हिमाचल में हुनर की कोई कमी नहीं है, लेकिन बहुत सारे प्रतिभागी हिस्सा नहीं ले पाते। इसलिए मंच ने यह निर्णय लिया है कि ऑडिशन ऑनलाइन लिए जाएं साथ ही सेमी फाइनल राउंड व फाइनल राउंड में भी जो प्रतिभागी नहीं आ सकते उनके लिए भी सेमीफाइनल और फाइनल राउंड ऑनलाइन ही किए जाएंगे।

## गर्ल्स स्कूल से लोरन मोड़ तक दोपहिया वाहनों पर रहेगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के अप्पर सुल्तानपुर में स्थानीय लोगों के द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थानीय मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई।



सुल्तानपुर वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य बैठक के दौरान।

इस दौरान सुल्तानपुर की समस्याओं के समाधान के लिए सर्वसम्मति से सुल्तानपुर वेलफेयर एसोसिएशन का गठन किया गया। एसोसिएशन की बैठक में चर्चा हुई कि गर्ल्स स्कूल और लोरन मोड़ तक पैदल चलने वाले मार्ग में कुछ बाइकर्स गलत तरीके से चलते हैं, ऐसे में निर्णय लिया गया कि, रात आठ से सुबह आठ बजे तक इस मार्ग पर बाइक्र्स या किसी तरह के वाहन ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा दूसरी बड़ी समस्या शहर में आवारा कुत्तों को लेकर भी चर्चा की गई। सुल्तानपुर के सौंदर्यीकरण व अन्य विकासात्मक कार्यों के लिए भी चर्चा की गई। वार्ड की समस्याओं के निदान के लिए अप्पर सुल्तानपुर में प्रबुद्ध लोगों ने इस बैठक में भाग लिया और सभी की सहमति से इस संगठन का गठन किया गया। आने वाले समय में फिर से बैठक का आयोजन किया जाएगा।

**पत्रकार वार्ता** — राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी कुल्लू स्थित देवसदन भवन में करेगी सम्मेलन : अमर

## आज देवसदन से ब्यासामोड़ तक होगा रोड शो

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में स्थित देव सदन भवन में राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी के जिला अध्यक्ष अमर ठाकुर ने पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि ढालपुर में स्थित देवसदन भवन में पहले राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जहां पर राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रुमित सिंह ठाकुर तथा करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मकराना उपस्थित रहेंगे साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से आए पार्टी के





पत्रकारों को संबोधित करते राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के जिला अध्यक्ष अमर ठाकुर एवं अन्य।

वरिष्ठ एवं शीर्ष नेता भी सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे। देवभूमि पार्टी के सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी साथ ही चुनाव संबंधी कई मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी, जहां एक तरफ दूसरी पार्टी के सदस्य एवं नेता एक दूसरे पर टिका टिप्पणी करने में व्यस्त हैं। वहीं राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी सिर्फ मुद्दों को लेकर लोकसभा चुनाव में खड़ी है। अमर ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी विभिन्न मुद्दों को लेकर चुनाव में उतरी है, जिनमें सबसे अहम है कि आरक्षण जो कि सिर्फ और सिर्फ आर्थिक आधार पर दिए जाने का मुद्दा, शिक्षा के क्षेत्र में सुधार का मुद्दा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का मुद्दा, खेतों को हानिकारक कीटनाशकों के कुप्रभाव से बचाने का मुद्दा तथा किसानों के लिए बेहतरीन कृषि उपकरण एवं तकनीक को देश मे लाने के मुद्दों को लेकर चुनावी समर में उतर रहे हैं।

जनता से अपील करते कहा है कि सोमवार को करीब चार बजे देवसदन से लेकर ब्यासामोड़ तक रोड शो का आयोजन किया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### ठारू में दुकान से पकड़ी देसी शराब

**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के ठारू में शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब गश्त पर थी तो तलाशी के दौरान सुनीत कुमार निवासी ठारू की दुकान से 6,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। इसको लेकर पुलिस थाना नगरोटा बगवां में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया है। उधर एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### देहरा में मारपीट करने पर मामला दर्ज

**देहरा।** पुलिस थाना देहरा के तहत अप्पर मरियारी में सुमना देवी व ममता निवासी अप्पर मरियारी ने निर्मला देवी निवासी अप्पर मरियारी का रास्ता रोककर उसके साथ लड़ाई -झगड़ा, गाली-गलौज व मारपीट की है। शिकायत के आधार पर इस संदर्भ में अभियोग जेर धारा 341, 323, 504,506, 34 भारतीय दंड संहिता में पंजीकृत पुलिस थाना किया गया है। उधर एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### मूंदला में रास्ता रोककर की मारपीट

**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत मूंदला में कर्ण कुमार निवासी सुनेहड़ ने पवन कुमार निवासी गदियाड़ा का रास्ता रोककर इसके साथ लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व धमकियां दी। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना नगरोटा बगवां में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 323, 504, 506 में मामला दर्ज किया गया है। उधर एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### दाड़ी में बांस के झुंड में लगी आग


बांस के झुंड में लगी आग को बुझाते अग्निशमन विभाग के कर्मचारी।

**धर्मशाला।** धर्मशाला क्षेत्र में दाड़ी में बांस के झुंड में लगी आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई तथा शेष बांस के झुंडों को बचाया। इसमें सुदर्शन गुप्ता के बांस के झुंड जल गए जबकि समय रहते पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को काबू कर बांस के बाकि झुंडों को जलने से बचा लिया। स्टेशन फायर ऑफिसर कर्म चंद ने मामले की पुष्टि की है।

### देहरा में किया मतगणना केंद्रों का निरीक्षण



**देहरा।** संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में तैनात वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने रविवार को कांगड़ा जिले के देहरा का दौरा किया। देहरा में उन्होंने दो विधानसभा क्षेत्रों देहरा और जसवां-परागपुर के मतगणना केंद्रों का निरीक्षण करके इनमें की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### ढांक से टकराई बस, पांच यात्री जख्मी

**गरली।** हरिद्वार से मां ज्वालामुखी मंदिर में माथा टेकने जा रही श्रद्धालुओं से भरी टूरिस्ट बस रविवार देर सांय अचानक ढलियारा के खूनी मोड पर ढांक से टकरा गई। हादसे में बस में सवार पांच यात्री गंभीर रुप से जख्मी हुए है। हादसे का कारण बस की ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बस में सवार सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और जख्मी लोगों को उपचार के लिए तुरंत सिविल अस्पताल देहरा पहुंचाया। मौके पर पहुंची देहरा पुलिस ने स्थिति का जायजा लेते हुए कार्रवाई की है। बड़ा हादसा होने से टल गया है अगर कही यह बस यहां ढांक से न टकराती तो वहां गहरी खाई में गिरती इससे काफी नुकसान होता। ढलियारा के खूनी मोड पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

# धर्मशाला में साइक्लोथॉन के साथ दिया मतदान का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**मतदाताओं को शपथ दिलाई प्रतिभागियों को दिए प्रशस्ति पत्र**

**मतदाता** जागरूकता के लिए रविवार को धर्मशाला उपमंडल में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने डाढ में साइक्लोथॉन को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस साइक्लोथॉन में आईजी अभिषेक दुल्लर, राज्य निर्वाचन आयोग के आईकॉन हरप्रीत पाल, एसपी शालिनी अग्निहोत्री, एडीसी सौरभ जस्सल सहित कई युवाओं ने भाग लिया। यह साइक्लोथॉन डाढ से आरंभ होकर धर्मशाला उपायुक्त कार्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर धर्मशाला में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में आईजी अभिषेक दुल्लर ने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण के लिए मतदान अत्यंत जरूरी है तथा प्रत्येक मतदाता को मतदान में हिस्सा लेना चाहिए। इस अवसर पर उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि वोट आम जनमानस की ताकत है। इस ताकत का उपयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि पहली जून को मतदान के दिन जिले में सभी मतदाता अपने घरों से निकलें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार दिव्यांग तथा 85 प्रतिशत से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं के लिए 21 से 26 मई तक होम वोटिंग का भी प्रावधान किया गया था। राज्य निर्वाचन आयोग के आईकॉन हरप्रीत पाल ने भी युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया तथा इस अवसर पर मतदान को लेकर शपथ भी दिलाई गई। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से मतदान जागरूकता पर लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। आईजी दुल्लर, उपायुक्त हेमराज बैरवा तथा एसपी शालिनी अग्निहोत्री ने साइक्लोथॉन के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीएम संजीव भोट सहित विभिन्न अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।


मतदाता जागरूकता के लिए रविवार को आयोजित साइक्लोथॉन के दौरान प्रतिभागी सामूहिक चित्र में।

## हैप्पी बर्थडे


मनियाला की अराध्या शर्मा को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# जंगलों में आग लगाने वाले लोगों पर वन विभाग सख्त

**शुभम शर्मा, देहरा**

**डीएफओ देहरा ने विभाग के कर्मचारियों की बनाई कमेटी**

उपमंडल देहरा के अंतर्गत विभिन्न इलाकों में अब लापरवाही से जगलों व निजी भूमि में आग लगाने वाले लोगों पर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। डीएफओ देहरा सन्नी वर्मा ने कड़ा सज्ञान लेते हुए वन विभाग के कर्मचारियों की एक नई कमेटी का गठन किया है। डीएफओ ने कमेटी को सख्त निर्देश दिए है कि अपनी-अपनी फील्ड में ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखे जो लापरवाही से अपने खेतों या जंगलों को आग लगा रहे हैं।



उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि अगर कोई ग्रामीण इस तरह आग लगाता है तो इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जाएगा। लापरवाही से आग लगाने वाले किसी भी व्यक्ति को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ जहां नियमों के अनुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तो वहीं उपरोक्त नुकसान की भरपाई भी उसी व्यक्ति को देनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि इन दिनों फसल कटने के बाद किसानों द्वारा खेतों की साफ-सफाई की जा रही है। इस दौरान बहा उगी हुई झाड़ियों को काट कर जलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों की छोटी सी लापरवाही कई बार खुद की संपदा व सरकारी वन संपदा को जला कर भस्म कर रही है। किसानों को हिदायत देते हुए कहा कि झाड़ियां जलाते वक्त कोई भी कोताही न बरती जाए। लिहाजा इन्होंने लोगों को झाड़ियां जलाते वक्त खेत संरक्षण को बनाई गई बाड़ से पर्याप्त दूरी रखने की सलाह दी है।

उन्होंने कहा कि आजकल फायर सीजन के दौरान हल्की सी चिंगारी भी काफी तबाही मचा जाती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया है कि जब भी वे अपने खेतों में झाड़ियां जलाने जाते हैं तो सबसे पहले खेतों को लगाए गए बाड़ से उचित दूरी बनाए रखें। (अनंत ज्ञान)

# रेलवे लाइन व पुलों के नीचे डाली गईं पेयजल पाइपें हटाई जाएंगी

## रेलवे विभाग की कार्रवाई से कांगड़ा की जनता को पेयजल समस्या से जूझना पड़ेगा

**अनिल छांगू, जवाली**

जिला कांगड़ा में रेलवे लाइन के साथ रहने वाली लाखों की जनता को भीषण गर्मियों में पेयजल समस्या से जूझना पड़ सकता है। रेलवे विभाग के वरिष्ठ खंड अभियंता उत्तर रेलवे नगरोटा ने सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग उपमंडल नूरपुर, राजा का तालाब, फतेहपुर, जवाली, नगरोटा सूरियां, हरिपुर, कांगड़ा और नगरोटा बगवां को रेलवे लाइन व रेलवे पुल के नीचे पानी की पाइपलाइन निकालने पर बिना रेलवे की अनुमति डाली गई सभी पाइप लाइनों को 20 मई को पत्र लिखकर काटने के आदेश जारी किए हैं।

पत्र में रेलवे विभाग के अधिकारियों ने लिखा है कि रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान पाया कि रेलवे लाइन व पुलों के नीचे से काफी जगह पर अवैध रूप से पानी की पाइपलाइन डाली गई है। इसलिए संबंधित सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग से पेयजल पाइपलाइन को स्वीकृति की रेलवे विभाग से अनुमति की प्रति दिखानी होगी अन्यथा रेलवे विभाग सभी अवैध रूप से डाली गई पाइप लाइनों को सात दिन के भीतर हटा देगा और जिसके हटाने का खर्च भी जल शक्ति विभाग से वसूल किया जाएगा। रेलवे विभाग के इस तुगलकी फरमान से जल शक्ति विभाग भी सकते में है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार करीब 30 से 40 साल पुरानी पेयजल पाइप लाइन भी इन रेलवे लाइन व पुलों के नीचे से गुजरती हैं जो कि उस समय जलशक्ति विभाग ने बिना रेलवे की सहमति से नहीं डाली होगी। अब जल शक्ति विभाग को पुरानी गुजरने वाली लाइनों की अनुमति दिखाना किसी चुनोती से कम नहीं होगा। वहीं अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे रेलवे विभाग के कानूनों में संशोधन की जरूरत है।

जिसमें राज्य सरकार को भी रेलवे विभाग से मिलकर लोगों के हितों के लिए संशोधन करने के लिए पहल करनी होगी। जल शक्ति विभाग की ज्यादातर पेयजल स्कीमें नदी, नालों और खड्डों के पास ही बनी हुई है और बिना रेलवे लाइन क्रॉसिंग के इनको जनता तक पहुंचाना जल शक्ति विभाग के लिए संभव नहीं है। वित्तीय संकट से जूझ रहे प्रदेश की लाखों की राशि रेलवे क्रॉसिंग में चली जाती है। हालांकि स्थानीय लोगों और यात्रियों के लिए ही दोनों विभाग काम करते हैं, लेकिन आपसी तालमेल न होने से इसका खमियाजा जनता को भुगतना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं जल शक्ति विभाग के एक्सईएन

जल शक्ति विभाग जवाली के एक्सईएन अजय शर्मा ने कहा कि जसूर से जोगिंद्रनगर तक हजारों पाइप लाइन क्रॉसिंग हुई है। रेलवे विभाग एक क्रॉसिंग का ही 30 से 40 लाख रुपया बना देता है। इतनी राशि विभाग कहां से देगा। पेयजल क्रॉसिंग के लिए हर गांव को जोड़ा जाता है। यदि रेलवे विभाग का यही अड़ियल रवैया रहा तो जल शक्ति विभाग भी रेलवे स्टेशनों और उनके क्वार्टरों के पेयजल पाइपों के कनेक्शन काट देगा। रेलवे विभाग को पेयजल पाइप की क्रॉसिंग के लिए नए वन रहे नेशनल हाईवे की तरह जगह बनाकर देनी चाहिए। जल शक्ति विभाग पेयजल क्रासिंग करके रेलवे को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है और कहीं पर कोई लाइन में दिक्कत आती है तो उसको ठीक किया जाता है।

# निचला सकोह के जंगल में लगी आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आसमान से पड़ती सूरज की तेज गर्मी के बीच वनों में आग लगने का क्रम भी जारी है। इसी कड़ी में धर्मशाला नगर निगम के निचला सकोह गांव में रविवार दोपहर करीब 12 बजे जंगल आग की चपेट में आ गया। इस आग के कारण चीड़ के कई छोटे पौधे झुलस गए। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को आग की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद धर्मशाला से मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाकर जंगल को जलने से बचाया। जानकारी के अनुसार आग धीरे-धीरे फैलने लगी तथा जंगल को खतरा पैदा हो गया।

यहां बताते चलें कि प्रदेशभर में इस साल अब तक दावानल के सबसे ज्यादा मामले कांगड़ा जिला में सामने आए हैं। वहीं धर्मशाला वन मंडल में ये मामले सबसे ज्यादा दर्ज किए गए हैं। उधर आग लगने की पुष्टि करते हुए स्टेशन फायर ऑफिसर कर्म चदं कश्यप ने बताया कि निचला सकोह के जंगल में लगी आग की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड टीम तुरंत मौके पर पहुंची तथा आग को काबू कर शेष जंगल को जलने से बचाया गया। उन्होंने बताया कि इस आग के कारण चीड़ के कई छोटे पौधे जल गए हैं।

### गुम्मर में युवक ने लगाया फंदा, मौत

**ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के अंतर्गत गुम्मर गांव के 37 वर्षीय युवक राजीव कुमार ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। राजीव कुमार ड्राइवर का काम करता था और नियमित नशे का आदी बताया जा रहा है। ज्वालामुखी पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान लेकर शव कब्जे में ले लिया है। जिसका सिविल अस्पताल देहरा में पोस्टमार्टम किया जाएगा। परिजनों ने बताया कि राजीव काम से लौटकर अपने कमरे में चला गया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने कमरा खोलने के लिए आवाज दी, लेकिन राजीव ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कमरे का दरवाजा खोला तो राजीव पंखे से झूल रहा था। डीएसपी ज्वालामुखी आरपी जसवाल ने बताया कि इस घटना की जानकारी थाना में दी गई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है।

# राजू ने जीता कुंदली हार का दंगल

## पानीपत के सागर पहलवान को हराकर जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान, गरली**


जिला स्तरीय कुंदली हार मेले में दंगल के दौरान पहलवान

जिला स्तरीय कुंदली हार कुश्ती दगंल मेला हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। इस मेले में राइबाल अखाड़े के राजू पहलवान ने पानीपत के सागर पहलवान को हराकर कुंदली हार दगंल के मल सम्राट का खिताब अपने नाम किया। मेला कमेटी चेयरमैन रजनीश परमार की अध्यक्षता में आयोजित इस दगंल में बतौर चीफ गेस्ट कुंदली हार के समाजसेवी एवं उद्योगपति अशोक शर्मा व बाइन कलेक्टर गुलजार अहमद ने शिरकत की जबकि इस दौरान पूर्व मंत्री रमेश ध्वाला कथोग गांव के व्यवसायी सुधीर कुमार आदि का मेले के लिए विशेष सहयोग मिला। मेला कमेटी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलदेव सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर, हरवंश लाल, गगन सिंह, रणजीत सिंह, सुमित, अजीत खट्टा, गगन शर्मा आदि ने बताया कि बड़ी माली का मुकाबला राइबाल अखाड़े के राजू पहलवान व पानीपत के पहलवान सागर के बीच हुआ। इसमें राजू पहलवान ने दंगल को अपने नाम किया। चीफ गेस्ट अशोक कुमार शर्मा ने 31 हजार, गुलजार अहमद ने 21 हजार, पूर्व मंत्री रमेश ध्वाला ने 11 हजार व कथोग के ठेकेदार सुधीर कुमार ने 11 हजार रुपए मेला कमेटी को दिए। मेला कमेटी चेयरमैन रजनीश परमार, सचिव सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि यह मेला स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से हर साल किया जाता है।

# पोलिंग ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी आज कर सकते हैं मतदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि पहली तथा दूसरी रिहर्सल में मतदान करने से वंचित रहे पोलिंग ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के लिए 27 मई को स्पेशल वोटिंग डे रहेगा, उक्त सभी कर्मचारी संबंधित एआरओ स्तर पर स्थापित सुविधा केंद्र में अपना वोट डाल सकते हैं।

इसके अलावा चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदाता पुलिस कर्मी, वीडियोग्राफर, चालक और परिचालक, सफाई कर्मी और चुनाव ड्यूटी में तैनात अन्य कर्मचारियों के लिए एआरओ तथा आरओ स्तर पर मतदान सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा आवश्यक सेवाओं के मतदाताओं के लिए रविवार से वोटिंग प्रक्रिया आरंभ हो गई जो कि 28 मई तक चलेगी।

चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी 29 से 31 आरओ एवं एआरओ कार्यालय में स्थापित सुविधा केंद्रों में मतदान कर सकेंगे। जबकि पोलिंग पार्टी में तैनात कर्मचारियों ने प्रशिक्षण स्थलों पर स्थापित संबंधित मतदाता सुविधा केंद्रों पर 23, 24 मई को अपने मतदान का प्रयोग किया तथा पोलिंग पार्टी के जिन मतदाताओं ने अभी तक मतदान नहीं किया है वे 27 को स्पेशल पोलिंग डे तथा अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान वोट कर सकते हैं।

# 'भीड़ देखकर बौखलाए सीएम' भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**





प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता संजय शर्मा, राकेश शर्मा व हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मीडिया सहप्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने प्रेस को जारी एक संयुक्त ब्यान में कहा कि धर्मशाला में हुई गृहमंत्री अमित शाह की रैली में जुटी भीड़ से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि इस रैली ने चुनावी रुख को बदल दिया है। भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों व छह विधानसभा सीटों पर भारी बहुमत से विजय हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत को जब्त करवा चुके है। अग्निवीर योजना को लेकर कांग्रेस के नेता देश की जनता व युवाओं को गुमराह कर रहे हैं। देश भर में भ्रांति फैलाई जा रही है। कहा जा रहा है चार साल बाद 75 फीसदी अग्निवीरों का जीवन बर्बाद हो जाएगा। उन्होंने कहा कि चार वर्ष के बाद सरकार के पैरामिलिट्री फोर्स में 10 फीसदी आरक्षण किया है साथ ही राज्य में पुलिस में 10-20 फीसदी आरक्षण तय किया है। अग्निवीर को राज्य और केंद्र की पुलिस फोर्स या पैरामिलिट्री फोर्स में जाने का मौका मिलेगा। यह योजना सौ प्रतिशत रोजगार गारंटी की योजना है। उन्होंने कहा कि भाजपा की आंधी के आगे कांग्रेस नेता इधर-उधर भाग रहे हैं। अनाप-शनाप ब्यानवाजी कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा 400 का आंकड़ा पार कर केंद्र में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी तथा नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र के साथ प्रदेश में तख्ता पलट होगा तथा भाजपा सत्ता में होगी।

**चुनाव** सरकारी आईटीआई नैहरनपुखर व ढलियारा कॉलेज में किया ठहरने का प्रबंध

# लोकसभा चुनाव को देहरा पहुंची बाहरी राज्यों की फोर्स

**अनंत ज्ञान, गरली**

लोकसभा चुनावों को लेकर बाहरी राज्यों की फोर्स ने रविवार सुबह उपमंडल देहरा के अंतर्गत विभिन्न इलाकों में अपनी दस्तक दी। इस दौरान उपरोक्त तमाम फोर्स को आगामी लोकसभा चुनावों तक रात को ठहरने व खान पान की उचित व्यवस्था के लिए देहरा पुलिस ने सरकारी आईटीआई नैहरनपुखर, ढलियारा कॉलेज सहित अन्य सस्थानों का निरीक्षण कर वहां प्रबंध किया।

तेलगाना से आई उपरोक्त फोर्स के साथ सरकारी आईटीआई नैहरनपुखर पहुंचे पुलिस थाना देहरा के प्रभारी संदीप पठानिया ने बताया कि यहां सरकारी आईटीआई में एक बटालियन यानि 80 जवानों को रात को ठहरने व खान पान की उचित व्यवस्था की जा रही है ताकि गर्मी के मौसम में उपरोक्त टीम को कोई परेशानी न हो।


सरकारी आईटीआई नैहरनपुखर में बाहरी राज्यों से आई फोर्स के लिए रात को ठहरने व खाने की व्यवस्था का जायजा लेते थाना प्रभारी संदीप पठानिया व अन्य।

एसएचओ संदीप पठानिया ने बताया कि उपमंडल देहरा में तेलगाना व अन्य राज्यों से भी बटालियने आई हैं। उनके यहां विभिन्न जगहों पर ठहरने की उचित व्यवस्था की जा रही है। थाना प्रभारी संदीप पठानिया ने बताया कि पहली जून को लोकसभा चुनाव होने है इसके लिए बाहरी राज्यों से आई टीमें व देहरा पुलिस कड़ी मुस्तैदी से अपनी सेवाएं देगी ताकि यहां किसी तरह की कोई समस्या पैदा न हो और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए लोग घरों से बाहर आएं।

# कलाकारों ने नाटक के माध्यम से बताया मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने रविवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर में स्वीप अभियान के तहत लोकसभा चुनाव तथा विधानसभा उपचुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया और मतदान के महत्व के बारे में बताया। नाटक के माध्यम से वोट को बिना किसी प्रलोभन अपने देश के हित में मतदान कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। इस दौरान मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर बैनर प्रदर्शित किए गए। सहायक नोडल अधिकारी स्वीप सुधीर भाटिया ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के तहत ज्यादा से ज्यादा मतदान करवाने के उद्देश्य से पूरे जिले में मतदान जागरुकता अभियान चलाए जा रहे है। पिछले लोकसभा चुनाव में जिन पोलिंग बूथों पर मतदान प्रतिशत कम रहा है, उन पर विशेष फोकस कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।


धर्मशाला में गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक करते कलाकार।

### 1089 बुजुर्गों व दिव्यांगों ने किया मतदान

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी उपमंडल अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी ने ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक और दिव्यांग मतदाताओं के घर पर मतदान करवाने के लिए लगाए गए कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया की ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक तथा दिव्यांग व्यक्तियों की कुल संख्या 1131 थी जिसमें से अभी तक 1089 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग कर लिया है। उन्होंने बताया कि घर पर जाकर मतदान करवाने की प्रक्रिया 29 मई तक जारी रहेगी। इसमें बचे हुए मतदाताओं के घर दोबारा से कर्मचारी जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने इस कार्य में लगे सभी कर्मचारियों की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### पहले दिन 10 एसेंशियल सर्विस वोटर्स ने डाला वोट



**नादौन।** एसेंशियल सर्विस वाले कर्मचारियों की वोटिंग का क्रम आज रविवार से शुरू हो गया है। नादौन उपमंडल में 73 वोटर हैं, जिन्होंने फार्म 12-डी भरा है। इन कर्मचारियों के वोट 26, 27, 28 मई को एसेंशियल सर्विस सेंटर मिनी सेक्रेटेरिएट नादौन में एसडीएम कोर्ट रूम नंबर 312 में स्थापित सैंटर में डाले जाएंगे। रविवार को 10 एसेंशियल सर्विस वोट डाले गए। एसडीएम अपराजिता चंदेल ने वोट्र्स से आह्वान किया है कि वह लोकसभा चुनाव के लिए निर्धारित समय व स्थान में अपने मत का इस्तेमाल करें।

### अनुराग नफरती भाषण के लिए मशहूर : गिल

**हमीरपुर।** प्रदेश में जब आपदा आई तो लोगों को काफी नुकसान हुआ इस दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने बैंक खातों में 51 लाख रुपए लोगों की मदद के लिए दान दिए थे, लेकिन भाजपा के नेताओं ने 51 रुपए तक नहीं दिए। यह बात कांग्रेस राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अमृता गिल ने हमीरपुर में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हिमाचल देवभूमि के लोगों के साथ ऐसा क्यों किया? यहां के जवानों को अग्निवीर बना दिया और किसान को आंदोलन करने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर खुद तो 50 साल की उम्र में लेफ्टिनेंट बन गए और नौजवानों को अग्निवीर योजना के तहत ला दिया। अनुराग स्वयं तो 50 साल की उम्र में रिटायर नहीं हुए और हमारे जवान 21 साल की उम्र में रिटायर हो जाएंगे यह कैसा इंसाफ है। अमृता ने कहा कि अनुराग चार बार सांसद रहे हैं लेकिन वह नफरती भाषण के लिए मशहूर हैं। वह अपने भाषण में हिन्दू-मुस्लिम करते हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लोग जानना चाहते है कि खेल क्षेत्र में हिमाचल के लिए क्या काम किए। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में कांग्रेस सरकार आती है तो दस हजार रुपए हर अच्छे खिलाड़ी के लिए देगी और राष्ट्रीय स्तर पर के खिलाडियों को नौकरी देगी। इस अवसर पर कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल, प्रदेश प्रवक्ता नरेश ठाकुर, शगुन दत शर्मा भी मौजूद रहे।

### अनुराग को जनता का मिल रहा आशीर्वाद : नवीन



**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के पूर्व वाइस चेयरमैन व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने कहा कि प्रचंड गर्मी के बावजूद भी अनुराग ठाकुर को पांचवीं बार रिकॉर्ड तोड़ मतों से जिताने के लिए जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। यह बात नवीन शर्मा ने हमीरपुर विधानसभा के ब्राहलड़ी, नाल्टी व जंगल रोपा पंचायतों में चुनाव प्रचार के दौरान कही। शर्मा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर सांसद अनुराग ठाकुर के लिए वोट मांग रहे हैं। जनता तीसरी बार देश की कमान नरेंद्र मोदी के सशक्त हाथों में देने के लिए व हमीरपुर से लगातार पांचवीं बार अनुराग को भारी मतों से जिताने के लिए आतुर है। उन्होंने कहा कि जो जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चलाई हैं उनसे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों को भरपूर सहयोग मिला है चाहे वह किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, वन रैंक वन पेंशन आदि कई अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जिनका सीधा लाभ जनता को मिला है। नवीन ने कहा कि चार जून को कांग्रेस पार्टी देश व प्रदेश से हमेशा के लिए विलुप्त हो जाएगी।



कस्बा बड़ा के फस्टे में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

# फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में लगी आग

## लाखों की संपत्ति जलकर राख, समय पर नहीं पहुंची अग्निशमन की गाड़ियां

**अनंत ज्ञान, टौणीदेवी**

कहते हैं जरा-सी लापरवाही से कितना भारी नुकसान हो सकता है, इस बात का खुलासा आज कुछ समय में ही हो गयाञ। चील के पेड़ों से घिरे फारेस्ट रेस्ट हाउस के आसपास आग से बचने के कोई उपाय नहीं किए गए थे और न ही भवन में आग बुझाने के लिए पानी या यंत्र था जिसकी वजह से रेस्ट हाउस में आग से भारी नुकसान हो गया। रेस्ट हाउस में महंगी लकड़ी और उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है।

स्थानीय दुकानदार रमेश कुमार व अन्य ने बताया कि जंगल की आग इतनी भयानक थी कि कुछ ही पलों में भवन में आग लग गई। अक्सर खाली रहने वाले इस भवन में उस वक्त कोई नहीं था, नहीं तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। उन्होंने आग की सूचना अग्निशमन केंद्र हमीरपुर को दी, लेकिन वहां से छोटी गाड़ी भेजी गई जो समय पर नहीं पहुंच पाई और भवन जल गया। अग्निशमन केंद्र से दोबारा संपर्क किया गया तो बताया गया कि उनकी गाड़ियां वीआईपी मूवमेंट में लगी हुई हैं। आजकल जंगलों में आग लगने की घटनाएं प्रतिदिन हो रही हैं, ऐसे में वीआईपी मूवमेंट में अग्निशमन की गाड़ियां को ले जाना कितना सही है यह तो वही जानें, लेकिन इस वजह से सरकार की लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई।

उधर, पंचायत प्रधान रविंद्र ठाकुर ने बताया कि दरकोटी गांव की तरफ से बढ़ती हुई जंगल की आग रेस्ट हाउस के पास जब पहुंची तो स्थानीय लोगों ने पहले ही अग्निशमन केंद्र को आग्रह किया, लेकिन समय पर गाड़ी नहीं पहुंची और भवन की दूसरी मंजिल पूरी तरह जल कर राख हो गई। बाद में गाड़ी द्वारा आग पर काबू पाया गया। वन विभाग डीएफओ के अंकित कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।




टौणीदेवी स्थित फॉरेस्ट रेस्ट हाउस में लगी आग।

# 100 वर्षीय हुकमी देवी ने घर से किया मतदान



घर से मतदान करने वाली महिलाएं एसडीओ नीरज व अन्य के साथ।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

85 साल से अधिक आयु के मतदाताओं व अपंगों वोट डलवाने के लिए रविवार को नादौन विधानसभा के सभी 12 सैक्टरों में तीसरे दिन भी पोलिंग पार्टियों ने सैक्टर आफिसर्स की अगुवाई में होम वोटिंग करवाई।

इसी कड़ी में सैक्टर 10 में सैक्टर आफिसर एसडीओ नीरज की अगुवाई में धनेटा के पोलिंग बूथ भदरूं-90 के अंर्तगत एक परिवार की तीन महिलाओं ने हम वोटिंग की, जिनमें हुकमी देवी (100), कौशल्या देवी (92), व्यास देवी (90) ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सेक्टर ऑफिसर ने 100 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

## उम्मीदवार चुनावी खर्च के रजिस्टर को सही तरीके से करें मेंटेन : डॉ. कुंदन



**बिझड़ी।** लोकसभा चुनाव एवं हिमाचल प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों के लिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए व्यय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के सभी उम्मीदवारों के चुनावी खर्चे से संबंधित व्यय रजिस्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वह चुनाव से संबंधित सभी खर्चों को रजिस्टर में दर्ज करें। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार इस आदेश का सख्ती से पालन करें। अगर कोई गड़बड़ पाई जाती है तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं, सहायक निर्वाचन अधिकारी बड़सर राजेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि आवश्यक सेवाओं में नियुक्त कर्मचारियों ने फार्म-12 भरकर पोस्टल बैलेट पेपर के लिए आवेदन किया है वे 27 जून तक सहायक निर्वाचन कार्यालय बड़सर में स्थापित मतदान सुविधा के केंद्र में अपना मताधिकार का प्रयोग करना सुनिश्चित करें।

# प्रत्याशियों की पत्नियां प्रचार में बहा रहीं पसीना

## कमलेश नादौन में, अनीता सुजानपुर में और मैडम लखनपाल बड़सर में

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

प्रचंड गर्मी के बीच हमीरपुर जिला में प्रत्याशियों की पत्नियां भी चुनाव प्रचार में खूब पसीना बहा रही हैं। सुबह से शाम तक प्रचार में कोई कमी न रहे, इसलिए ये महिलाएं चुनावी माहौल के अंतिम दिनों में अब खूब दौड़ भाग कर रही हैं।

नादौन में मुख्यमंत्री की पत्नी कमलेश ठाकुर महिलाओं के साथ मोर्चे पर डटी हुई हैं। वे पिछले कई दिनों से गांव-गांव में पहुंचकर महिला वोटरों से मिल रही हैं और नुक्कड़ सभाएं भी कर रही हैं। नादौन क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए कोई कसर न रह जाए, इस पर भी नजर रखे हुए है। बजह यह है कि मुख्यमंत्री इसी क्षेत्र से हैं और यदि इस बार कांग्रेस प्रत्याशी को यहां से लीड न मिले तो फिर कई तरह के सवाल खड़े होंगे। मसला प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है, इसीलिए उनकी मौजूदगी यहां अहम बनी हुई है।

सुजानपुर में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा की पत्नी अनीता राणा भी महिलाओं संग रोजाना प्रचार में निकल रही हैं, जहां उनके पति नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहां वह खुद जा रही हैं। वह खुद भी एक मर्तबा यहां से प्रत्याशी रह चुकी हैं, इसलिए चुनाव प्रचार में उनका जुटना नई बात नहीं है। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल की पत्नी ऊषा लखनपाल भी पिछले चुनावों की तरह इस बार भी प्रचार में दिख रही हैं। उनका चुनाव प्रचार काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि इस बार उन्हें न केवल विरोधियों से जीत हासिल करनी है, बल्कि भाजपा के भीतर भी उन्हें नए इम्तिहान से गुजरना पड़ रहा है। इस बार फिजां उनके लिए अलग है, इसलिए पति की जीत के लिए उन्हें कई चुनौतियां भी इस बार 'पार' करनी है। (अनंत ज्ञान)



चुनाव प्रचार के दौरान सीएम की पत्नी कमलेश ठाकुर समर्थकों के साथ।



अनीता राणा समर्थकों के साथ प्रचार करती हुईं।



लखनपाल की पत्नी ऊषा लखनपाल समर्थकों के साथ विजयी चिन्ह बनाती हुईं।

# युवाओं ने किया कांग्रेस पार्टी का झंडा बुलंद



युवा वर्ग कांग्रेस का झंडा उठाए भाजपा के खिलाफ प्रचार करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

जैसे-जैसे मतदान का दिन नजदीक आ रहा हैं। वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मियां भी तेज होती जा रही हैं। नादौन विधानसभा क्षेत्र में युवा वर्ग मुख्यमंत्री सुक्खू के पक्ष में खुल कर सामने आ गया है। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए कांग्रेस का झंडा उठा लिया हैं।

इस बारे में जब अनंत ज्ञान टीम ने युवा कार्यकर्ता निखिल पटियाल, आयुष कौंडल, मनु ठाकुर, अंशुल ठाकुर, मुनीश चौधरी आदि से बात की तो उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार रोजगार देने के नाम पर पिछले 10 वर्षों से हमें ठगती आ रही है। वर्तमान समय में युवा वर्ग रोजगार के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। केंद्र सरकार ने अग्निवीर जैसी योजना लागू कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने बेरोजगारों को रोजगार देने की जो बात कही थी वह भी आज दिन तक झूठी साबित हुई है। प्रदेश की जय राम सरकार ने भी अपने कार्यकाल में बेरोजगारों को रोजगार प्रदान करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। इन सब बातों से दुखी होकर उन्होंने कांग्रेस का झंडा उठाया है। युवा डोर टू डोर चुनाव प्रचार करते हुए लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं।

## तेंदुए ने चार कुत्तों को बनाया अपना शिकार, लोगों में दहशत

**बिझड़ी।** बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत महारल तथा आसपास के क्षेत्र में तेंदुए का भय लोगों को सता रहा है। पिछले लगभग 20-25 दिनों से महारल जंगली, बागी, नोहण, सठवीं गांव के नजदीक तेंदुआ घूम रहा है, यहां तक कि यह तेंदुआ गांव के चार कुत्तों को भी अपना निवाला बना चुका है। तेंदुए के डर के कारण स्थानीय लोग अब खेतों में जाने से भी डर रहे हैं। हालांकि वन विभाग द्वारा महाराल के पास पिंजरा लगा रखा है, लेकिन तेंदुआ अभी तक पकड़ में नहीं आया हैं। महारल क्षेत्र में तेंदुआ गांव के आसपास घूम रहा जिसके चलते स्कूली बच्चों के अभिभावक भी डर के साए में जी रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चे सुबह-शाम इन्हीं रास्तों से होकर स्कूल आते-जाते हैं कल को कोई हादसा पेश आता है तो इसका कौन जिम्मेदार होगा। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग के आला अधिकारियों से तेंदुए को शीघ्र पकड़ने की पुरजोर मांग की है, ताकि जान माल का नुकसान न हो।

### क्या कहते हैं खंड वन्य अधिकारी

खंड वन्य अधिकारी विनोद कुमार ने कहा कि विभाग ने 20-25 दिन पहले महारल क्षेत्र में पिंजरा लगा रखा है। तेंदुआ अभी तक पकड़ में नहीं आया है। उन्होंने कहा कि विभाग ने एक-दो दिन उक्त स्थान पर ब्लास्टिंग भी करवाई थी, परंतु तेंदुआ कहां है पता नहीं चला। विभाग ने एक टीम क्षेत्र में भेज रखी है जो तेंदुए को जल्द पकड़ लेगी।



# आपदा में जनता के साथ खड़े रहे सीएम सुक्खू



कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के लिए वोट मांगते कांग्रेसी।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आपदा में प्रदेश की जनता के साथ खड़े रहे। लोगों का दुख-दर्द साझा किया और विपरीत परिस्थितयों में हरसंभव सहायता भी की। यही वजह है कि आज हिमाचल प्रदेश की जनता लोकप्रिय मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रही है।

यह बात ब्लॉक कांग्रेस के प्रधान कैप्टन पृथ्वी चंद, वरिष्ठ कांग्रेसी कपिल भारत भूषण, कांगड़ा बैंक के डायरेक्टर मोती जोशी, वरिष्ठ कांग्रेसी कमल कम्मी, संतोष संधू, ओबीसी नेता रजनीश चौधरी ने कही।

उन्होंने कहा कि कोविड का कहर टूटा तो अपनी पूरी सैलरी सरकारी कोष में दे दी। अपनी विधायक निधि के 35 लाख रुपए से हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में आरटीपीसीआर मशीन लगाई। आपदा आई तो प्रभावितों की मदद के लिए भूखे-प्यासे दिन-रात एक कर दिया। सुक्खू सरकार ने कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए ओपीएस लागू की। महिलाओं के कल्याण के उद्देश्य से इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना आदि किए कार्य किए। कार्यकर्ता डोर-टू-डोर जाकर कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं तथा प्रचार सामग्री बांट कर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांग रहे हैं।

# राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणन का रखें विशेष ध्यान : अमरजीत सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

जिलाधीश एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक तथा सोशल मीडिया में प्रसारित एवं प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों के प्रमाणन का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनावों के लिए लागू आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के चुनावी व्यय पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के विभिन्न खर्चों के अलावा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित होने वाले राजनीतिक विज्ञापनों, बल्क मैसेज तथा पेड न्यूज के संदिग्ध मामलों की भी निगरानी की जा रही है। अमरजीत सिंह ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में ऑडियो-विजुअल राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित करने के लिए जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) की पूर्व अनुमति एवं प्रमाणन अनिवार्य है। हालांकि, प्रिंट मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों के प्रकाशन के लिए पूर्व अनुमति एवं प्रमाणन की आवश्यकता नहीं है, लेकिन मतदान से एक दिन पहले या मतदान के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए भी एमसीएमसी से अनुमति लेनी होगी तथा उस विज्ञापन को प्रमाणित करवाना होगा।

इन विज्ञापनों के प्रमाणन के लिए प्रकाशन से कम से कम दो दिन पहले आवेदन करना होगा। इसलिए, यदि कोई उम्मीदवार मतदान के दिन एक जून को या एक दिन पहले 31 मई को प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करने का इच्छुक हो तो वह इसे दो दिन पहले प्रमाणित करवा लें। निर्धारित अवधि के बाद जिला स्तरीय एमसीएमसी कोई भी विज्ञापन प्रमाणित नहीं करेगी।

**31 मई और एक जून को विज्ञापनों के प्रकाशन के लिए 2 दिन पहले करवाना होगा प्रमाणन**



## नादौन-हमीरपुर में अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया मतदान

**हमीरपुर/नादौन।** विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर और 40-नादौन में पोस्टल वोटिंग सेंटर पर मतदान का विकल्प चुनने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के कमरा नंबर 117 में और नादौन के मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 312 पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किए गए हैं।

इन दोनों पोस्टल वोटिंग सेंटरों में रविवार से मतदान शुरू हो गया। एसडीएम हमीरपुर मनीष कुमार सोनी और एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल ने बताया कि पात्र अधिकारी-कर्मचारी 27 और 28 मई को भी सुबह 9 से सायं 5 बजे तक पोस्टल वोटिंग सेंटर पर आकर मतदान कर सकते हैं।

**कार्रवाई** हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावों में हर गतिविधि पर फ्लाइंग स्क्वायड टीमों की नजर

# चेकिंग के दौरान पकड़ीं शराब की 45 बोतलें और बीयर

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनावों के लिए कुछ ही दिन शेष हैं, ऐसे में राजनीतिक पार्टियों द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिए कई प्रकार के प्रलोभन दिए जाते हैं। चुनावों में मतदाताओं को धनबल और शराब बांटी जाती है ताकि वे वोट उनके पक्ष में करें। आचार संहिता के बाद ही चुनाव आयोग के जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 3 फलाइंग स्क्वायड और 3 स्टेटिक टीमों का गठन करने के निर्देश दिए थे।

यह टीमें विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह जाकर धनबल का प्रयोग न हो और गाड़ियों में शराब या अन्य दूसरे पदार्थ न ले जा सके, उसकी लगातार चेकिंग कर रही हैं। पुलिस विभाग द्वारा बनाई टीम भी जगह-जगह नाके लगाकर गाड़ियों की चेकिंग कर रही है। इस चेकिंग के दौरान 45 बोतलें अंग्रेजी शराब, 24 कैन बीयर, 18 बोतलें बीयर की बरामद की हैं।

बता दें कि प्रत्येक विधानसभा में यह टीमें लगातार 24 घंटे निगरानी कर रही है और चेकिंग भी कर रही हैं। फलाइंग स्क्वायड की टीम भी जगह-जगह नाके लगा रही है और गाड़ियों की चेकिंग कर रही हैं, वहीं स्टेटिक टीम फाइनेंस से संबंधी मामलों पर नजर बनाए हुए है। इसके अलावा राजनीतिक पार्टियों द्वारा दिए जाने वाले विज्ञापन और पेड न्यूज पर भी लगातार नजर रख रहे हैं। इसके लिए भी टीमें बनाई गई हैं जो पेड न्यूज को लेकर कार्य कर रही हैं। गौर रहे कि मतदान के लिए 4 दिन शेष हैं ऐसे में यह टीमें भी पूरी सतर्कता के साथ फील्ड में डटी हुई हैं। (अनंत ज्ञान)






नाके के दौरान गाड़ियों की चेकिंग करते पुलिस के जवान।

### क्या कहते हैं सहायक निर्वाचन अधिकारी

**इस** बारे में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम मुनीष सोनी ने बताया कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में अभी तक शराब की बरामदगी हुई है। अन्य टीमें भी चुनाव से संबंधित गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। चुनावों में मतदाताओं को किसी प्रकार का प्रलोभन देने वाली सामग्री न दें और निष्पक्ष चुनाव करवाने में प्रशासन की मदद करें।

## न्यूज ब्रीफ

### हनुमान मंदिर में लगाई मीठे पानी की छबील



**बंगाणा।** भीषण गर्मी के चलते उपमंडल बंगाणा के तहत हनुमान मंदिर धुंधला में स्थानीय लोगों द्वारा ठंडे मीठे पानी की छबील का अयोजन किया गया। युवाओं द्वारा राह चलते राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाया गया। इस मौके पर सेवादारों में उपस्थित रहे रणजीत सिंह अजीत सिंह, मास्टर रजनीश, निंजा अंकू, अनमोल, पंकज रानौत, अजय वर्मा, अक्षय विशाल, बब्लू मनोज, दानिश, दीवानशु राशि रूही इत्यादि मौजूद रहे।

### बैठक में सैनिकों की समस्याओं पर करेंगे चर्चा

**ऊना।** पूर्व सैनिक संघर्ष संघ ऊना की अहम बैठक दिनांक 28 मई सुबह साढ़े नौ बजे मंगलवार को पारस होटल ऊना में संघ के प्रधान कैप्टन शक्ति चंद की अध्यक्षता में होगी। इस बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा होगी। इस बैठक का मुख्य मुद्दा वन रैंक, वन पेंशन की विसंगतियां, मिलिट्री जोखिम भत्ता, डिसेबिलिटी पेंशन, अग्नि वीर पथ योजना होगा। कैप्टन शक्ति चंद ने पूर्व सैनिकों से अपील की है कि इस अहम बैठक में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने बहुमूल्य विचार सांझा करें।

### भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद किया ग्रहण

**बंगाणा।** जिला ऊना उपमंडल बंगाणा क्षेत्र की खरयालता पंचायत के गांव बही में स्थित बाबा भरथरी व नाग देवता मंदिर में रविवार सुबह पूजा-अर्चना कर झंडा रस्म अदायगी कर महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन दोपहर बाद विशाल भंडारे का आयोजन करवाया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तजनों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर संचालक ठाकुर कुलदीप सिंह, अशोक ठाकुर, बतन सिंह, नरेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, तरसेम लाल, देसराज ठाकुर, सुशील ठाकुर, काका ठाकुर, औंकार सिंह, मुनीश ठाकुर, आतिश राणा, अमन ठाकुर, सौरभ ठाकुर, अनिकेत ठाकुर, सहित अन्य भक्तजनों ने भंडारे में अपना सहयोग दिया। वहीं, मंदिर के पुजारी कुलदीप सिंह ने सभी भक्तों का इस मौके पर सहयोग करने तथा भंडारे का सफल आयोजन करवाने में सहयोग करने बाले सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया।

### सीनियर नेशनल थ्रो बाल प्रतियोगित छह जून से

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश सीनियर थ्रो बाल टीम का चयन रविवार को बंगाणा में किया गया। मुख्यातिथी के रूप में हिमाचल आलोंपिक ऐसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ खेलों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। वहीं पर सभी खिलाड़ियों को बढ़िया प्रदर्शन करने तथा हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया है। उन्होंने खिलाड़ियों को किट व ड्रैस वितरित की। इसमें हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग जिलों के थ्रो बाल खिलाड़ी व कोच भाग लिया। 47वीं सीनियर नेशनल थ्रो बाल प्रतियोगिता 6-8 जून 2024 को बर्ड एंड डीड महाविद्यालय हयाथनगर हैदराबाद तेलंगाना में होगी। हिमाचल प्रदेश थ्रो बाल ऐसोसिएशन के महासचिव जोगिंद्र देव आर्य ने सीनियर टीम में खिलाड़ियों में लड़कियों में मानसी राणा, सुमिक्षा पंवार, गुरप्रीत कौर, तारसवी शर्मा, शताक्षी, उमा देवी, निशा देवी, बेबी कुमारी, साक्षी, आंशिका, दिया शर्मा, अंजली और लड़कों में समीर खां, सर्वजीत सिंह, आर्यन बत्स, अनमोल, रूपांश शर्मा, प्रशांत, अंकित राणा, आयुष शर्मा, अनिल, पंकज माह, नीरज, कीर्ति लाल, आदित्य, भार्गव शर्मा, पुनीत, ललित विशाल, आदर्श शर्मा सहित का चयन हुआ। पंचायत समिति सदस्य राजेंद्र कुमार रिंकू ने 5100, सेवानिवृत्ति शिक्षक रमेश चंद ने 1100 सहयोग राशि प्रदान किया।

# 55 विधवा महिलाओं को बांटा फ्री राशन

## कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज पहुंचे चीफ गेस्ट, दस सालों में वितरित किया 46 लाख का राशन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमोत्कर्ष अमोदनी राशन वितरण प्रकल्प के तहत बेसहारा महिलाओं को सुविधा पैलेस होटल में राशन वितरण किया गया। कार्यक्रम में 55 पात्र विधवा महिलाओं को 1,23,750 रुपए का निशुल्क राशन वितरित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। जबकि पूर्व विधायक ओपी रतन व जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने द्वीप प्रजवल्लित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि हिमोत्कर्ष परिषद समाज सेवा के विभिन्न प्रकल्पों को चला रही है। उन्होंने दान की महत्ता बताते हुए लोगों को दान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दान करने से मनुष्य के जन्म-जन्मांतरों के पाप कट जाते है। मनुष्य को अपने साम्मर्थ्य के अनुसार दान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने अन्न दान को सर्वोत्तम दान बताया। उन्होंने कहा कि अगर मनुष्य किसी भूखे को रोटी, प्यासे को पानी तथा नंगे को कपड़े दान करता है तो उसे घर बैठे ही 68 तीर्थो की यात्रा का फल मिलता है। उन्होंने अपनी तरफ से हिमोत्कर्ष परिषद को इस प्रकल्प के लिए 50 हजार रुपए प्रदान किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ओपी रतन ने हिमोत्कर्ष के सेवा कार्यो की सराहना की। हिमोत्कर्ष परिषद महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। महिलाओं का शिक्षित व आत्मनिर्भर होना बहुत जरूरी है। हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र कंवर ने कहा कि राशन वितरण कार्यक्रम के तहत इस वर्ष 55 मेहनतकश विधवाओं का चयन किया गया था। जिन्हें एक वर्ष के लिए परिषद द्वारा हर माह 750 रुपए का राशन दिया जाना है। इसी प्रकल्प के तहत रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अप्रैल, मई व जून माह के राशन के रुप में प्रत्येक महिला को 2250 रुपए का राशन प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि हिमोत्कर्ष परिषद का यह प्रकल्प 12वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इससे पहले परिषद ने पिछले दस सालों में 630 महिलाओं को करीब 46 लाख रुपए का राशन वितरित किया है। जितेंद्र कंवर ने कहा कि ये प्रकल्प संस्था के दानी सज्जनों के सहयोग से चल रहा है। जिसके लिए दानवीर सज्जनों का संस्था आभार जताती है। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने हिमोत्कर्ष संस्था के अन्य सामाजिक कार्यो के बारे में भी जानकारी दी। दो रोगियों को 25 हजार, दो छात्राओं को 22 हजार की वित्तीय मदद हिमोत्कर्ष परिषद ने कार्यक्रम में दो कैंसर व किडनी रोगियों को 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं, दो छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए 22 हजार रुपए की वित्तिय मदद की।

राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने गुरलीन पुत्री अमीत चंद बीएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष हिमकैप्स लॉ एंड नर्सिंग कालेज बढ़ेड़ा को 11000 रुपए तथा आस्था गौतम पुत्री स्वर्गीय राजेश कुमार बीएससी आर्नस इंद्रप्रस्थ कन्या महाविद्यालय,दिल्ली को शिक्षा पूर्ण करने के लिए 11000 रूपए प्रोत्साहन राशि भेंट की।





बाबा बाल जी महाराज अमोदनी राशन वितरण समारोह में मेधावी छात्रों का सम्मानित करते हुए।

**कार्यक्रम में दो जरूरतमंद लोगों को दी आर्थिक मदद**

**वहीं,** मेडिकल एमर्जेसी से जूझ रही नरेश कुमारी पत्नी स्वर्गीय किशन लाल वार्ड-सात मेन बाजार ऊना को 20 हजार रुपए तथा सूजल पुत्र सुनील कुमार वार्ड-8 ऊना को 5000 रुपए की मदद प्रदान की। डॉ. राजिंद्र शर्मा के सौजन्य से बांटी 150 श्रीमद्भागवत गीता कार्यक्रम के दौरान परिषद के सलाहकार डॉ. राजिंद्र शर्मा के सौजन्य से 150 श्रीमद्भागवत गीता वितरित की कई। परिषद सदस्यों, दानवीर सज्जनों व विधवा महिलाओं को श्रीमद भागवत गीता बांटी गई।

# मोदी सरकार करेगी 400 पार: वीरेंद्र कंवर

## हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव प्रभारी ने कांग्रेस सरकार को लिया आड़े हाथ

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव प्रभारी और पूर्व सरकार में मंत्री वीरेंद्र कंवर ने आज बंगाणा में कहा कि इस समय देश में प्रधानमंत्री भाई नरेंद्र मोदी जी की लहर चल रही है जो 400 पर करके ही छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि विरोधियों को अब समझ आएगा कि गठबंधन में कितनी ताकत होती है और कहा कि इंडी गठबंधन केवल और केवल झूठ का पुलिंदा है और जो भी लोग इनमें शामिल हैं वे सभी किसी न किसी प्रकार से बुरे कामों में लिप्त है।

उन्होंने कहा मैंने महसूस किया कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की जनता अनुराग को पांचवीं बार पांच लाख से ज्यादा मतों से जीत कर दिल्ली भेजेगी उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई उद्देश्य नहीं है कि वह जीत पाए। क्योंकि ना तो वह जनता के लिए और ना ही समाज के लिए और न ही सनातन के लिए कोई कार्य कर पाई हैं। उन्होंने कहा कि जब बात राम मंदिर की आई तो इन लोगों ने विरोध किया, जब बात धारा 370 की आई तो भी इन लोगों ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि हर बात पर विरोध करना कहां तक जायज है। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि इन लोगों ने जब ईनकी सरकार थी तो इन्होंने बड़े-बड़े घोटाले जरूर किए हैं। कभी स्पेम घोटाला, कभी कोयला घोटाला तो कभी और अन्य। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे अब यकीन है और आपको हो न हो कि दिल्ली में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री तो हमीरपुर सांसदीय क्षेत्र से अनुराग ठाकुर पांचवीं बार सांसद बनने जा रहे हैं। वहीं, वीरेंद्र कंवर ने कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा लगातार दसवां और अनुराग सिंह ठाकुर लगातार पांचवां चुनाव जीतने जा रहे है और मात्र पांच दिन चुनाव प्रचार के शेष है, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी अभी तक हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के शहरी मतदाताओं तक भी नहीं पहुंच पाए हैं। कंवर ने कहा कि राज्य के सीएम, डिप्टी सीएम एवं अन्य उनके मंत्री विधायक प्रचार से थोड़ा किनारा कर रहे है। (अनंत ज्ञान)



प्रेसवार्ता करते हुए पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर।

# श्याम बंदना महोत्सव में भजन गायिका रजनी राजस्थानी के गानों पर झूमे लोग

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

श्री श्याम मित्र मंडल संतोषगढ़ (ऊना) के तत्वावधान में शनिवार रात्रि आयोजित तृतीय श्री श्याम बंदना महोत्सव कार्यक्रम में प्रसिद्ध श्याम भजन गायिका रजनी राजस्थानी ने हजारों श्रद्धालुओं को अपने भजनों पर झूमने को मजबूर कर दिया। बाबा श्याम व सालासर बालाजी, मेहंदीपुर बाला जी का विशाल संकीर्तन शनिवार की रात संतोषगढ़ में आयोजित किया गया। इस में राजस्थान के जयपुर से पहुंची प्रसिद्ध श्याम भजन गायिका रजनी राजस्थानी के भजनों पर हजारों श्रद्धालु झूम उठे। रजनी राजस्थानी ने अपने प्रसिद्ध भजनों ये बाबा तो मेरा रखवाला है, मुझे पल-पल संभाला है, तेरा गुणगान सांवरे, मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, श्याम आएंगे, मैं नचना श्याम दे नाल, श्याम प्यारे तेरे गीत गाता रहूं, कालो टीको लगवाले, कीर्तन की है रात बाबा, आज थाणे आनो है, मुझे बाबा सहारा दो, जब से हुई है तेरी मेहर आदि उद्घोष गूंजते रहे। पटियाला (पंजाब) से बाबा का गुणगान करने पहुंचे कलाकार आदित्य गोयल ने भी बाबा श्याम के शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर श्याम प्रेमियों को रसपान कराया। कार्यक्रम की शुरुआत नमिश बस्सी ने गणेश बंदना व अपने दूसरे भजनों के साथ की। इसमें श्याम प्रेमियों ने भक्ति के रस में डूबकर बंदना महोत्सव का आनंद लिया। तृतीय विशाल श्याम बंदना महोत्सव में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी शिरकत कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, ऊना सदर से भाजपा विधायक सतपाल सत्ती,नप अध्यक्ष निर्मला देवी, उपाध्यक्ष रजनीश चब्बा सहित नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। मंडल की ओर से सभी को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए। बाबा श्याम व सालासर बालाजी के कीर्तन में हजारों श्रद्धालुओं ने शिरकत की।



# चंबा में मतदाता जागरूकता के लिए निकाली साइकिल रैली



प्रतिभागियों को सम्मानित करते गणमान्य।

**एमएम डैनियल, चंबा**

स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला प्रशासन चंबा द्वारा जिला मुख्यालय में एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को स्वीप के नोडल अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जबकि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने साइकिल रैली के प्रतिभागियों व विजेताओं को सम्मानित किया। चंबा चौगान में मिलेनियम गेट से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान साइकिल रैली के प्रतिभागियों को उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने प्रतिभागिता प्रमाण पत्र व मेडल्स देकर सम्मानित भी किया गया

# जिले में 1,438 ने घर से डाला वोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 25 मई तक 1438 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है जिनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1106 मतदाता, 327 दिव्यांग मतदाता तथा 5 आवश्यक सेवाओं से संबंधित मतदाता शामिल है। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने दी है।

वहीं विधानसभा क्षेत्र चुराह में 85 वर्ष व इससे से अधिक आयु के 202 तथा 39 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया है। भरमौर में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 207, दिव्यांग 49 तथा आवश्यक सेवाओं से संबंधित 5 अधिकारीयों व कर्मचारीयों ने मतदान किया है।



मुकेश रेपसवाल।

चंबा में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 210 तथा 41 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। डलहौजी में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 195 तथा 88 दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। भटियात में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 292 तथा 110 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया है। 25 मई को अबसेंटी वोटर श्रेणी में तहत जिला में 1 दिन में 171 मतदाताओं ने अपने घर द्वार पर ही मतदान किया है।

## 107 साल की रहलो देवी ने किया मतदान



बुजुर्ग महिला से वोट डलवाती पोलिंग टीम।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

चुनाव आयोग द्वारा घर घर जाकर 85 वर्ष से ऊपर के मतदाताओं का मतदान करवाया जा रहा है। इस कड़ी में भट्टियात विधानसभा क्षेत्र में भी 8 पोलिंग पार्टी इस कार्य में जुटी है जहां 425 लोगों के मत डलवाएं जाएंगे। पोलिंग पार्टी ने घर जाकर रहलो देवी का मत डलवाया। वहीं दुघ पोलिंग स्टेशन में 104 वर्षीय रेशमो देवी ने अपना मत डाला।

भट्टियात इलेक्शन कानूनगो संजय शर्मा ने बताया कि भट्टियात में 21 मई से घर घर जाकर मतदान करवाया जा रहा है। जिसमें नियुक्त की गई सभी टीमों ने अपना कार्य बखूबी निभाया है।

# 24 परिवारों ने कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का दामन



भाजपा में शामिल होने वाले लोग नेताओं के साथ।

**अनंत ज्ञान भरमौर**

24 परिवारों ने कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है। कांग्रेस में शामिल हुए 24 परिवारों के लोगों को कहना है कि वह कांग्रेस की नीतियों से तंग आकर विधायक डॉक्टर जनक राज की कार्यप्रणाली से खुश होकर भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। इन लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कंगना के दौरे दौरान भाजपा परिवार में अपने आस्था व्यक्त की है।

वहीं भाजपा में शामिल होने के बाद डॉक्टर विधायक जनक राज ने इन्हें आश्वासन दिया है कि उन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा।

### सूडोकु 0075 ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0074 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# पठानकोट-भरमौर मार्ग वाहन चालकों के लिए बना आफत

**ओपी शर्मा, भरमौर**

पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे बग्गा से लेकर खडामुख वाहन चालकों के लिए आफत बन गया है। जगह-जगह पड़े हुए गढ्डे व कच्ची सड़क वाहन चालकों व यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। रविवार को भरमौर में भाजपा की रैली के दौरान भी भरमौर में चल रही सड़कों की खस्ता हालत का मुद्दा भी जनसभा में खूब गुंजा। भरमौर के विधायक ने यहां पर सड़कों की खस्ता हालत को लेकर लोग निर्माण मंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के ऊपर भरी सभा में खूब तंज कसा।

हालांकि भरमौर में पर्यटकों का सीजन भी शुरू हो गया है लेकिन यह सड़क आने जाने वाले पर्यटकों को भी चिढ़ाने लगी है। इस सड़क से हर रोज सैकड़ो हिमाचल प्रदेश की कोई उच्च अधिकारी एक जगह से दूसरी जगह पर गुजरते हैं। लोगों का कहना है कि यहां पर निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाए नहीं होती तो शायद यह सड़क महीनों तक बंद रहती।

# गर्मी से राहत के लिए खजियार में पर्यटकों की भीड़

**आरके रांगड़ा, चंबा**

मैदानी इलाकों में लगातार बढ़ते तापमान और असहनीय गर्मी के बीच खजियार में पर्यटकों की भीड़ से राज्य के पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है। लोग गर्मियों में ही घूमने निकलते है और खजियार यकीनन उनके पसंदीदा स्थलों में से एक है। इस वीकेंड भी खजियार में बड़ी संख्या में पर्यटक आए है। पर्यटकों के खजियार आने का सिलसिला राज्य में मानसून आने के बाद भी जारी रहने की उम्मीद है।

पर्यटक स्थल खजियार में पर्यटक देश भर से आते हैं लेकिन अधिकतर पर्यटक उत्तर भारत के राज्यों गुजरात, राजस्थान, कोलकाता आदि के होते हैं।

डलहौजी की अपनी अलग सुंदरता है जो उसे अन्य पर्यटन स्थलों से अलग करती है। इसीलिए पंजाब से अधिकतर लोग खजियार आकर छुट्टियां बिताना पसंद करते हैं। सप्ताह के अंत में पंजाब से आए पर्यटकों की संख्या अधिक होती है। डलहौजी में इन दिनों पंजाब से आए पर्यटकों के मध्य सप्ताहांत अवकाश का नया चलन देखा जा रहा है। साल में कई सार्वजनिक अवकाश होने से उनकी संख्या और बढ़ जाती है क्योंकि इससे पर्यटकों को ज्यादा लंबा अवकाश बिताने का मौका मिल जाता है।



मैदान में लोगों की चहल-कदमी का दृश्य।

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

27 मई, 2024, सोमवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** चतुर्थी: (4:56) **: नक्षत्र :** पूर्वाषाढ़ा (10:14), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** शुभ (06:36) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:45), **राहुकाल** (7:08 -8:51

## विशेष दिन

- 27 मई 2024 : पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि आज।
- 28 मई 2024 : वीर सावरकर जयंती कल।

**मेष:** नए लोगों से संपर्क आगे बढ़ने में मददगार साबित होगा। वाहन सुख मिलेगा। घर परिवार की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**वृषभ:** परिवार के लोगों की नासमझी की वजह से क्रोधित होंगे। राजनीती में नाम कमाने के लिय अधिक मेहनत करना होगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे।

**मिथुन:** मन में प्रसन्नता रहेगी। समय पर कार्य न होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**कर्क :** आजीविका के साधनों में वृद्धि होगी। नए वस्त्रों की प्राप्ति संभव है। मेहनत का फल न मिलने से क्रोध व दुख होगा। कलह व हानि संभव है।

**सिंह:** जीवनसाथी के साथ मतभेद होगा। आय के नए स्त्रोत हाथ आयेंगे। संतों का सानिध्य प्राप्त होगा। शरीर कष्ट रह सकता है। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**कन्या :** कार्य की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति से खुश होंगे। राजकीय कोप का सामना कर पड़ सकता है, सावधान रहें। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**तुला:** आप की भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। धर्म से जुड़ी यात्रा सफल रहेगी। विवेक से कार्य करें। सफलता जरूर मिलेगी।

**वृश्चिक:** परिवार में किसी समारोह की रूपरेखा बनेगी। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। चिंता, भय व तनाव का वातावरण रहेगा।

**धनु :** व्यावसायिक बकाया वसूली होगी। अस्वस्थता रहेगी। संतान के विवाह की चिंता बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम प्रसंग में टकराव संभव है।

**मकर:** व्यापार में नई योजनाएं बनेंगी। जो लाभान्वित करेंगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। शत्रु आप के कार्यों में अवरोध पैदा करने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ :** आज आप की धार्मिक आस्था बढ़ेगी। भवन के निर्माण में आ रही प्रशासनिक बाधाएं दूर होंगी। निवेश-नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी की चिंता रहेगी।

**मीन:**मनचाहा जीवनसाथी मिलने से प्रसन्न रहेंगे। कारोबार में नुकसान से चिंतित रहेंगे। विवाद से हानि संभव है। जोखिम-जमानत के कार्य टालें।

**अनदेखी** — रावी व सहायक नदियों के तटों पर उड़ रहीं नियमों की धज्जियां

# रावी में धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन

**एमएम डैनियल, चंबा**

प्रशासनिक अधिकारियों व परियोजना प्रबंधकों द्वारा रावी नदी तट पर रोजाना चेतावनी जारी की जा रही है। वहीं इन चेतावनियों को कई तटों पर पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासनिक आदेशों को ठेंगा दिखा जिंदगी को जोखिम में डाला जा रहा है। वहीं रावी नदी के तेज बहाव में अवैध खनन किया जा रहा है।

वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी चेतावनी निर्देश अधिकारिक बैठकों व प्रचार-प्रसार की कार्रवाई तक सीमित रख रहे हैं। रावी के तटों पर रिहायशी ठिकाने बनाने सहित लोगों द्वारा व्यवसाय चलाए जा रहे हैं।

रावी नदी तट से हाईवे मार्ग के सटे होने के चलते कई अधिकारी रोजाना आवागमन कर इन तटों पर जोखिम में डली जिंदगियों को देखते हैं। मगर आज दिन दिन तक किसी अधिकारी द्वारा इस विषय में आवाज बुलंद करना गवारा नहीं समझा गया है। वहीं रावी नदी में गत वर्ष आए भयंकर उफान की बात करें तो वह मंजर याद कर कई के रौंगटे आज भी खड़े हो जाते हैं।



रावी नदी में अवैध खनन करते हुए।

> प्रशासनिक चेतावनी को जारी करने सहित पुलिस विभाग को नदी तटों का निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। जिसमें तट पर गश्त कर पर्यटकों व स्थनीय लोगों की छानबीन कर उन्हें तटों से दूर रखने के साथ-साथ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> **-अरुण शर्मा, एसडीएम चंबा।**



## आत्मा परमात्मा का ही अंश : डॉ. राजेंद्र

**चंबा।** संत निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा डॉ. राजेंद्र की अगुवाई में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया। राख, जांघी, मैहला, धरवाला, जडेरा, साहो, मंगला आदि गांवों से आए संतों महात्माओं ने अपने विचारों व भजनों द्वारा अपनी भावनाएं व्यक्त की। अंत में मंच पर विराजमान महात्मा डॉ. राजेंद्र ने कहा कि आत्मा परमात्मा का अंश है, जिस प्रकार जल की एक बूंद सागर का अंश होती है। इस मौके पर निरंकारी मिशन ब्रांच चंबा विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



जिसने ज्ञान को आचरण में उतार लिया, उसने ईश्वर को ही मूर्तिमान कर लिया। – विनोबा भावे

## संपादकीय

# कम मतदान कर रहा परेशान

लोकसभा चुनाव के छह चरण पूरे हो गए हैं। सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को मतदान होना है। अब तक औसत मतदान 60 प्रतिशत के आसपास ही रहा है, जो कि निर्वाचन आयोग ही नहीं, राजनेताओं के लिए भी चिंता का विषय है। कम मतदान से लोकतंत्र के मूल उद्देश्य पूरे नहीं होते। कुल मतदाताओं के एक चौथाई हिस्से से भी कम का समर्थन पाकर पार्टियां सरकार बना लेती हैं और फिर पूरी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं। उत्तर और पश्चिम इलाकों में, जहां इस समय प्रचंड गर्मी है, वहां तो कम मतदान हो ही रहा है, पर्वतीय क्षेत्रों और दक्षिण राज्यों, जहां गर्मी नहीं है, में भी मतदाताओं में उत्साह नहीं नजर आता है। इसकी एक वजह राजनीतिक व्यवस्था से मोहभंग भी हो सकता है। निर्वाचन आयोग और राजनीतिक दलों की तरफ से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन प्रेरित किया जा रहा है, लेकिन इससे बहुत फर्क नहीं पड़ रहा। कुछ अपवादों को छोड़ दें, तो कभी वोटिंग औसत से ज्यादा नहीं बढ़ी। सिर्फ 2014 और 2019 में मतदाताओं ने उत्साह दिखाया था और औसतन 66 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ था। सवाल यह है कि ऐसे में क्या उपाय किए जाएं कि मतदाता मतदान करने के लिए प्रेरित हों।

कम वोटिंग भारत ही नहीं, दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों के लिए चिंता का विषय है। कई देशों ने मताधिकार का उपयोग करना अनिवार्य कर दिया, तो कुछ देशों ने मतदान नहीं करने पर अलग-अलग तरह से दंड लगाने के कानून भी बनाए, हालांकि कुछ देशों ने बाद में व्यावहारिक परेशानियों के चलते इसे रद्द कर दिया। सबसे पहले बेल्जियम ने 1892 में वोटिंग अनिवार्य करने का कानून बनाया। फिर अर्जेंटीना ने 1914 में और ऑस्ट्रेलिया ने 1924 में ऐसा ही कानून लागू किया। उसके बाद ऑस्ट्रिया, ब्राजील, मिस्र, फिजी, बुल्गारिया, बोलीविया, इटली, ग्रीस, फ्रांस (सिर्फ सीनेट), अमेरिका (कुछ राज्य), मैक्सिको, फिलीपीन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड, स्पेन, तुर्किये, वेनेजुएला, पेरू, पनामा आदि ने भी कानून बनाए। इनमें कुछ देशों ने कानून को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द कर दिया। भारत की स्थिति कुछ भिन्न है। यहां कई बार वोटिंग अनिवार्य करने को लेकर लोकसभा में चर्चा हुई। हर बार यही निष्कर्ष निकला कि ऐसा करना व्यावहारिक नहीं होगा।

भारत में इस पर सबसे पहले चर्चा 1950 में तब शुरू हुई, जब जनप्रतिनिधित्व अधिनियम लागू किया जा रहा था। डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित संविधान सभा के कई सदस्यों ने इसे सिरे से नकार दिया। 1990 में दिनेश गोस्वामी कमेटी ने वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के उपायों पर विचार करने के दौरान इसे अनिवार्य किए जाने पर भी गौर किया और अंततः इसे नामंजूर कर दिया। वर्ष 2001 में कंसल्टेशन पेपर ऑफ नेशनल कमीशन रिव्यू द वर्किंग ऑफ द कंस्टीट्यूशन ने इस मुद्दे पर विचार करने के बाद कहा कि वोट नहीं देने पर दंड का प्रावधान रखने से कई जटिलताएं पैदा होंगी। चुनावी खर्च को लेकर गठित तारकुंडे कमेटी ने भी अपनी रिपोर्ट में कहा कि वोटिंग अनिवार्य करने से मतदाताओं में रोष पैदा होगा और इसके दुरुपयोग की आशंका रहेगी। बेहतर होगा कि वोटरों को मतदान के लिए उत्साहित किया जाए। सच तो यह है कि चुनावों में अशिक्षित और अल्पशिक्षित मतदाताओं में मतदान को लेकर जितना उत्साह दिखता है, उतना प्रबुद्ध वर्ग में नहीं। प्रबुद्ध वर्ग का एक बड़ा हिस्सा आलस और अरुचि की वजह से घर से नहीं निकलता। यही वजह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में पंजीकृत वोटरों में से 40 प्रतिशत तो वोट ही नहीं देते। ■

# अग्निपथ योजना पर सियासत करना उचित नहीं

आज देश भर में अग्निपथ योजना पर बयान सुनने को मिलते हैं, जो देशहित में नहीं हैं। देश की सुरक्षा के लिए क्या अच्छा है और क्या नहीं, यह आर्मी के ऊपर छोड़ देना चाहिए क्योंकि अगर कहीं युद्ध हुआ तो वहां आम नागरिक लड़ने के लिए नहीं जाएंगे, वहां तो सेना ही जाएगी। आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहां युद्ध की प्रकृति व्यापक रूप से बदल गई है।


संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत को न केवल स्थल, जल और वायु से बल्कि साइबरटेक, इंटरनेट ऑफ मिलिटरी थिंग्स और कृत्रिम बुद्धिमता से भी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। इस परिदृश्य में एक बेहतर सुसज्जित और अधिक तैयार सेना की आवश्यकता है। देश के लिए एक तरुण और सुसज्जित सशस्त्र बल की आवश्यकता की पूर्ति के लिए सरकार अग्निपथ योजना लेकर आई है। शीघ्र ही भारतीय सशस्त्र बल 'अग्निवीर' की भर्ती संबंधी सभी महत्वपूर्ण कार्य शुरू करेंगे, जिन्हें हमारी युद्ध इकाइयों की रीढ़ के रूप में परिकल्पित किया गया है। इस संदर्भ में अग्निपथ योजना के सारतत्व को समझना प्रासंगिक होगा।

केंद्र सरकार ने तीनों सैन्य सेवाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) में नए सैनिकों की भर्ती के लिए अग्निपथ योजना का अनावरण किया है। यह योजना देशभक्त और अभिप्रेरित युवाओं को चार वर्ष की अवधि के लिये सशस्त्र बलों में सेवा करने का अवसर देगी। सेना में शामिल होने वाले इन युवाओं को 'अग्निवीर' कहा जाएगा। चार वर्ष की सेवा के बाद किसी बैच के केवल 25 प्रतिशत सैनिकों की ही संबंधित सेवाओं में 15 वर्ष की अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति की जाएगी। यह योजना केवल अधिकारी रैंक से नीचे के सैन्य कर्मियों के लिए है, जो सेना में कमीशन अधिकारी के रूप में शामिल नहीं होते हैं। कमीशन अधिकारी भारतीय सशस्त्र बलों के अंदर एक विशेष रैंक रखते हैं। वे प्रायः राष्ट्रपति की संप्रभु शक्ति के तहत कमीशन धारण करते हैं और उन्हें आधिकारिक तौर पर देश की रक्षा करने का निर्देश प्राप्त होता है। अग्निवीर में चयन हेतु 17.5 वर्ष से 23 वर्ष की आयु के युवा आवेदन करने के पात्र हैं। अग्निवीरों को 4 वर्ष की सेवा अवधि की पूर्णता पर उन्हें एकमुश्त 11.71 लाख रुपए (उपार्जित ब्याज सहित) की 'सेवा निधि' का भुगतान किया जाएगा। उन्हें चार वर्ष की अवधि के लिए 48 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर भी प्राप्त होगा। उनके शहीद होने की स्थिति में परिवार को 1 करोड़ रुपए (शेष कार्यकाल के वेतन सहित) का भुगतान किया जाएगा। चार वर्ष बाद सेवानिवृत्ति पर सरकार उनके पुनर्वास में मदद करेगी। उन्हें 'स्किल सर्टिफिकेट' और 'ब्रिज कोर्स' प्रदान किया जाएगा।

अब सवाल यह है कि ऐसी योजना की आवश्यकता क्यों थी? अग्निपथ योजना के कार्यान्वयन का एक उद्देश्य यह है कि सैन्यकर्मियों की औसत आयु में कमी लाई जाए। इसकी आवश्यकता वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद महसूस की गई थी। इसके कई दशकों बाद 'कारगिल समीक्षा समिति' ने भी इस आवश्यकता पर बल दिया था। वर्तमान में भारतीय सेना में महज 19 प्रतिशत कर्मी 25 वर्ष से कम आयु के हैं (इस आयु वर्ग के लिए एक छोटी संख्या) जबकि 36-40 आयु वर्ग में भी 19 प्रतिशत कर्मी शामिल हैं। चूंकि चीन और पाकिस्तान दोनों के पास ही पर्वतीय इलाके हैं, ऐसे में कम आयु प्रोफाइल की भारतीय इकाइयां इन भूभागों में बेहतर सैन्य प्रदर्शन करेंगी। आजकल युद्ध की प्रकृति भी बदल रही है और तेजी से बहुआयामी बनती जा रही है।

युद्ध के विभिन्न पहलुओं—चाहे वह साइबर युद्ध हो, अंतरिक्ष युद्ध या सूचना युद्ध, में भी तेजी से परिवर्तन आ रहा है। भर्ती और प्रणालियों के संदर्भ में नए तकनीकी समावेश हो रहे हैं। इस परिदृश्य में सैन्य बलों के लिए आवश्यक है कि वे नवीन प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाएं और भविष्य के लिए तैयार युद्ध बल का निर्माण करें। हमारे देश में हर साल रक्षा बजट का आधे से भी अधिक भाग पेंशन के लिए आवंटित किया जाता है, जबकि 5 प्रतिशत से कम भाग अनुसंधान और विकास के लिए आवंटित किया जाता है।

अग्निपथ योजना इस समस्या से भी निपटने की मंशा रखती है जहां सैन्य कर्मियों की अल्पकालिक अनुबंधों के साथ भर्ती की जाएगी जो थल सेना, नौसेना और वायु सेना में पेंशन भुगतान के बढ़ते स्तर को कम करने में मदद कर सकेगी। इससे रक्षा क्षेत्र के अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश कर सकने की क्षमता प्राप्त होगी। इस योजना पर राजनीति करना व्यर्थ है क्योंकि यह योजना सेना में मैन पावर को बढ़ाती है। वहीं, एनडीए और सीडीएस व अन्य पदों पर सेना में स्थायी नौकरी बंद नहीं हुई है। किसी को एनडीए या सीडीएस के लिए रोका तो नहीं गया है वहीं, सेना पर देश का बजट कम नहीं, बल्कि पिछले साल के मुकाबले बढ़ा ही है।

इसराइल का उदहारण ही ले लें, वहां हर युवा को सेना में अनिवार्य रूप से 2 साल की सेवा देनी होती है, यही वजह है कि इसराइल सैन्य ताकत में अन्य देशों की तुलना में बहुत अधिक मजबूत है। अगर किसी को देश की रक्षा हेतु निस्वार्थ भाव से सेवा करने का अवसर मिलता है तो बिलकुल भी पीछे नहीं रहना चाहिए। देश जब गुलाम था तो कई देश प्रेमियों ने निस्वार्थ देश को बचाने के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया और शहीद हो गए। किसे क्या मिला, क्या नहीं मिला, यह तो वही जानते हैं, लेकिन देश में अमर शहीदों को आज भी लोग नमन करते हैं। अतः देश की सेवा हेतु इस पर राजनीति करना व्यर्थ है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# चुनावी रैलियों के शोर में दब गए ज्वलंत मुद्दे

हिमाचल प्रदेश के चुनाव तक पहुंचते-पहुंचते रैलियों और महारैलियों का दौर अपने चरम पर है। मुश्किल से सप्ताह भर का समय शेष है। राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महंगाई, संविधान, कानून व्यवस्था, जाति और क्षेत्रीय समीकरण आदि महत्वपूर्ण विषय रहे हैं, जिन का जिक्र दलों ने अपने-अपने हिसाब से परिस्थिति के अनुसार किया है अथवा कर रहे हैं। कौन कितना सफल रहा है यह परिणाम तय करेंगे।

लेकिन अब तब के पेचार में विदेश नीति, आर्थिक स्थिति, आतंकवाद, राष्ट्रीय सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दे व्यापक बहस से लगभग अछूते रहे। ये मुद्दे आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़े हुए हैं। सत्तारूढ़ दल ने इन्हें अपने ढंग से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में छुआ है, लेकिन अन्य दलों ने इन पर चर्चा से परहेज किया है। इनका महत्व केवल अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की मेजबानी और औपचारिक वक्तव्य तक सीमित हो कर रह गया है। इसका एक अर्थ यह भी निकाल सकते हैं कि इन विषयों से विपक्षी नेताओं को लाभ होने वाला नहीं है या रुचि नहीं है अथवा वे अपने विरोधियों को संवेदनशील और जल्दी उकसाने या भड़काने वाले गाली-गलौज, व्यक्तिगत आक्षेप तक सीमित करें। अनेक सामाजिक समूहों को मानसिक उत्तेजना में बहाते हुए मुख्य तथ्यों से चुनाव तक भ्रमित रखा जाए और जिस उद्देश्य के लिए चुनाव करवाए जा रहे हैं, उन्हें केंद्रित न होने दिया जाए। हिमाचल में भी यही देखा जा रहा है। प्रदेश की आर्थिकी को सुधारने पर चर्चा नहीं हो रही है। सामाजिक विकास बाधित हो रहा है, चिंता नहीं है। जंगल धू-धू कर जल उठे हैं, परवाह नहीं है। हजारों पेड़ विकास के नाम पर या अवैध कटान के नाम पर कट रहे हैं। यहां न सरकारी नौकरी है और न ही प्राइवेट। स्वास्थ्य सेवाएं पर्याप्त नहीं हैं। यहां नशा माफिया अपना घर बनाकर बैठ गया है, लेकिन ऐसे मुद्दों पर कोई बात नहीं हो रही है। इन विषयों का नदारद रहना हमें स्वस्थ लोकतंत्र की ओर ले जाएगा इसमें संदेह है।


डॉ. रमेश शर्मा
लेखक व स्वतंत्र टिप्पणीकार

सोशल मीडिया, टीवी चैनलों पर ऊबाऊ संवाद इसमें अपना योगदान कर रहे हैं। आक्षेप और चरित्र हनन के मुकदमों से कोर्ट परेशान है। बहुत लोगों को बहुत समय तक मूर्ख नहीं बनाया जा सकता है। यह कहावत है लेकिन पर्याप्त को मूर्ख बनाकर कमजोर व्यवस्था में सत्ता पर काबिज हुआ जा सकता है। यह पूरे विश्व में देखा जा रहा है। अतः मतदाता और उम्मीदवार सहित संपूर्ण राजनीतिक प्रक्रिया से संबंधित वर्ग को मुद्दों पर फोकस करते हुए लोकतंत्र के यज्ञ में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता


सोच जरा...
चंचल सरोलवी
सरोल, चंबा

*रंग-बिरंगी दुनिया गोल।*
*करदा हर कोई अपणा रोल।।*
*बस करमा दा सारा झोल।*
*जैसा कर्म वैसा मोल।।*
*मनुख जीवन बड़ा अनमोल।*
*सोची-वचारी करेया धौर।।*
*नेक कर्मा दी करेयां गौर।*
*कुसे रा दिल कदी मत तोड़।।*
*जितणा होई सके उतणा जोड़।*
*भला कमाई मत कर सौर।।*
*उस पर छड्डु अपणी डोर।*
*हिर्ष द्वेष, लोभ अहंकार।।*
*सब डुब्बणे दे हिन सार।*
*जिंदडी रे दिन हिन दो चार।।*
*मत रखदा तू कुसी कने खार।*
*मोह माया दा एह सनसार।।*
*हेरी सुणी करेयां बचार।*
*हस्सी खेली जीवन गुजार।*

# जनता अपने मत से करती है लोकतंत्र के वास्तविक रूप का निर्माण

भारत विशालता और जनसंख्या के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतांत्रिक देश में चुनाव महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि चुनाव मतदाताओं को नेताओं का चयन करने और राष्ट्र को सुचारू रूप से चलाने में मददगार होते हैं। इन्हीं चुनावों के माध्यम से जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के वास्तविक रूप का निर्माण करती है।


नोवल ठाकुर
पीएचडी शोधार्थी
पंजाब विवि चंडीगढ़

भारत में 18वीं लोकसभा के चुनाव पहली जून को सातवें चरण के साथ खत्म होंगे। इन चुनावों में 97 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान करने की योग्यता रखते हैं। इनमें से 49.7 करोड़ पुरुष और 47.1 करोड़ महिलाएं हैं तथा इसके लिए 10.5 लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं। अगर हम चुनाव में मतदान के चरणों की बात करें तो प्रथम चरण के लिए 19 अप्रैल 2024 को 102 निर्वाचन क्षेत्र में 21 राज्यों में, दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को 88 निर्वाचन क्षेत्र में 13 राज्यों में, तीसरे चरण के लिए 7 मई को 94 निर्वाचन क्षेत्रों में 11 राज्यों में, चौथे चरण के लिए 13 मई को 96 निर्वाचन क्षेत्र में 10 राज्यों में, पांचवें चरण के लिए 20 मई को 49 निर्वाचन क्षेत्रों में 8 राज्यों में चुनाव संपन्न हुए।

25 मई को छठे चरण के चुनाव 58 निर्वाचन क्षेत्र में 8 राज्यों में संपन्न हुए। इस कड़ी में अंतिम और सातवें चरण के लिए पहली जून को 57 निर्वाचन क्षेत्रों में 8 राज्यों में चुनाव होंगे, जिसमें हिमाचल प्रदेश की चार सीटों के लिए भी मतदान किया जाएगा। इसमें शिमला मंडी, हमीरपुर और कांगड़ा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की चुनावी बेला में मतों की गिनती 4 जून को की जाएगी। इसी दिन देश में अगली सरकार आगामी पांच वर्षों के लिए अग्रसर होगी। अगर हम भारत के स्वतंत्र होने से लेकर देश में आम चुनावों के इतिहास पर बात करें तो हम पाते हैं कि हमारे देश के सामने शुरुआत से ही पहली चुनौती राष्ट्र निर्माण की थी, दूसरी लोकतंत्र को कायम करने की और तीसरी ऐसे विकास की, जिससे समूचे समाज का भला हो न कि कुछ तबकों का। समय के साथ हमारे देश के नेताओं ने इन चुनौतियों का सामना किया और देश को चुनावों के माध्यम से लोकतांत्रिक बनाने हेतु अग्रसर हुए। भारत के चुनाव आयोग का गठन जनवरी,1950 में हुआ। सुकुमार सेन देश के पहले चुनाव आयुक्त बने। उम्मीद की जा रही थी कि देश का पहला आम चुनाव 1950 में किसी वक्त हो जाएगा। बहरहाल, चुनाव आयोग ने पाया कि भारत के आकार को देखते हुए एक स्वतंत्र और निष्पक्ष आम चुनाव करवाना कोई आसान मामला नहीं है।

देश के विशाल आकार और मतदाताओं की भारी भरकम संख्या के लिहाज से ही पहला आम चुनाव अनूठा नहीं था, बल्कि मतदाताओं की एक बड़ी तादाद, गरीब और अनपढ़ लोगों की थी और ऐसे माहौल में यह चुनाव लोकतंत्र के लिए परीक्षा की कठिन घड़ी थी। चुनाव को दो बार स्थगित करना पड़ा और आखिरकार 1951 के अक्तूबर से 1952 के फरवरी तक चुनाव हुए। उस वक्त देश में 17 करोड़ मतदाता थे। इन्हें 3200 विधायक और लोकसभा के लिए 479 सांसद चुनने थे। इन मतदाताओं में महज 15 फीसदी ही साक्षर थे। 1952 में संपन्न हुआ। यह आम चुनाव पूरी दुनिया में लोकतंत्र के इतिहास के लिए मील का पत्थर साबित हुआ।

1952 के आम चुनाव से लेकर आज 18वें लोकसभा चुनावों तक हर तरह से बदलाव भी देखा गया। जहां पहले चुनाव वैलिड पेपर पर करवाए जाते थे, आज वही चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से करवाए जाते हैं। सन 1990 के दशक के अंत में चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल शुरू किया और 2004 तक पूरे देश में इस मशीन का प्रयोग सुचारू रूप से शुरू हो गया। उस समय देश के मुद्दे भी अलग थे। उन्हीं मुद्दों पर बात करते हुए कांग्रेस पार्टी को उस पहले आम चुनाव में कुल 489 सीटों में से 364 सीटों में जीत मिली। आज परिस्थितियां बिलकुल अलग है। देश जहां एक ओर विकसित राष्ट्र की तरफ अग्रसर हो रहा है, वहीं देश की आबादी का एक बहुत बड़ा भाग आज भी गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवन यापन करने को मजबूर है। सभी पार्टियां मतदाताओं को अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो के बारे में अवगत करवाने के सिलसिले में प्रचार-प्रसार कर रही हैं, ताकि सत्ता पर कब्जा किया जा सके। जहां 2014 से अभी तक मोदी सरकार देश की सत्ता पर काबिज है। वहीं कांग्रेस के प्रभुत्व की राजनीतिक प्रकृति आज की नई पीढ़ी के लिए एक स्वप्न से कम नहीं है। 2024 का 18वीं लोकसभा का चुनाव रोचक चुनाव के तौर पर देखा जा रहा है। बदलते परिदृश्य के साथ भारत को उन्नत बनाने के लिए सभी पार्टियों ने पाँचवें चरण तक इस चुनाव को अंतिम पड़ाव में पहुंचा दिया है।

छठे और सातवें चरण के बाद 4 जून को परिणाम की घोषणा की जाएगी। इसके बाद यह देखा जाएगा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में कौन सी पार्टी या पार्टी गठबंधन ने जनता का दिल जीता है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए तथा आगामी वर्षों में जनता के मुद्दों पर वह कैसे खरा उतर पाएगी, यह तो भविष्य के गर्भ में ही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रख्यात इतिहासकार

प्रोफेसर बिपिन चंद्र एक प्रख्यात इतिहासकार एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के पूर्व अध्यक्ष थे। उनका जन्म हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में हुआ था। वह जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग में अध्यक्ष रह चुके हैं और उनकी गिनती देश के चोटी के इतिहासकारों में होती थी। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त होने के बाद वह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के कार्यकाल में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष भी बनाए गए थे और 2012 तक इस पद पर रहे। वह उन दिनों शहीदे आजम भगत सिंह पर जीवनी लिख रहे थे। प्रो. बिपिन चंद्र ने लाहौर और दिल्ली में भी पढ़ाई पूरी की थी। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में इतिहास के शिक्षक रह चुके थे। एक भावुक और समर्पित शिक्षक होने के नाते वे शुरू से ही अपने छात्रों के बीच लोकप्रिय रहे। वह 1985 में भारतीय इतिहास कांग्रेस के अध्यक्ष भी बनाए गए थे। इसके अलावा वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सदस्य भी थे। उन्होंने इतिहास पर करीब 20 पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें आधुनिक भारत का इतिहास, आधुनिक भारत और आर्थिक राष्ट्रवाद, सांप्रदायिकता, भारतीय वामपंथ पर उनकी पुस्तकें चर्चित हैं। उन्होंने जयप्रकाश नारायण और आपातकाल पर भी किताबें लिखी हैं। बिपिन चंद्र का आधुनिक भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने इतिहास और राष्ट्रवाद को एक नया मोड़ दिया। वर्ष 2010 में भारत सरकार ने साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया।


प्रोफेसर बिपिन चंद्र
जन्म : 27 मई, 1928
मृत्यु : 30 अगस्त, 2014

## अपनी बात

आजकल कुछ परिजन अपने बच्चों को इतनी आजादी दे देते हैं कि यह आजादी ही उनकी दुश्मन बन जाती है। किशोर अवस्था में ही वे जाने-अनजाने में ऐसे काम कर देते हैं, जिनका परिणाम औरों को भी भुगतना पड़ता है। पुणे में एक किशोर द्वारा नशे की हालत में अपनी कार से दो लोगों को कुचलकर मारना और फिर भी कानून द्वारा इस मामले में नरमी बरतना बहुत ही निंदनीय है, क्योंकि ऐसे में और भी ऐसे लोगों के हौसले बुलंद होंगे और वे वाहन चलाती बार लापरवाही बरतेंगे। मैं उन लोगों को यह सुझाव देना चाहता हूं, जो पैसे की चकाचौंध में इतने खो जाते हैं कि वो अपने नाबालिग बच्चों को वाहन सौंप देते हैं, ठीक है कि अपने बच्चों को वाहन की सुविधा देनी चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि वे इसका दुरुपयोग करें। मां-बाप बच्चों पर पर नजर रखें। पैसे से महंगे वाहन खरीदे जा सकते हैं और बच्चों को वो दिए जा सकते हैं, लेकिन लापरवाही से वाहन चलाने से अगर किसी की जान चली जाए तो पैसे से किसी की जान नहीं खरीदी जा सकती। बच्चे सभी को प्यारे होते हैं, लेकिन बच्चों को इतनी आजादी देना ठीक नहीं है कि वे दूसरों की जान ही ले लें।

**-रिवंश कौंडल, कांगड़ा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# तपती गर्मी में मटके के पानी से मिलेगी ठंडक

आधुनिक चकाचौंध में टेक्नोलॉजी से लबरेज युग में देसी मटकों का क्रेज आज भी बरकरार है। दूषित पानी के इस्तेमाल से बढ़ते मरीजों को जबसे चिकित्सकों ने मटके का पानी पीने की सलाह दी है, लोगों का रुझान अनायास घड़ों की ओर दौड़ा है। मिट्टी की यह आइटम न सिर्फ मन को भाती है, बल्कि चिलचिलाती गर्मी में सूखे गलों को भी तर कर देती है। घड़े का पानी पीने से गले को अलौकिक ठंडक मिलती है, क्योंकि घड़े के पानी में मिट्टी की सोंधी-सोंधी सुगंध होती है। घड़े का पानी जमीन से तुरंत निकले ताजे पानी जैसा अहसास करवाता है। गर्मियों में जब घड़ों की डिमांड बढ़ती है तो कुम्हारों का व्यवसाय भी खूब फलने-फूलने लगता है।

इस सीजन में उनकी आमदनी में अचानक से उछाल आता है। इस समय मटकों की कीमत 200 से लेकर एक हजार रुपए तक है। मटकों की बढ़ती डिमांड को देखकर अब ऑनलाइन सेल्स कंपनियां भी कूद पड़ी हैं। वे कुम्हारों को ऑर्डर देकर मटके बनवाते हैं, फिर उच्च दामों में ऑनलाइन बेचती हैं। मटके का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, शरीर का बैड कोलेस्ट्रॉल कम करता है और ब्लड सर्कुलेशन नियंत्रित रखने में मदद करता है। मई-जून में गर्मी का सितम जब नॉनस्टॉप होता है तो लोगों को देसी मटके की याद अचानक से आनी शुरू हो जाती है। आधुनिक युग में शायद ही कोई घर ऐसा हो, जिनके यहां फ्रिज न हो। बावजूद इसके देसी मटकों का क्रेज अपने जगह बरकरार है।


डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एक प्रचलित कहावत है कि 'सोने की खोज में, हीरे को भूल गए। कुछ ऐसा ही हुआ, जब जमाने ने बदलाव के लिए करवट ली, तो जनमानस ने देसी परंपराओं के साथ प्राचीन धरोहर कही जाने वाली वस्तुओं से भी तौबा कर लिया। पर, वक्त का पहिया फिर बदला है। इसलिए लोग पुराने जमाने की ओर फिर से मुड़ने लगे हैं। मई आधी से ज्यादा बीत चुकी है, पिछले सप्ताह से समूचे देश में चिलचिलाती गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। फ्रिज का पानी आनंद नहीं दे रहा, इसलिए लोग मटकों को पसंद कर रहे हैं। मटकों का पानी आज भी फ्रिज के मुकाबले ठंडा और स्वादिष्ट लगता है। देसी घड़े का पानी न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए, बल्कि हाजमा दुरुस्त रखने में भी गुणकारी होता है। चिकित्सीय सर्वेक्षण बताते हैं कि सर्दियों के मुकाबले गर्मियों में मटके का ठंडा पानी शरीर के लिए बहुत उपयोगी होता है। क्योंकि मटके की दीवारों से पानी धीरे-धीरे रिसता है और बर्तन की सतह से वाष्पित होता है। इसका भीतरी वातावरण वाष्पीकरण ऊष्मा ठंडक का उतार्जन करता है, जिससे अंदर जमा पानी चंद मिनटों में ठंडा हो जाता है।

दरअसल, वाष्पीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें पानी की तरलता से गैसीय अवस्था में बदलती है। जब पानी वाष्पित होता है, तो यह अपने आसपास की गर्मी को अवशोषित कर लेता है। बढ़ता तापमान मटके में मौजूद पानी को गर्मी से बचाता है। मटका मिट्टी से निर्मित होता है, जिसमें सूक्ष्म छिद्र होते हैं, जो पानी को वाष्पित होने में मदद करते हैं। घड़े की मिट्टी पानी को इंसुलेट करती है, जिसके इस्तेमाल से शरीर हाइड्रेट रहता है और पाचन प्रक्रिया हमेशा दुरुस्त रहती है। बीते एक सप्ताह से से पहाड़ी क्षेत्रों में भी तापमान चालीस पार है, मैदानी क्षेत्रों में तो कहीं-कहीं पचास तक जा चुका है। ऐसे में गलों की ठंडक मटकों पर निर्भर हो गई है।

दरअसल, मटका एक प्राकृतिक कटोरा है। यह मानव द्वारा निर्मित मात्र है, जिसकी अंदरुनी दीवारें पानी को ठंडा बनाती हैं। मटके के धातु और मिट्टी के भीतर रखे गए पानी के संपर्क से पानी की ठंडक सूखने की प्रक्रिया धीरे-धीरे होती है, जिसमें पानी लंबे वक्त तक ठंडा रहता है। शायद यह भी एक कुदरती प्रक्रिया ही है कि जितनी गर्मी बढ़ेगी, मटके का पानी भी उतना ही ठंडा होगा। जहां फ्रिज और आरओ पानी की आदत इंसान को कई बीमारियों से घेर रही है, वहीं घड़े का पानी कई बीमारियों से लड़ने की ताकत रखता है। तभी तो घरों के बुजुर्ग अभी भी मिट्टी के बर्तनों का पानी पीने को कहते हैं। हालांकि, आधुनिक जमाने में बुजुर्गों के अनुभव कोई लेता कहां है। मटके का पानी सिर्फ कूल-कूल ही नहीं करता, बल्कि कई बीमारियों से बचाव भी करता है। आरओ में पानी फिल्टर होता रहता है। पानी को दो-तीन मर्तबा छानने या फिल्टर करने का मतलब होता है पानी की आत्मा को अंदर खींचकर शरीर से अलग कर देना। यही कारण है कि चिकित्सक मरीजों को आरओ या फ्रिज के पानी की बजाय मटके का ही पानी पीने की सलाह देते हैं। वहीं, आम लोग भी अब मटके का महत्व समझ गए हैं, इसलिए गर्मी शुरू होते ही मटकों की खरीदारी करनी आरंभ कर देते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

## मतदाता जागरूकता के लिए लांच किया गाना



**मंडी।** जिला के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए उपायुक्त एवं मंडी संसदीय क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी अपूर्व देवगन के निर्देशानुसार तैयार किया गया एक गीत 'हमने अपने मन में यही ठाना है, हम सबको तो वोट देने जाना है' लांच किया। उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन का कहना है कि लोगों की गीत को लेकर आईं प्रतिक्रियाओं को देखते हुए लगता है कि यह गीत मतदाता जागरूकता का संदेश देने में जरूर सफल साबित होगा।

## पड़छु में बताए मोटे अनाज के फायदे



**सरकाघाट।** धर्मपुर किसान उत्पादक संघ-एफपीओ द्वारा सजाओपीपलू पंचायत के पाड़छु गांव में मोटे अनाजों, सोयाबीन और मक्की के कलस्टर स्थापित करने बारे जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता सत्तपाल सिंह चौहान, डॉ. मोहनलाल तथा रणताज राणा ने की। शिविर में मोटे अनाज के लिए नेकराम शर्मा तथा कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर के मुखिया डॉ. पंकज सूद तथा डीएफओ वेद प्रकाश पठानिया ने जानकारी दी। शिविर में लगभग 100 किसानों व महिला समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## 22 वर्षीय युवती लापता, मामला दर्ज

**नेरचौक ।** थाना बल्ह के अंतर्गत शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज करवाई कि इसकी बेटी उम्र 22 साल 25 मई को घर से बिना बतलाएं कहीं चली गई है। जिसकी तलाश इन्होंने हर संभव जगह की गई परंतु कहीं भी तलाश करने पर जानकारी नहीं मिली। उपरोक्त विषय के संदर्भ में थाना में गुमशुदगी दर्ज की गई है।

## बच्चों ने मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेकर किया चुनाव



**पधर ।** शिक्षा खंड द्रंग-2 की अति दुर्गम राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव में शनिवार को मतदान प्रक्रिया का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल लीडर का चुनाव किया गया। स्कूल लीडर के लिए 5वीं कक्षा के सुशील व चौथी कक्षा के प्रकाश दो उम्मीदवार खड़े थे, जिसमें सुशील ने 11 मत हासिल कर जीत दर्ज की। चुनाव प्रक्रिया से पूर्व नौनिहालों को 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को शत प्रतिशत मतदान को लेकर शपथ भी दिलाई गई। स्कूल के प्रभारी शिक्षक प्यार चंद सकलानी ने बताया कि नौनिहालों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई।

## नए कानूनों पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**मंडी ।** नए फौजदारी कानून, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 जो एक जुलाई 2024 से लागू होने जा रहे हैं, के बारे में अभियोजन विभाग ने मंडी के उपायुक्त कार्यालय सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

यह कार्यशाला अभियोजन विभाग के निदेशक महेंद्र चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यशाला में एनके शर्मा, जगदीश कंवर, नेत्र सिंह कटोच ने नए कानूनों पर विस्तार से जानकारी दी।

# पानी को तरसे सेरली बताही के लोग

## विभाग एक दशक से नहीं कर पाया समस्या का समाधान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



खाली बर्तन लेकर पानी की तलाश में जाते सेरली बताही के लोग ।




उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के गांव सेरली बताही में लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हम गांववासी पिछले कई वर्षों से पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं, हम कई बार कांग्रेस व भाजपा के नेताओं व विभाग से पानी की समस्याओं के बारे में मिल चुके हैं परंतु आज कई वर्ष बीत जाने के बाद भी हमें कोई भी पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं दे सके। पानी न आने के कारण हमारे गांव में लगे नल मात्र शोपीस का कार्य कर रहे हैं जो आज कल बच्चों के खेलने के काम आ रहे हैं।

गांव से जल स्रोत भी लगभग आधा किलोमीटर से भी दूर है। लोगों को कड़कती घूप में सर पर पानी लाना पड़ रहा हैं। स्थानीय लोगों का पुरा दिन पानी लाने में व्यर्थ जा रहा हैं। जिस कारण अब हम लोगों को पैसे देकर गाड़ियों में कलखर और रिवालसर से पानी लाना पड़ रहा है। लोगों ने जल शक्ति विभाग से मांग की हैं की हमें पानी के टैंकर से पानी उपलब्ध करवया जाए।

### विभाग हमारी ओर नहीं दे रहा कोई ध्यान : स्थानीय लोग

**स्थानीय** लोगों मे वार्ड पंच कांता देवी पूर्व उप प्रधान रवि चन्द, ललिता देवी, चुनी लाल, मस्त राम, ईश्वर दास, छवि राम, हरी चन्द, हुकमी देवी, बद्री राम, चमन लाल, छवि राम अनु कुमारी आदि लोगों का कहना है कि कई बार हम जल शक्ति विभाग से शिकायत कर चुके हैं परन्तु जल शक्ति विभाग हमारी ओर कोई भी ध्यान नही दे रहा हैं।

### गर्मियों में टैंकर से पानी उपलब्ध करवाने की मांग

**लोगों** का कहना है कि गर्मियों के मौसम में हमें टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाए जाए। जल शक्ति विभाग ने हमें जल्द पानी उपलब्ध नहीं करवाया तो उन्हे मजबूरन कलखर चौक पर चक्का जाम करने को मजबूर होना पड़ेगा। जिसके लिए जल शक्ति विभाग ही जिम्मेदार होगा। ऐसे में विभाग हमारी समस्या का जल्द समाधान करे।

### हर दिन विभाग को बतात हैं पानी की समस्या : प्रधान

**ग्राम** पंचायत पटडीघाट के प्रधान विधि चंद ने बताया कि जल शक्ति विभाग को प्रतिदिन सेरली बतही के पानी की समस्या के बारे में बताते हैं परंतु जल शक्ति विभाग गहरी नींद में सोया है। आज तक तक सेरली बतही में पानी नहीं पहुंच रहा है।

> इस बारे में अधिशासी सरकाघाट से बात करके सेरली बतही गांव कि पानी की समस्या को दूर किया जाएगा। अगर कोई तकनीकी समस्या होगी तो वहां टैंकर से पानी पहुंचाया जाएगा और सेरली बतही के लोगों को प्रतिदिन पर्याप्त पानी देना सुनिश्चित किया जाएगा। लोगों को पानी की समस्या नहीं आनी दी जाएगी।
> -अनिल पूरी , अधीक्षण अभियंता।

# शक्तिपीठ माता मुरारी देवी मेले का किया शुभारंभ



मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल रिबन काटकर मेले का शुभारंभ करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

मंडी जिला के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता मुरारी देवी मेला मुरारी धार शुरू हो गया है। इस मौके पर मत्स्य विभाग के निदेशक विवेक चंदेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और माता मुरारी के मंदिर में शीश नवाया। इस दौरान मेले में प्रदेश के प्रसिद्ध गायक अभिषेक सोनी ने लोगों के समक्ष माता के भजनों का गुणगान किया।

इस दौरान क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी व ठेकेदार जय सिंह भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विवेक चंदेल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी देवताओं की भूमि है और इस तरह के मेले हमारी संस्कृति को संजोए रखने का काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। जानकारी देते हुए माता मुरारी देवी समिति के मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मेले का समापन सोमवार को किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

समापन समारोह में दंगल मुख्य आकर्षण केंद्र का रहेगा। इसमें हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और जम्मू कश्मीर के पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे।

# बहुमंजिला निर्माण पर लगाई जाए रोक : गुमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



गुमान सिंह पत्रकारों से बात करते हुए।

हिमालय नीति अभियान के राष्ट्रीय संयोजक गुमान सिंह ने कहा कि पर्यावरण संगठनों की ओर से लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए जन घोषणा पत्र जारी किया है। जिसे अपने-अपने घोषणापत्र में शामिल करने का सभी राजनीतिक दलों से आग्रह भी किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बड़े खेद का विषय है कि मानवीय सत्यता और जीवन के लिए जरूरी पर्यावरणीय मुद्दों को किसी भी राजनीतिक दल ने अपने घोषणा पत्र में शामिल नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि हमारा मकसद जन सहभागिता के साथ पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ विकास, सम्मान जनक रोजगार तथा यहां की भौगोलिक भूगर्भीय पारिस्थितिकी को ध्यान में रख कर हिमाचल के विकास की नीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि जन घोषणापत्र में घरों तथा भवनों का निर्माण सुरक्षित स्थानों पर सुनिश्चित करने तथा ऊंची बहुमंजिला इमारतों व विनाशकारी ढांचागत निर्माण पर पूर्ण रोक लगाने की मांग की गई है। इसके अलावा कृषि, वन उपज व बागवानी उपज पर आधारित प्रशोधन की लघु औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित करना तथा लघु हरित औद्योगीकरण की नीति पर उद्योग विकसित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि सरकारी व प्राइवेट कंपनियों द्वारा बिछाई गई बिजली की ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे खतरे में आने वाली प्रभावित भूमि, रिहायशी घरों, मवेशी खानों का कानूनन अधिग्रहण किया जाना चाहिए और प्रभावितों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। इसके लिए केंद्र सरकार को बिजली ट्रांसमिशन के लिए नया कानून लाने की जरूरत है ।

### हिमालयी क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय विकास नीति बनाई जाए

**गुमान** ने कहा कि हिमालयी पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ विकास व राष्ट्रीय हित में को ध्यान में रखकर जन-सहभागिता से हिमालयी विकास नीति बनाई जाए। पहाड़ के परंपरागत निवासियों व जैव विविधता का संरक्षण हो और गैर हिमालय आबादियों को यहां न बसाया जाए। पर्यावरण संरक्षण के कानूनों को सख्त करने, वन अधिकार कानून को उसकी मूल भावना के अनुरूप लागू किया जाए। इस अवसर पर स्थानीय पर्यावरणविद नरेंद्र सैनी भी मौजूद रहे।

# जयराम सरकार ने मंडी में किए अनेक काम : अनिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अनिल शर्मा, वीरेंद्र भट्ट व निहाल चंद।

पूर्व मंत्री एवं सदर मंडी से विधायक अनिल शर्मा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कौल सिंह ठाकुर पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आजकल वह जमाना नहीं है कि झूठ बोलो और लोग मान लेंगे। सबके पास इंटरनेट है प्रधानमंत्री मोदी ने कितना पैसा दिया है इसका पूरा रिकॉर्ड आराम से इंटरनेट पर मिल जाएगा।

विधायक अनिल शर्मा ने कहा किकौल सिंह ठाकुर समेत कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कल तो आप मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और आज चुनाव लड़ रहे हैं। अनिल शर्मा ने कहा कि जब मंडी के लोगों की भावनाओं को देखकर जय राम ठाकुर ने सरदार पटेल यूनिवर्सिटी खोली थी मगर जब उसका दायरा कम किया जा रहा था, तो दोनों मां बेटे चुप थे। जब शिवधाम का काम बंद करवा दिया, तो मंडी से चुनाव लड़ने वाले विक्रमादित्य चुप रहे।

अनिल शर्मा ने कहा कि आपदा राहत राशि को बांटने को लेकर बंदरबांट हुई है, पंडोह में हमने देखा कि जिसके घर सिल्ट आई उसे भी एक लाख रुपए दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, नगर निगम महापौर विरेंद्र भट्ट और मीडिया प्रभारी राकेश वालिया मौजूद रहे।

## गर्मी में प्राणों की आहुति दे रहे बेजुबान

**सरकाघाट ।** गर्मी में बेहाल बेसहारा वेजूबान भूखे प्यासे तड़प तड़प कर प्राण को त्याग रहें है। लोगों ने पालतु पशुओं को पालना छोड दिया है यही पशु रोज सड़कों पर प्रचंड गर्मी में मर रहे है।

हालत यह है कि अगर बेसहारा पशु मर जाए तो कोई पशुओं को दफनाने के लिए भी आगे नहीं आता। लोग हिन्दू धर्म की दुहाई देते नहीं थकते है कथा सुनते है और प्रचार भी करते है और गौ को माता समझने वाले लोग भी ऐसे मौकों पर मुंह मोड़ते हुए दिख रहें है।

गौ सदनों में जितने पशु है उनसे दस गुणा पशु सड़कों पर रोज धक्के खा रहे है। प्रशासन भी मूकदर्शक बना हुआ है। बता दें कि क्षेत्र में बेसहारा पशुओं की तादाद दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जहां भी देखो बेसहारा पशु के साथ टैग लगे पशु नजर आते है ।

# मिड-डे मील वर्करों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पीएम पोषण मिड-डे मील योजना के तहत मंडी जिला के स्कूलों तैनात मिड-डे मील के कुक कम हेल्पर के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला में 25 शिक्षा खंडों में प्रशिक्षण के लिए 50 सेंटर बनाए गए थे। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन कुफरी शिमला द्वारा करीब 30 हजार कुक कम हैल्पर एमडीएम को वर्चुअल स्तर पर प्रशिक्षण दिया गया।

संस्थान की विशेष टीम द्वारा समस्त कुक कम हेल्पर को प्रशिक्षण रविवार को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक किया गया। वहीं रसोई घर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने के बारे में प्रशिक्षित किया गया। यह पहल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन पूरे स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया जा रहा है। इसको अमलीजामा पहनाने के लिए प्रदेश से चयनित कुक कम हेल्पर को होटल मैनेजमेंट द्वारा गुरु सिखाए गए हैं। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यरत कुक कम हेल्पर को भोजन बनाने या पकाने की प्रक्रिया, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता, खाद्यान्न के रखरखाव, पोषक तत्वों से युक्त भोजन तैयार करने संबंधी प्रशिक्षण दिए जाने के लिए की जा रही है।

> पीएम पोषण योजना के तहत मंडी जिला के स्कूलों में तैनात कुक कम हेल्पर को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन कुफरी शिमला द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को भोजन बनाने या पकाने की प्रक्रिया, स्वास्थ्य, सुरक्षा, स्वच्छता, खाद्यान्न के रखरखाव, पोषक तत्वों से युक्त भोजन तैयार के बारे में टिप्स दिए गए।
> -विजय गुप्ता, कार्यकारी उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग, मंडी।

# विधायक प्रकाश राणा ने हराबाग में कीं नुक्कड़ सभाएं

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के विधायक विधायक प्रकाश राणा ने जोगिंद्रनगर की निचला गरोड़ू व हराबाग में चुनावी नुक्कड़ सभाएं की।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता के साथ संपर्क साधा और केंद्र सरकार की उपलब्धियों से स्थानीय लोगों के साथ सांझा किया। प्रकाश राणा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं व जनता से कहा कि राष्ट्र हित के इस चुनाव में आप शेष 25 दिन और ज्यादा मेहनत करें और घर-घर मोदी जी का संदेश लेकर जाए, मोदी जी के नेतृव मे भाजपा का केंद्र में सरकार बनाना राष्ट्र हित का कार्य है।

उन्होंने कहा की कांग्रेस आज अपनी गलत नीतियों के कारण अपना महत्व खो चुकी है। कांग्रेस के अपने ही विधायकों ने कांग्रेस की नीतियों व झूठ से तंग आकर भाजपा का दामन थामा कांग्रेस अब प्रदेश में भी अल्पमत की सरकार बन कर रह गई है।

मंडी से वर्तमान सांसद ने स्वयं चुनाव लड़ने से मना कर दिया है।

# हरियाणा के अंकुश ने जीती बड़ी माली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



दंगल के दौरान विजेता के साथ सामूहिक चित्र में ।

बलद्वाड़ा तहसील के हटली क्षेत्र के नगारवी गांव में चल रहे दो दिवसीय मेले का सेना से सेवानिवृत्त अधिकारी रामदास जी द्वारा विधिवत शुभारंभ किया गया व कैप्टन अमरनाथ शर्मा द्वारा दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

इस प्रतियोगिता में पहलवानों ने अपने-अपने जौहर दिखाए। 12 वर्ष की आयु में आदित्य ठाकुर ने ट्रॉफी जीती व 14 वर्ष की आयु की मोहित मोहरसिंघी ने ट्रॉफी जीती व छोटी माली चिराग हरियाणा व बड़ी माली अंकुश हरियाणा ने जीती। वहीं विजेताओं को 5100 रुपऐ व ट्रॉफी दी गई व मेला कमेटी के प्रधान सोहनलाल द्वारा बताया गया कि यह आयोजन पिछले कुछ सालों से लगातार करवाया जा रहा है। इस तरह के आयोजन मेले हमारी संस्कृति को संजोये रखने का काम करते है।

वहीं अंकुश, नितिन, आदि पहलवानों द्वारा कुश्ती में अपना दमखम दिखाया। इस अवसर पर जोगिंद्र, कमलकांत, इंद्रप्रकाश, प्रवीण, बेलीराम, मोनू, विजय व कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता के लिए निकाली साइकिल रैली



विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मंडलायुक्त मंडी राखिल काहलों।

**मंडी।** शहर में साइकिल रैली पैडल फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। साइकिल रैली में डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने भी शिरकत की। साइकिल रैली को डिविजनल कमिश्नर मंडी राखिल काहलों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने उपस्थित साइकिल सवारों व उपस्थित जनसमूह से यह आह्वान किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करें। रैली शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर एडीसी मंडी रोहित राठौर, एसडीएम ओम कांत ठाकुर, विजय गुप्ता अन्य मौजूद रहे।

# एनसीसी एक्टीविटी में माउंट मौर्य स्कूल के बच्चों ने दिखाया जोश



एनसीसी ऑफिसर, स्कूल प्रधानाचार्य, स्कूली छात्र व छात्राएं सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर में एनसीसी के नए एनरोलमेंट के लिए नौवीं के बच्चों का फिजिकल ट्रायल लिया गया, जिसमें बच्चों की लंबाई, वजन, और पर्सनल इंटरव्यू लिया गया।

प्रधानाचार्य योगेश ने बताया कि इस फिजिनल ट्राभूल में 40 लड़के व लड़कियों ने भाग लिया, जिनमें से 28 बच्चों को एनसीसी ऑफिसर रीनू शर्मा के सानिध्य में चुना गया। वहीं मंडी बटालियन से सूबेदार यश पाल और हवलदार शेर बहादुर उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने एनसीसी में चयनित सभी बच्चों को बधाई दी।

## डॉ. पीसी कौंडल 'डाईनामिक अचीवर अवॉर्ड' से सम्मानित

**मंडी।** नई दिल्ली में आयोजित समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पीसी कौंडल भी पुरस्कृत हुए। यह अवार्ड सिक्किम के पूर्व महासचिव राज्यपाल चौधरी, रणधीर सिंह द्वारा बतौर मुख्यातिथि दिया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एवं त्रिपुरा के पूर्व महासचिव राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केएम सेठ, भारत के पूर्व चुनाव आयुक्त डॉ. जीवीजी कृष्णामूल, वाईएस रिसर्च फाउंडेशन ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के डायरेक्टर प्रो. सुशील कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

डॉ. पीसी कौंडल की अवार्ड सीरीज में यह 763वां अवॉर्ड हैं। मंडी जिला के बल्ह क्षेत्र के डॉ. पीसी कौंडल ने अवार्ड सम्मान पुरस्कार एवं उपलब्धियों प्राप्त कर न केवल अपना, बल्कि अपने माता-पिता और प्रदेश का नाम रोशन किया है। बता दें की पीसी कौंडल की अब तक 13 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है और तीन प्रकाशनाधीन है।

# काम करने वाली सरकार को दें समर्थन: शोभाराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**




बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में संगठन के सदस्य।

शोभाराम भारद्वाज बीडीसी व हिमाचल प्रदेश मनरेगा निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन के बैनर तले बैठक ग्राम पंचायत चेहटीगढ़ राहला में संपन्न हुई, इसमें मनरेगा मजदूर जो श्रमिक कल्याण बोर्ड से बाहर किए थे कामगार संगठन लगातार श्रमिकों के हित की लड़ाई लड़ता आ रहा है। बैठक के दौरान शोभाराम ने कहा कि आज लगातार दो से तीन वर्षों से संगठन के प्रयासों से मनरेगा मजदूरों को श्रमिक कल्याण बोर्ड का पात्र होने की सिफारिश की है जिससे कामगार खुश है। उन्होंने बताया कि मजदूरों के हित में काम करने वाली सरकार को अपना समर्थन दें।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-I**

*( for candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: **NARENDER KUMAR**

Name of political party: **RASHTRIY DEV BHUMI PARTY**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election: **LOK SABHA**

*Name of Constituency: **2 MANDI**

I NARENDER KUMAR (name of candidate) a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A)** Pending Criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | JMFC COURT NO.2 MANDI | P.C. NO. 129/19 | Evidence | 341, 323, 506 I.P.C. |

Date: 22/6/2019

**(B)** Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
|---|---|---|---|
| | | N/A. | |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs. mention the election concerned in place of name of constituency

10

चुनाव

## मोबाइल पोलिंग टीमों ने पांचवें दिन घर-घर जाकर मतदाताओं से करवाया मतदान

# सुंदरनगर में 612 मतदाताओं ने डाला वोट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



बुजुर्ग महिला से मतदान करवाती पोलिंग टीम व साथ हैं अन्य।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही मतदान करवाया जा रहा है, जिसके लिए सुंदरनगर निर्वाचन क्षेत्र में 12 मोबाइल पोलिंग टीमों का गठन किया गया है जो सभी चिन्हित मतदाताओं से घर-घर जाकर मतदान करवा रही है।

उन्होंने बताया कि सभी मोबाइल पोलिंग टीमों ने पांचवें दिन यानी 25 मई को चिन्हित आवेदकों के घर पहुंचकर 96 मतदाताओं से मतदान करवाया, इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 76 और 20 दिव्यांग मतदाता शामिल है। जबकि अब तक सुंदरनगर निर्वाचन क्षेत्र में कुल 612 मतदाताओं से मतदान करवाया जा चुका है, इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 457 और 155 दिव्यांग मतदाता शामिल है। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में 722 ऐसे मतदाता है जो 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग या दिव्यांग है जिन्होंने फॉर्म 12-डी भर कर घर से ही मतदान करने के लिए आवेदन किया है।





(ऊपर व नीचे) सुंदरनगर में बुजुर्गों से घर पर मतदान करवाती हुई टीम।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑटोमेटिक रोटीमेकर मशीन से काम हुआ आसान

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के ऐतिहासिक गुरुद्वारा में ऑटोमेटिक रोटीमेकर मशीन लग गई है, जिससे घंटे का काम बस कुछ ही मिनट में बिना वक्त गवाए हो रहा है। इसके साथ ही सेवादारों की मेहनत भी बच रही है। दरअसल सिख धर्म के सबसे महत्वपूर्ण मूल्यों में से एक जरूरतमंद लोगों की सेवा करना है चाहे कितनी भी कठिन परिस्थिति हो, लंगर एक बड़ी सामुदायिक रसोई है, जो हर गुरुद्वारे, सिख पूजा स्थल का एक अभिन्न अंग है। ऐतिहासिक गुरुद्वारा पांवटा साहब की बात की जाए, तो यहां पर भी रोजाना हजारों की तादात में श्रद्धालु पहुंचते हैं और उनके लिए लंगर की पूरी व्यवस्था होती है। गुरुद्वारा मैनेजर जागीर सिंह ने बताया कि सिख समुदाय के स्वयंसेवकों द्वारा गुरुद्वारा रसोई में पकाए गए भोजन को खाने के लिए कई धर्म के लोग पहुंचते हैं।

### सभी को मतदान के लिए करें प्रेरित : हरीश

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय कराडाघाट में इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब के स्टूडेंट्स का ड्राइंग कंपटीशन आयोजित किया गया, जिसमें गांव के मतदाताओं के लिए निमंत्रण पत्र बनाए गए। उन्हें मत डालने के लिए निमंत्रण दिया गया। इसके पश्चात पाठशाला के साथ के क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली भी निकली गई, जिसमें सभी स्काउट एंड गाइड बच्चों व अध्यापकों तथा पाठशाला के अन्य बच्चों ने भाग लिया। मुख्याध्यापक हरीश गुप्ता ने सबको संबोधित करते हुए बताया कि हम सब का दायित्व है कि हम आवश्यक रूप से मतदान करें और सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें क्योंकि हर एक वोट कीमती है। इस मौके पर देवेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, राजेश कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### नेहरू मैदान में बताया ईश्वर प्राप्ति का मार्ग



**राजगढ़।** संत निरंकारी मिशन की ओर से राजगढ़ के नेहरू मैदान में सोलन जोन का पहला जोनल महिला निरंकारी संत समागम आयोजित किया गया, जिसमें सोलन व सिरमौर जिले के मिशन से जुड़ी सभी महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस समागम की अध्यक्षता रश्मि राणा ने की। इस महिला समागम में केवल महिलाओं ने ही अपने उद्बोधन देकर उपस्थित श्रद्धालुओं संत निरंकारी मिशन के उद्देश्य तथा ईश्वर प्राप्ति के मार्ग की विस्तार से जानकारी दी। जोनल स्तरीय इस महिला समागम में मंच संचालन भी मोनिका व कंचन तोमर महिलाओं ने ही किया। महिला वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि निरंकारी मिशन का मुख्य उद्देश्य ब्रहम को पाना एवं भ्रम को मिटाना है। मिशन सतगुरु माता सुदिक्षा के सानिध्य में इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

### विश्व संवाद केंद्र ने मनाई देवर्षि नारद की जयंती



**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन में पहली बार विश्व संवाद केंद्र शिमला के तत्वावधान में देवर्षि नारद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर एमएस पंवार ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट सोलन के चेयरमैन डॉ. बीएस पंवार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की,जबकि रिटायर डीपीआरओ बलवीर सिंह ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. वाइएस परमार यूनिवर्सिटी नौणी के डीन कॉलेज ऑफ फॉरेस्ट्री डॉ. मनीष मुख्य वक्ता रहे। इस मौके पर बोलते हुए मुख्यातिथि डॉ. बीएस पंवार ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण है। मनुष्य जिस समाज में और जिस वातावरण में रहता है, वह उस बारे जानने को उत्सुक रहता है। अपने आसपास घट रही घटनाओं के बारे में जानकर उसे एक प्रकार के संतोष, आनंद और ज्ञान की प्राप्ति होती है। देवर्षि नारद को सृष्टि का पहला पत्रकार भी कहा जाता है। इसलिए पत्रकारिता में व्यापकता, नवीनता, असाधारणा, सत्यता व प्रमाणिकता, प्रभावशीलता, सपष्टता होना जरूरी है।

# भयुंखरी की बिरोजा फैक्टरी में आग लगने से लाखों का नुकसान

## फैक्टरी का एक हिस्सा जलकर राख, एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ उपमंडल के पहाड़ी हलके रामशहर के भयुंखरी गांव में हरी चेतना रोजन बिरोजा फैक्टरी में भीषण अग्निकांड का मामला सामने आया है।

रविवार दोपहर करीबन 12 के आसपास फैक्टरी में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने फैक्टरी के एक हिस्से में बने बेस्ट टैंक को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया और स्थानीय लोगों की ओर से खुद ही आग को बुझाने की कोशिश की और साथ में दमकल विभाग नालागढ़ को भी आग की घटना को लेकर सूचित किया गया। नालागढ़ से घटनास्थल की दूरी 25 किलोमीटर से अधिक है, ऐसे में पहाड़ी एरिया होने के चलते फायर डिपार्टमेंट की गाड़ी करीबन एक घंटे में पहुंची और इस दौरान आग भयानक रूप से फैल गई थी। दमकल विभाग की टीम में करीबन 1 घंटे की कड़ी मशकत के बाद आग पर तो काबू पा लिया, लेकिन आग लगने के कारण फैक्टरी का एक हिस्सा जलकर राख हो गया है। फिलहाल इस अग्निकांड की घटना में किसी का जानी नुकसान नहीं हुआ। लेकिन आग लगने के कारण फैक्टरी मालिक को लाखों के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल दमकल विभाग के अधिकारी आग के कारण हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं।



बिरोजा उद्योग में लगी आग।

### जानी नुकसान नहीं

दमकल अधिकारी जयपाल ठाकुर ने बताया कि उन्हें तकरीबन 12 बजे इस घटना के बारे में पता चला, तो जैसे ही इस घटना के बारे में पता चला तो वह अपनी टीम को लेकर मौके के लिए रवाना हो गए, लेकिन रास्ता छोटा और पहाड़ी हलका होने के कारण उन्हें जाते-जाते ही डेढ़ घंटा लग गया। उन्होंने मौके पर पहुंचते ही 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। उनका कहना है कि इस आगजनी की घटना में किसी कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन फैक्टरी को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# ट्रकों के लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस काम न करने से नहीं बन पा रहे नेशनल परमिट

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

वाहनों में लगे व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस (वीएलटी) काम न करने से वाहन चालकों के ट्रक बॉर्डर पर बिना परमिट के खड़े हो गए हैं। अप्रैल माह में भी यह वाहन वीएलटी में तकनीकी खराबी आने से ऐसा हुआ था, अब दूसरी बार वह वीएलटी काम नहीं कर रही है।

इसके काम न करने से वाहनों के नेशनल परमिट नहीं बन रहे हैं। कई वाहन चालकों ने कंपयिनों से माल भरकर यहां से रवाना कर दिया, लेकिन वीएलटी काम न करने से ट्रकों के एनपी परमिट नहीं बन पाए। अब यह ट्रक बिना परमिट के बाहरी राज्यों के बॉर्डर पर खड़े हैं। नालागढ़ ट्रक यूनियन के करीब तीन दर्जन से अधिक ट्रकों को यह परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन ट्रकों के एनपी परमिट समाप्त हो गए हैं, जब ट्रक संचालक एनपी परिमट बनाने गए, तो सोफ्टवेयर ने उनका परमिट वीएलटी के चलते नहीं उठाया है, अब हालात यह है कि एक दर्जन से अधिक ट्रक यहां पर माल लेकर बाहरी राज्यों को चले तो गए थे, लेकिन परमिट समाप्त होने पर बीच में ही लटक गए हैं। नालागढ़ नगर परिषद के पार्षद अमरेंद्र सिहं भिंडर, बलजीत कौर, राज कुमार आदि ने बताया कि उनके ट्रक बिना काम से पिछले एक चार दिन बॉर्डर पर खड़े हैं। वीएलटी डिवाइस काम न करने से यह दिक्कत आई है। उनके अलावा कई वाहन चालकों को यह दिक्कत आ रही है। ट्रक संचालक गौरव कौशल ने बताया कि वीएलटी डिवाइस कंपनियां मुंबई व दिल्ली में बैठकर काम कर रही हैं। बीबीएन में हजारों वाहन चालक उनके ग्राहक हैं। इन कंपनियों ने यहां पर अपने डिवाइस तो बेच दिए, लेकिन सर्विस देने के लिए कोई भी कर्मचारी नहीं है।

### मामला ध्यान में नहीं

उधर, परिवहन विभाग के निदेशक डीसी नेगी ने बताया कि यह मामला उनके ध्यान में नहीं है। वह शीघ्र ही इसकी छानबीन करवाएंगे और इसे जल्द ही इसे सुचारु करवाया जाएगा, जिससे वाहन चालको को परेशानी न हो।

# चिट्टा सप्लायर पिता की गिरफ्तारी के बाद अंडरग्राउंड बेटे को पुलिस ने दबोचा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

चंडीगढ़ से जुड़े चिट्टा सप्लायर के दूसरे बेटे को भी सोलन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पिता अपने दोनों बेटों के साथ मिलकर हिमाचल के युवाओं की नसों में नशे के जहर की आपूर्ति कर रहा था। गिरफ्तार किए गए 22 वर्षीय युवक को पुलिस ने अदालत में पेश करने के बाद उसकी तीन दिन की पुलिस रिमांड हासिल कर ली।

युवक का बड़ा भाई व पिता पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कुल मिलाकर इस रैकेट से जुड़े आठ लोगों को अभी तक पुलिस सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। मामला खुला तो पता चला कि शिमला के बालूगंज थाने के अंतरगत जताग में चिट्टा की अत्यधिक कजंपशन के कारण मौत का शिकार हुए युवक को भी इसी युवक व इसके एक अन्य साथी ने चिट्टा बेचा था। बालूगंज पुलिस ने दोनों की कस्टडी ट्रांसफर करवाई है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि इसी वर्ष 12 मार्च को धर्मपुर पुलिस की टीम ने कसौली



निवासी 29 वर्षीय अभिषेक व सोलन निवासी 30 वर्षीय रजत शर्मा को 9.29 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों से पूछताछ के बाद पुलिस ने 17 मार्च को इस चिट्टे के सप्लायर आरोपी चंडीगढ़ निवासी कपिल देव चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया था। कपिल पिछले 5 सालों से चिट्टा की तस्करी में संलिप्त था और अपने दो बेटों के साथ मिलकर हिमाचल में चिट्टा तस्करी कर रहा था। उसका बेटा दिशांत इस अभियोग में सह अपराधी था, लेकिन पिता की गिरफ्तारी के बाद वह अंडरग्राउंड हो गया। इसी क्रम में कार्रवाई करते हुए 25 मई को धर्मपुर पुलिस टीम ने दिशांत को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। उसे आज अदालत में पेश किया गया जिसे अदालत ने तीन दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है।

# 14,500 लीटर लाहन की नष्ट

**पांवटा साहिब।** सहायक आयुक्त राज्य कर व आबकारी संदीप अत्री ने बताया कि उन्होंने व उनकी टीम ने पांवटा साहिब में पड़ने वाले खारा वन क्षेत्र में 14,500 लीटर लाहन जब्त कर लाहन और भट्टियों को नष्ट कर दिया। उनकी टीम में राज्य कर व आबकारी अधिकारी, शशिकांत, प्रेम राज नेगी, सन्नी वर्मा, राम पाल, श्याम सिंह, सतवीर सिंह चपड़ासी तथा वाहन चालक ओम प्रकाश व राकेश शामिल थे।

टीम ने घने वन क्षेत्र में 14 किलोमिटर तक तलाशी अभियान चला कर पांच अलग-अलग स्थानों पर 14,500 लीटर लाहन का पता लगाया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख 50 हजार रुपए है। टीम के पहुंचने से पहले अपराधी मौके से भाग गए थे इसलिए उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा सका। विभाग लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान शराब के ऐसे किसी भी गैर कानूनी उत्पादन, कब्जे और परिवहन पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

# लोकतंत्र में मतदान के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

निर्वाचन विभाग के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठमाध्यमिक पाठशाला पीरन व चीखर, हाई स्कूल धाली तथा मिडल स्कूल ट्रहाई में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नोडल अधिकारी बसंत शर्मा, सुरेश दत्त और नीरज महाजन ने स्कूली बच्चों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी।

18 वर्ष व इससे अधिक आयु वर्ग के हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए, जिससे एक मजबूत सरकार बनती है। नोडल अधिकारियों ने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां पर जनता द्वारा चुनकर सरकार का गठन किया जाता है। इसी कड़ी में प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में स्वीप कार्यक्रम के तहत बच्चों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व बारे जानकारी दी जा रही है, ताकि बच्चों के माध्यम से यह संदेश हर घर तक पहुंच सके।



स्वीप कार्यक्रम के तहत धाली, पीरन, ट्रहाई और चीखर में स्टूडेंट्स को जागरूक करते हुए।

### गीत-संगीत से बताया मतदान का महत्व

**सोलन।** लोकसभा चुनाव-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के दृष्टिगत जिला सोलन में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में सूचना एवं जन संपर्क विभाग की टीम की ओर से जिले के विभिन्न स्थानों पर गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को एक जून, 2024 को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित एवं जागरूक किया जा रहा है।इस दौरान जिला प्रशासन व निर्वाचन विभाग की ओर से तैयार मतदाता जागरूकता गीत 'आसा सभी वोट पाणे बोलो जाणा', 'वोट करें मतदान करें, सब लोग' आदि के माध्यम से लोगों से शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपील की गई।

### प्रथम जून को अवश्य करें मत का उपयोग

**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) टीम ने पलानिया पंचायत और बथालंग स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता एसडीएम अर्की यादविंदर पाल ने की। अर्की विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं प्रथम जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में अपने मत का उपयोग अवश्य करें।

# हेल्थ इज वेल्थ

**मौसम** विभाग के मुताबिक प्रदेश के अधिकांश भागों में इन दिनों लू चलने के हालात बने हुए हैं। लू यानी गर्म हवाएं चलने पर गर्मी और धूप से बचाव के साथ कई बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है। नहीं तो लापरवाही घातक साबित हो सकती है। सोलन के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एनके गुप्ता ने लू चलने की स्थिति में आवश्यक बातों और बचाव को लेकर परामर्श दिया है। उनका कहना है कि लू कि चपेट में आने की स्थिति में त्वचा पर लाल चकता, सूजन, फफोले, बुखार, सिरदर्द आदि हो सकते हैं। ऐसे में प्रभावित व्यक्ति को बार-बार नहलाए। यदि फफोले निकल आएं हों, तो स्टरलाइज/ड्रेसिंग करें और चिकित्सक का परामर्श लें। ताप के कारण शारीरिक ऐंठन पैरों, पेट की मांसपेशियों अथवा शरीर के बाहरी भागों में तकलीफ, शरीर में ऐंठन और अत्यधिक पसीना आना प्रभावित को छायादार स्थल पर तत्काल ले जाएं। ऐंठन वाले शरीर के भाग को जोर से दबाए तथा धीरे-धीरे सहलाएं।

## लू में शीतल पेय और छाछ लाभकारी



### लू से बचाव और सावधानी

**लू** से बचाव के लिए पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से दोपहर 3 बजे के बीच धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने से पहले तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें।



प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

### ठंडे एवं गीले कपड़े से स्पंजिंग करें

**डॉ.** एनके गुप्ता के मुताबिक प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उल्टी आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पर ले जाएं। अत्यधिक थकावट एवं शारीरिक खिचाव अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी महसूस होना, शरीर गीला और ठंडा होना तथा पीला पड़ जाना, सिर दर्द, नब्ज कमजोर पड़ जाना, मूर्छित हो जाना। प्रभावित को छायादार स्थल पर लिटा कर शरीर पर ठंडे एवं गीले कपडे से स्पंजिंग करें। संभव हो तो उन्हें वातानुकूलित कमरे में ले जाएं। प्रभावित को शीतल जल, छाछ अथवा पना पिलाएं। यदि उबकाई आ रही हो, तो शीतल पेय पिलाना बंद कर दें तथा प्रभावित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केंद्र पर ले जाएं।



डॉ एन.के गुप्ता

**गुर्दे** की पथरी के लिए इलेक्ट्रो होम्योपैथिक उपचार है। गुर्दे की पथरी के लिए बर्बेरिस वल्गेरिस की उपस्थिति के कारण सबसे प्रभावी इलेक्ट्रो होम्योपैथिक दवा है। पथरी को नष्ट करने के लिए भी अत्यधिक लाभकारी है। सही निदान और अपने स्वभाव के लिए सही दवा के लिए इलेक्ट्रो होम्योपैथी में विशेषज्ञता वाले डॉ. से मिलने की हमेशा सलाह दी जाती है ताकि आपको तुरंत राहत मिल सके। पथरी रोग के उपचार को लेकर इलेक्ट्रोहोम्यपैथी विशेषज्ञ एवं शोधकर्ता डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि पानी की अच्छाई से सभी परिचित हैं। एक और तरल पदार्थ जिस पर ध्यान देना चाहिए वह नारियल पानी है। नारियल पानी अपने स्वास्थ्य लाभों से आपका मुंह खुला का खुला रख देगा। छोटे बच्चों से लेकर गर्भवती महिलाओं से लेकर बुजुर्ग लोगों तक, हर कोई बिना किसी तनाव के नारियल पानी पी सकता है (जब तक कि डॉ. की सलाह पर इससे बचने के लिए न कहा जाए)। नारियल पानी का मीठा, अखरोट जैसा स्वाद वास्तव में बहुत सुखदायक है, जो चिलचिलाती गर्मियों में एक बड़ी राहत है।

## गुर्दे की पथरी का इलेक्ट्रो होम्योपैथिक उपचार



### नारियल पानी का स्वास्थ्य पर प्रभाव

#### कम कैलोरी वाला पेय

नारियल पानी प्रसंस्कृत फलों के रस, वातित पेय और पेय पदार्थों का एक आदर्श और स्वस्थ विकल्प है। नारियल पानी के कुछ आश्चर्यजनक स्वास्थ्य लाभों में शामिल हैं।

#### त्वचा की उम्र को बढ़ने से रोकता है

**साइटोकिन्स** और लॉरिक एसिड को एंटी-एजिंग गुणों के लिए जाना जाता है। ये त्वचा का पीएच संतुलन बनाए रखते हैं। नारियल पानी लॉरिक एसिड और साइटोकिन्स का एक समृद्ध स्रोत है। जैसा कि अपेक्षित था, नारियल पानी त्वचा की प्राकृतिक चमक को बहाल करने में मदद करता है। नारियल का पानी त्वचा को काफी पोषण देता है और उसे रैशेज और त्वचा के संक्रमण से बचाता है।

#### डिप्रेशन में लाभदायक

**राइबोफ्लेविन,** पैथोजेनिक एसिड और थायमिन ट्रिपल हीलिंग विटामिन हैं जो किसी व्यक्ति में डिप्रेशन और तनाव को कम करने में मदद करते हैं। इन महत्वपूर्ण विटामिनों की उपस्थिति के साथ, नारियल पानी आपके मूड और स्फूर्ति को सहजता से बेहतर कर देगा।



डॉ. संजीव शर्मा

#### वजन प्रबंधन

**कम** कैलोरी वाला पेय होने के कारण, नारियल पानी उन लोगों के लिए एक स्वस्थ विकल्प है जो आहार पर हैं और कुछ अतिरिक्त किलो वजन कम करना चाहते हैं।

प्रस्तुति : एमएम डैनियल, चंबा

#### पाचन में सुधार व निर्जलीकरण

**नारियल** पानी फॉस्फेट, डायस्टेस, फोलिक एसिड और अन्य एंजाइमों का एक उत्कृष्ट स्रोत है जो भोजन के पाचन में सहायता करता है। पेचिश, दस्त या हैजा का परिणाम से पीड़ित व्यक्ति को नारियल पानी से अत्यधिक लाभ हो सकता है। नारियल पानी शरीर में खोए हुए इलेक्ट्रोलाइट और प्लाज्मा संतुलन को बहाल करने का काम करता है।

#### मजबूत और स्वस्थ रहेंगी हड्डियां

**कैल्शियम** का एक उत्कृष्ट स्रोत, नारियल पानी आपकी हड्डियों को मजबूत और स्वस्थ रखेगा।

#### गुर्दे की पथरी अतीत की बात

**गुर्दे** की पथरी की समस्या से प्राकृतिक तरीके से निपटना वास्तव में एक अच्छी खबर है। नारियल पानी में पोटैशियम भरपूर मात्रा में मौजूद होता है. इस प्रकार, यह न केवल गुर्दे की पथरी को घोलने में मदद करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि गुर्दे की पथरी की पुनरावृत्ति न हो।



**जोगिंद्रनगर** के बाजार में भी प्राकृतिक फल काफल ने दस्तक दे दी है। इस बार काफल बाजार में लगभग 15 से 20 दिन देरी से पहुंचा है। वर्तमान में काफल 400 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। काफल बेचने वाले अजय कुमार, कपिल देव, प्रकाश कुमार का कहना है कि इस बार मौसम की ठंडक देरी तक रहने तथा ओलावृष्टि, तेज हवा इत्यादि के चलते काफल की फसल भी कम हुई है। भले ही काफल का फल वर्ष में महज एक से डेढ़ महीने के लिए ही उपलब्ध रहता है, लेकिन कई लोगों के लिए प्रत्येक वर्ष यह अतिरिक्त आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत भी रहता है। वैसे तो काफल जोगिंद्रनगर के आसपास काफी मात्रा में होता है, लेकिन वे काफल को मंडी के चैलचौक से लाकर यहां बेच रहे है। इसके अलावा काफल निकलने के लिए कड़ी मेहनत करने पड़ती है। पेड़ से गिरने का भी खतरा रहता है। काफल एक प्राकृतिक फल होने के साथ-साथ औषधीय गुणों से भरपूर है तथा इसका सेवन शरीर के लिए बहुत लाभदायक होता है। आयुर्वेद में काफल के कई औषधीय गुणों का वर्णन मिलता है। जिस व्यक्ति को मधुमेह की समस्या हो उसके लिए भी काफल फायदेमंद है।

## औषधीय गुणों से भरपूर है काफल



### ब्लड प्रेशर के साथ मोटापा भी कंट्रोल करता है यह लाल फल

**काफल** एक पहाड़ी फल है जिससे सेहत को खूब लाभ मिलते हैं। आइए जानते हैं कैसे यह बीपी और मोटापे को कंट्रोल कर सकता है। गर्मियों में एक से बढ़कर एक फल बाजार में बिकते हैं जैसे लीची जामुन आम, तरबूज आदि। इन फलों को खाने से जहां स्वाद आता है वहीं इससे सेहत को भी लाभ मिलते हैं, ऐसा ही एक और फल है जिसका नाम है काफल यह एक पहाड़ी फल है इसे पहाड़ों का राजा कहा जाता है। गर्मियों में इस फल की खूब डिमांड होती है वैसे तो काफल फल खाने से काफी फायदे हैं। इसमें बायोएक्टिव कंपाउंड होते हैं। इसमें कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है, जो कि इसे स्नैकिंग के लिए स्वस्थ विकल्प बनाता है। इसमें आहार फाइबर होता है। फाइबर की वजह से पाचन भी स्वस्थ होता है। इन सभी पहलुओं को देखते हुए कहा जाता है कि जो लोगवेट लॉसकरना चाहते हैं उन्हें अपनी डाइट में काफल फल शामिल करना चाहिए। वहीं इसमें विटामिन सी की भी मात्रा होती है जो मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है और फैट तेजी से बर्न करता है। यदि आप हाई बीपी के मरीज हैं तब भी आप काफल फल खा सकते हैं। खूबसूरत नजर आने वाला काफल फल एंटीऑक्सीडेंट का खजाना है। इसमें कई सारे पोषक तत्व हैं। इनमें से एक है पोटेशियम जो ब्लड वेसल्स को चौड़ा करने में मददगार है। पोटेशियम धमनियों को सख्त होने से रोकने में मदद कर सकता है, जिससे ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रखने में मदद मिलती है। हालांकि एक्सपर्ट का कहना है कि वजन घटाना हो या बीपी को कंट्रोल करना हो आपको सही लाइफस्टाइल और सही खानपान को फॉलो करना जरूरी है,सिर्फ एक फल को इसका विकल्प मानना सही नहीं है।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर में साइकिल रैली 29 मई को

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर में पहली जून को होने वाले लोक सभाचुनाव में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत में लोगों को जागरूक करने के लिए 29 मई शाम 4:30 बजे साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश निर्वाचन आयोग की ओर से हिमाचल के सभी जिलों में साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है, ताकि लोगों को प्रेरित कर शत प्रतिशत लोग पहली जून को होने वाले मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके। बिलासपुर शहर में 29 मई को शाम 4:30 बजे कार्यालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। साइकिल रैली में भाग लेने वाले बिलासपुर शहर के इच्छुक लोग 28 में शाम पांच बजे अपना रजिस्ट्रेशन 6230956064 या 98058 77676 नंबर पर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले 30 इच्छुक लोग जो इस रैली में भाग लेने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराएंगे उन 30 लोगों को निर्वाचन विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता शर्ट दिया जाएगा।

### दीपेश पांगटा को ब्लैक बेल्ट से किया सम्मानित

**रिकांगपिओ।** चंडीगढ़ के एमराल्ड मार्शल आर्ट्स अकादमी द्वारा वर्ष 2024 - 2025 का अंडर 14 वर्ग में मुख्य कार्यालय पंचकूला सेक्टर 12 में ब्लैक बैल्ट सेरेमनी आयोजित किया गया। इसमें मास्टर शिवराज घरती सिक्स्थ डेन ब्लैक बैल्ट ने दीपेश पांगटा पुत्र राज किशोर व सुनैना गांव शुद्धारंग, तहसील कल्पा, जिला किन्नौर को ब्लैक बैल्ट से सम्मानित किया। दीपेश ने इससे पहले भी राज्य, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीत कर अपने परिवार व गांव का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर दीपेश ने इन सब का श्रेय अपने गुरु, माता-पिता तथा नाना नानी को दिया। माता-पिता भी अपने बेटे की इस उपलब्धि से बहुत खुश है। दीपेश पांगटा ने कहा कि अपने स्वास्थ्य को तंदुरुस्त रखने के लिए हमें किसी भी खेल में भाग लेना चाहिए व नशे से दूर रहना चाहिए। वही, खेलकूद के साथ-साथ हमें अपने पढ़ाई में विशेष ध्यान देना चाहिए।

### हिसार के प्रीति पहलवान ने जीती बड़ी माली

**बिलासपुर।** ग्राम पंतरेड में ग्रामीणों के आपसी सहयोग व एकजुटता ने विशाल कुश्ती प्रतिस्पर्धा का आयोजन करवाया। आयोजन में बिलासपुर जिले के प्रमुख व्यवसाई व समाजसेवी अशोक ठाकुर ने बतौर समापन मुख्यातिथि शिरकत की वहीं कुश्तियों का शुभारंभ सेवानिवत्त वारंट अफसर वायु सेना लेखराम शर्मा निवासी झंडोल ने किया। मुख्यातिथियों ने विजेता पहलवानों को पुरस्कृत किया। वहीं, बड़ी माली में हिसार के प्रीति और हरियाणा के जितेंद्र पहलवान के बीच हुए रोचक मुकाबले में प्रीति ने अपने प्रतिद्वंदी को पटकनी देते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं, छोटी माली में साहिल दिल्ली ने बाजी मारी। बड़ी माली के विजेता रहे पहलवान को 36000 रुपए के साथ गुर्ज व उपविजेता को 25000 रुपए की सम्मान राशि से सम्मानित किया। वहीं, छोटी माली के विजेता को 6000 रुपए और उपविजेता को 5000 रुपए बतौर पुरस्कार दिए। दंगल के सफल आयोजन के लिए प्रधान सुरेंद्र कुमार व दंगल कमेटी ने सभी का आभार प्रकट किया।

### डीएवी स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

**रिकांगपिओ।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल रिकांगपिओ में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के मूल्यों को बनाए रखने के प्रति छात्र निकाय के समर्पण और प्रतिबद्धता का एक प्रमाण था। अलंकरण समारोह में पूर्व छात्र एवं एलएमसी सदस्य मोहन नेगी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित हुए। समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। मुख्यातिथि मोहन नेगी और प्राचार्य राकेश कुमार ने संकाय सदस्य और हैड बॉय, हैड गर्ल, चारों सदनों के कप्तान, उपकप्तान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों को निर्धारित कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ पालन करने बारे शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित छात्रों ने अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा के साथ पालन करने का आश्वासन दिया। समारोह का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

### लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**बिलासपुर।** डॉ. भीम राव अंबेडकर युवक मंडल बैरी दड़ोला के सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। मतदान जागरूकता अभियान के पहले दिन गुरुकुल तकनीकी संस्थान बिलासपुर मे युवाओं और युवतियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। युवक मंडल के प्रधान मुनिश कुमार ने बताया कि मतदान एक नागरिक का अधिकार है। साथ ही यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकारें बदल सकती हैं, देश का विकास हो सकता है और समाज में बदलाव आ सकता है। इसलिए, सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए और अपने देश के विकास में योगदान देना चाहिए मतदान का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। यह अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किया गया है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं। ये प्रतिनिधि हमारी सरकार बनाते हैं और हमारे देश का शासन करते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने देश के विकास में योगदान दें।

### 'चाहे कोई भी हो मजबूरी, वोट डालना है जरूरी'

**जुन्गा (शिमला)।** निर्वाचन विभाग के सौजन्य से मशोबरा ब्लॉक के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीरन व चीखर, हाई स्कूल धाली तथा मिडल स्कूल ट्रहाई में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें नोडल अधिकारी बसंत शर्मा, सुरेश दत्त और नीरज महाजन ने स्कूली बच्चों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व बारे जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष व इससे अधिक आयु वर्ग के हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इससे एक मजबूत सरकार बनती है। नोडल अधिकारियों ने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है जहां पर जनता द्वारा चुनकर सरकार का गठन किया जाता है। इसी कड़ी में प्रत्येक शिक्षण संस्थानों में स्वीप कार्यक्रम के तहत बच्चों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व बारे जानकारी दी जा रही है, ताकि बच्चों के माध्यम से यह संदेश हर घर तक पहूंच सके। इस मौके पर बच्चों ने, चाहे कोई भी हो मजबूरी- वोट डालना है जरूरी के नारे लगाकर लोगों को मतदान करने का संदेश दिया। बीएलओ राहुल शर्मा ट्रहाई, सत्यानंद धाली, नीरज शर्मा पीरन और बीएलओ नेकराम चीखर ने बच्चों को मतदान के महत्व बारे जानकारी दी।

### पूर्व उपप्रधान ने थामा कांग्रेस का दामन

**रोहडू।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मंजीत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पूर्व उपप्रधान ग्राम पंचायत कलोटी के ईश्वर देव शर्मा ने अपने परिवार व समर्थकों सहित कांग्रेस पार्टी का दामन थामा हैं। मंजीत सिंह ठाकुर ने पटका पहनाकर उनका कांग्रेस पार्टी में हार्दिक स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि उनका व समर्थकों का कांग्रेस परिवार में पुरा मान सम्मान रखा जाएगा। इस अवसर पर मंजीत सिंह ठाकुर के साथ कांग्रेस मंडल रोहडू के पदाधिकारी राजेश ठाकुर, डॉ. आगर दास, मुकेश ठाकुर, विन्नी ठाकुर, हैप्पी ठाकुर, सुरजीत सिंह कुल्हा, सुखदेव ठाकुर व भूमि देव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# वीकेंड पर पर्यटकों से गुलजार हुआ शिमला

## होटलों में ऑक्यूपेंसी 80 प्रतिशत बढ़ी; कारोबारियों के खिले चेहरे, रिज मैदान और कुफरी में लगा पर्यटकों का तांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

वीकेंड पर राजधानी शिमला में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी है। होटलों में रविवार को ऑक्यूपेंसी 80 प्रतिशत बढ़ गई है। ऐसे में होटल कारोबारियों के भी चहरे खिल गए हैं। पर्यटक रिज मैदान, कुफरी सहित मालरोड में घूमने का आनंद उठा रहे है।

वहीं, शिमला में वाहनों की भी काफी संख्या बढ़ चुकी है। शिमला में बहुत से लोग परिवार के साथ शिमला घूमने पहुंच रहे हैं। वहीं, शिमला में सैलानियों की भारी संख्या के शिमला के पर्यटन कारोबारी खुश है। पिछले वर्ष जहां पर्यटन सीजन में मंदी के कारण सैलानियों को मायूस होना पड़ा था, तो वहीं इस बार पर्यटन कारोबारी खुश है। पिछले कुछ दिनों से हर सप्ताह पर शिमला में सैलानियों की काफी संख्या में शिमला पहुंच रहे हैं। पर्यटक न सिर्फ राजधानी बल्कि शिमला के साथ लगते अन्य पर्यटन क्षेत्रों कुफरी, नालदेहरा और नारकंडा में भी सैलानियों की काफी भीड़ है। ऐसे में पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारियों को इस बार राहत मिली है। खासकर पंजाब, हरियाणा और दिल्ली से काफी संख्या में सैलानी शिमला पहुंच रहे हैं। सड़कों पर पुलिस तो तैनात होती है, लेकिन वह भी लगते जाम का कुछ नहीं कर पा रही है।


रिज पर घूमने का आनंद लेते पर्यटक


पर्यटक बढ़ने से शिमला में लगा जाम।

### शहर में जाम ही जाम, लोग तंग

**शहर** में पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ वाहनों की संख्या भी बढ़ चुकी है। ऐसे में शहर में जाम की समस्या भी विक्राल हो चुकी है। लोगों को मिनटों का सफर घंटों में तय करना पढ़ रहा है। इस बार प्रशासन भी जाम से निजात दिलाने के लिए कुछ सख्त कदम उठाते नजर नहीं आ रहा है।

### पहाड़ों का रुख कर रहे पर्यटक

**मैदानी** क्षेत्रों में इन दिनों काफी ज्यादा गर्मी हो चुकी है। ऐसे में पर्यटक पहाड़ी क्षेत्रों का रुख कर रहे है। अभी 30 तक मौसम साफ रहेगा। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेंगी। मौसम विभाग के मुताबिक 30 मई के बाद बारिश की संभावना है।

### ज्ञाबुंग में खेलकूद प्रतियोगिता आठ से

**रिकांगपिओ।** आठ जून से 16 जून तक यंग स्पोर्ट्स क्लब सुन्नम द्वारा ज्ञाबुंग के हेलिपैड ग्राउंड में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें क्रिकेट के अलावा वॉलीबाल, रस्साकस्सी, कैरम और लोकनृत्य प्रतियोगिता भी रखा गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए 5500 एंट्री रखा गया है और इनाम के रूप में प्रथम आने वाले को आकर्षक ट्रॉफी के साथ 101010 रुपए नकद राशि दिया जाएगा। द्वितीय स्थान हासिल करने वाले को 50050 रुपए व ट्रॉफी दिया जाएगा इसके अलावा लोकनृत्य प्रतियोगिता निशुल्क होगा और प्रथम आने वाले को 25000 रुपए के साथ ट्रॉफी और द्वितीय स्थान पर आने वाले को 13000 रुपए के साथ एक ट्रॉफी दिया जाएगा।

# मैदानी इलाकों का पारा चढ़ते ही घुमंतू गुज्जरों ने किया पहाड़ी क्षेत्रों का रुख


डेरा डाले हुए घुमंतू गुज्जर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

मैदानी इलाकों में पारा बढ़ने के साथ ही घुमंतू गुज्जरों ने पहाड़ी क्षेत्रों का रूख कर दिया है। इस समुदाय का कोई स्थाई ठिकाना नहीं है फिर भी यह समुदाय अपने व्यवसाय से प्रसन्न है।

जब पहाड़ों पर बर्फ एंव अत्यधिक सर्दी आरंभ होने पर यह घुमंतू गुज्जर अपने परिवार व मवेशियों के साथ मैदानी क्षेत्रों में चले जाते हैं और गर्मियों के दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पहूंच जाते है। सबसे अहम बात यह है कि इस समुदाय के लोगों को बेघर होने का कोई खास मलाल नहीं है। आधुनिकता की चकाचैंध से कोसों दूर घुमंतू गुज्जर वर्ष भर भैंस के जंगल-जंगल घुमकर कठिन व संघर्षमय जीवन यापन करते हैं। बता दें कि गर्मियों के दिनों घुमंतू गुज्जर समुदाय के लोग नारकंडा, चांशल और चूड़धार के जंगलों में रहते हैं। जबकि सर्दियों के दौरान नालागढ़, बददी, पांवटा, दून और सिरमौर जिला के धारटीधार क्षेत्र में चले जाते हैं ।

### खुले मैदानों में रात बिताना मुश्किल

**मवेशियों** को लेकर नारकंडा जा रहे शेखदीन व कमलदीन गुज्जर ने बताया कि आजादी के 75 वर्ष बीत जाने पर भी किसी भी सरकार ने उनके संघर्षमय जीवन बारे विचार नहीं किया और भविष्य में उम्मीद भी नहीं है। इनका कहना है कि दो जून की रोटी कमाना उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है । दूध, खोया, पनीर इत्यादि बेचकर यह समुदाय रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करता है। शेखदीन का कहना है कि विशेषकर बारिश होने पर खुले मैदान में बच्चों के साथ रात बिताना बहुत कठिन हो जाता है।

### आपदाओं का सामना करना आसान नहीं

**कमलदीन** का कहना है कि अनेक बार जंगलों में न केवल प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है। बल्कि जंगली जानवरों से जान बचाना मुश्किल हो जाता हैं। जंगलों में बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा इत्यादि सुविधाएं न होने के बावजूद भी इस समुदाय ने किसी सरकार के समक्ष अपनी समस्या नहीं रखी। वहीं, उनके बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं । हालांकि कुछ गुज्जरों को सरकार ने पट्टे पर जमीन अवश्य दी है परंतु अधिकांश गुज्जर घुमंतू ही है।

# त्रिलोक जम्वाल ने कांग्रेस पर किया तीखा हमला

## नुक्कड़ सभाओं के दौरान विधायक ने कांग्रेस पर लगाए झूठ बोलने के आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**


कार्यकर्ताओं के साथ विधायक त्रिलोक जम्वाल सामूहिक चित्र में।

बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने कांग्रेस पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस नेताओं में झूठ बोलने की प्रतियोगिता चल रही है। सिरमौर के नाहन में रविवार को आयोजित चुनावी रैली में राहुल गांधी महिलाओं के खाते में 8500 रुपए डालने का वादा कर गए। ऐसा वादा करके हंसी का पात्र बनने के बजाए उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत कांग्रेस के अन्य नेताओं से पूछ लेना चाहिए था कि विधानसभा चुनाव में महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की गारंटी का क्या हुआ। कांग्रेस नेताओं को पहले ही अहसास हो चुका है कि इंडी गठबंधन करारी शिकस्त झेलने जा रहा है। लिहाजा वे चुनाव में लोगों को गुमराह करने के लिए आसमान से तारे तोड़कर लाने जैसे वादे कर रहे हैं।

रविवार को निचली भटेड़, कंदरौर, बेनला-ब्राह्मणा, चांदपुर व बल्ह-भलवाणा पंचायतों में नुक्कड़ सभाओं में त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि वोट बटोरने के लिए झूठ बोलना शुरू से ही कांग्रेस की फितरत रही है। हिमाचल के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की गारंटी दी थी। डेढ़ साल बीत गया, लेकिन महिलाओं के पर्स खाली ही रह गए।

यह झूठी गारंटी कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेताओं ने दी थी। चूंकि उनमें झूठ बोलने की प्रतियोगिता चल रही है, लिहाजा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं से इससे बड़ी झूठी गारंटी की ही उम्मीद थी। नाहन रैली में राहुल गांधी ने वैसा ही किया। वह महिलाओं के खाते में 8500 रुपये डालने का वादा कर गए। लगता है कि मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस के अन्य नेताओं ने उन्हें दूध और गोबर की गारंटी याद नहीं दिलाई होगी। यदि वे उनसे इस बारे बात करते तो शायद वह दूध 500 रुपए प्रति लीटर और गोबर 50 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदने का वादा भी कर जाते। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। जनता का विश्वास जीतने के लिए ईमानदारी से काम करना पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 वर्षों में अपनी कार्यशैली से लोगों के दिलों में जगह बनाई है। उनके नेतृत्व में पूरे देश के साथ ही बिलासपुर का भी चहुंमुखी विकास हुआ है। एम्स, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज व फोरलेन जैसे बड़े प्रोजेक्ट मोदी सरकार की ही देन हैं। जल्द ही रेल भी बिलासपुर पहुंच जाएगी। यही वजह है कि देश की जनता मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की ठान चुकी है।

# हैंडबाल प्रतियोगिता में हितेन व सुमित ने जीता कांस्य पदक

**शुभम राही, बिलासपुर**



मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की हैंडबाल में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है। गत 14 से 21 तारीख तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में चतुर्थ सेंट्रल ओपन पुरुष वर्ग की हैंडबाल प्रतियोगिता में नर्सरी के हितेन व सुमित ने शानदार खेल की बदौलत कांस्य पदक हासिल किया। हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया द्वारा हिमाचल में बनाई गई हैड होक कमेटी के अध्यक्ष जसबीर बिस्ला ने बताया कि भारतीय पुरुष टीम ने अपने अंतिम मैच में तजाकिस्तान को 43-40 से हरा कर कांस्य पदक हासिल किया।

टीम में बिलासपुर जिले के मोरसिंघी में चल रही हैंडबॉल नर्सरी के दो खिलाड़ियों ने भी भाग लिया इनके बेहतरीन खेल की बदौलत टीम पदक जीत सकी। मोरसिंघी हैंडबाल नर्सरी की संचालिका व हैंडबाल कोच स्नेहलता ने टीम के कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है व उनके दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। भारतीय पुरुष हैंडबॉल टीम के कांस्य पदक जीतने पर, अंदेश्वर पांडे, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला, महासचिव तेजराज सिंह, कोषाध्यक्ष विनय सिंह के साथ कुल्लू से डॉक्टर कर्ण, हैड होक कमेटी के अध्यक्ष जसबीर बिस्ला, मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी की संचालिका व कोच स्नेहलता, सुशील कुमार, श्याम लाल, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी व सीआरपीएफ में कमांडेंट हमीद खान, अजनेश चौहान, रिहान दुबे, कृष्ण कुमार, विनय मेहता, राकेश कुमार, दिनेश कुमार, संजीव कुमार, अधिवक्ता विश्व भूषण शर्मा, रणदीप ठाकुर, दीपक ठाकुर, मोरसिंघी हैंडबॉल नर्सरी अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी शैलजा, शीतल, सुदर्शन, राजेश, विकास, रुपिंद्र, एमएस पटियाल, कर्ण ने टीम सदस्यों, टीम के सहायक कोच मनोज ठाकुर, आर्मी से नरेश, योगेश्वर, आदित्या, रैफरी चंदन को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

# दो माह का वेतन न मिलने से भड़के मिड-डे मील वर्कर्स, हड़ताल करने की दी चेतावनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मिड डे मील वर्करज यूनियन सुन्नी इकाई की बैठक बसंतपूर में आयोजित हुई। बालक राम, पुष्पा शर्मा, शीला देवी, चंपा देवी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मिड-डे मील वर्कर्स को पिछले दो महीने का वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो हड़ताल पर जाएंगे और चुनाव ड्यूटी लगाने पर दिहाड़ी नहीं दी तो ड्यूटी नहीं देंगे। उन्होंने हरियाणा की तर्ज पर सात हजार रुपये वेतन की मांग की।

उन्होंने मांग की है कि हिमाचल उच्च न्यायालय द्वारा मिड-डे मील वर्कर्स को बारह महीने का वेतन देने के का यूनियन ने स्वागत किया है व इसे मध्याह्न भोजन कर्मियों के पंद्रह साल के लंबे न्यायिक संघर्ष की जीत करार दिया है। पंजाब सरकार के मिड डे मील व हिमाचल में आंगनबाड़ी की तर्ज पर 12 से 20 छुट्टियों की सुविधा दी जाए। उन्हें साल में दो वर्दी दी जाए। मल्टी टास्क भर्ती में मिड-डे मील कर्मियों को प्राथमिकता दी जाए। उन्हें अतिरिक्त कार्य का अतिरिक्त वेतन दिया जाए। बंद किए गए स्कूलों में अन्य स्टाफ की तरह मिड-डे मील वर्कर्स को भी दूसरे स्कूलों में समायोजित किया जाए। उनके लिए नौकरी से संबंधित 25 बच्चों की शर्त को हटाया जाए। उनसे चुनाव के समय पोलिंग पार्टी को खाना बनाने का कार्य न करवाया जाए। प्रत्येक स्कूल में अनिवार्य रूप से दो मिड-डे मील वर्कर्स की नियुक्ति की जाए। 45वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश अनुसार मिड डे मील कर्मियों को मजदूर का का दर्जा दिया जाए व उन्हें नियमित किया जाए। वहीं, मोदी सरकार ने मिड-डे मील योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना करके इसे खत्म करके सुनियोजित साज़िश रची है। सरकार मिड-डे मिल योजना में केंद्रीय रसोई घर व डीबीटी शुरू कर रही है जिस से मिड5डे मील कर्मियों की छंटनी तय है। केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लेकर आई है, जिसके चलते बड़े पैमाने पर निजीकरण होगा। यह सब करके भाजपा सरकार मिड-डे मील कर्मियों के रोजगार को खत्म करना चाहती है। प्रदेश में कई स्कूल बंद कर दिए गए हैं व कई मिड-डे मील कर्मियों को नौकरी से बाहर किया जा चुका है। बैठक में सीटू जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, मिड-डे मील यूनियन इकाई अध्यक्ष पुष्पा शर्मा महासचिव शीला देवी कोषाध्यक्ष चंपा देवी, नीलम, निशा, लता, विद्या, अनिल , यशपाल, मनोरमा, मीरा शर्मा, मोहन लाल, चमन शर्मा, सोहन लाल,उषा, सुनीता दयावंती, कमला, कौशल्या, रीता रंजना आदि सैकड़ों मौजूद उपस्थित रहे।

### वर्षों पुरानी बावड़ी का किया जीर्णोद्धार

**घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल मुख्यालय की समीपवर्ती बाड़ी मझेड़वा पंचायत के बाड़ी गांव में ग्रामीणों ने वर्षों पुरानी बंद पड़ी बावड़ी का जीर्णोद्धार किया। बताया जाता है कि वर्षों से बंद पड़ी इस बावड़ी के बंद स्रोतों में अचानक पानी का आभास होने से ग्रामीणों ने इसके जीर्णोद्धार का निर्णय लिया। इसमें सत्य साईं सेवा समिति घुमारवीं ने अहम भूमिका निभाई। रविवार को दिन भर स्थानीय ग्रामीणों के साथ सत्य साई सेवा समिति के सदस्य इसे साफ करने में लगे रहे। इनमें दाता राम ठाकुर, शर्मा ड्राइविंग स्कूल के मालिक शर्मा, यशपाल धर्माणी, सूबेदार बीरी सिंह चंदेल, मदन सिंह, जगतपाल चंदेल, सुखदेव सिंह, निक्काराम राणा, हेमसिंह कजैल, सावित्री देवी ,सुरेश धर्माणी, सुरेंद्र धर्माणी व बाबूलाल धर्माणी आदि भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने सत्य साई सेवा समिति के दाताराम ठाकुर का विशेष आभार व्यक्त किया है। जिनके अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। वहीं पंचायत प्रधान पंकज चंदेल ने बावड़ी में छत का निर्माण कर इसकी दशा सुधारने के लिए धन उपलब्ध करवाने की बात कही है।

### बॉक्सर मोनिका नेगी ने लिया मां हाटेश्वरी माता का आशीर्वाद

**जुब्बल।** अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मोनिका ने रविवार को हाटेश्वरी माता के दरबार में शीश नवाजा और मां का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी ने मोनिका नेगी को मां की चुनरी भी भेंट की और उनका मां के दरबार में स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि मोनिका नेगी रामपुर बुशैहर की रहने वाली है। उन्होंने हाल ही में कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता के एलोर्डा कप में कांस्य पदक अपने नाम कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। उसके बाद मोनिका नेगी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि क्षेत्र के युवाओं को बढ़ते नशे के प्रति एकजुट होते हुए कार्य करना चाहिए।

**कार्यक्रम** शिमला में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने रैली को दिखाई हरी झंडी

# रिज से 'पैडल फॉर डेमोक्रेसी' साइकिल रैली का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनावों के में मतदाता प्रतिशतता बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं।

इसी कड़ी में प्रदेश के दस जिलों में साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान से पैडल फॉर डेमोक्रेसी साइकिल रैली का शुभारंभ मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनीष गर्ग ने कहा कि पहली जून को होने वाले चुनाव में हिमाचल प्रदेश में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना चुनाव आयोग का लक्ष्य है। इसके लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं और मतदाताओं को चुनाव के समय में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक की विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए होम वोटिंग प्रक्रिया 75 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा कि प्रदेश में होम वोटिंग की प्रक्रिया जारी है, जिसमें अब तक 75 प्रतिशत मतदान पूरा हो चुका है। इसमें पिछले कल तक 34 हजार से अधिक लोगों ने घरों से मतदान की सुविधा के तहत मतदान किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अधिकतर लोग बूथ पर जाकर ही मतदान करने की प्राथमिकता दिखाते हैं जबकि 85 वर्ष से अधिक आयु के 50 प्रतिशत बुजुर्गों ने होम वोटिंग की सुविधा को अपनाया है। इसी प्रकार 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले लोगों में भी 25 प्रतिशत मतदाताओं ने ही घर से वोटिंग करना चुना है। मनीष गर्ग ने बताया कि प्रदेश में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और इसी कड़ी में आज प्रदेश के दस जिलों में साइकिल रैली का आयोजन किया गया है।


'पैडल फॉर डेमोक्रेसी' साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते हुए मनीष गर्ग।

# पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने राहुल गांधी पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

इंदिरा गांधी ने आपातकाल के हथियार से संविधान की हत्या की थी। भारतीय जनता पार्टी पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले कल नाहन और मंडी में रैलियां हुई। इसमें एक लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया।

प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों में भारी उपस्थिति ने दिखाया कि उनकी लोकप्रियता कभी भी कम नहीं हो सकती। रविवार को राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की नकल करते हुए नाहन को ही रैली के लिए चुना, लेकिन चौगान मैदान से बहुत छोटा मैदान चुना गया, जिससे भीड़ ज्यादा दिखाई दें। इसके बावजूद, राहुल गांधी ने भाषण में किसी भी कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख नहीं किया, जो कि उनके नेतृत्व की महत्ता को दर्शाता है। वे सिर्फ व्यक्तिगत हमलों और बयानों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सुरेश भारद्वाज ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने संबोधन में लोकतंत्र चौथे स्तंभ मीडिया को भी भरे मंच से गाली दी और मीडिया को बिकाऊ तक बताया जो कि अति निंदनीय है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के लोगों पर अपनी सरकार बचाने के लिए जबरन आपातकाल थोपा था और लोकतंत्र व संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाई थी और आज उनका पोता संविधान और मीडिया को गाली देने का कार्य कर रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस की गांधी परिवार की यह पुरानी आदत है।

